सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 25 जून, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 171, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 158 अंकों की उछाल

मुनाफावसूली का सिलसिला चलने से स्थानीय शेयर बाजार ने सेंसेक्स 158 अंक की बढ़त के साथ 82,055.11 अंक पर बंद हुआ। } 14

## जल्द संपन्न होंगे अमेरिका, यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। } 16

### संक्षेप

## अब तक 3100 भारतीयों को युद्ध क्षेत्र से निकाला



नयी दिल्ली। भारत ने युद्धरत ईरान और इजराइल से मंगलवार को अपने 1,100 से अधिक नागरिकों को निकाला। इसी के साथ भारतीयों को इन दोनों देशों से सुरक्षित निकालने के लिए शुरू किये गए ऑपरेशन सिंधु के तहत अबतक 3,170 लोगों को सुरक्षित वापस लाया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उदयपुर में फ्रांसीसी पर्यटक से दुष्कर्म

जयपुर। उदयपुर शहर में फ्रांस की एक पर्यटक के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि आरोपी फरार है। आरोप है कि व्यक्ति इस पर्यटक को एक पार्टी से बहला-फुसलाकर अपने किराए के अपार्टमेंट में ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके अनुसार घटना सोमवार को बड़गांव थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने बताया कि 22 जून को दिल्ली से उदयपुर पहुंची महिला अंबामाता क्षेत्र के एक होटल में ठहरी थी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की मेडिकल जांच करायी गई है और उसके बयान के आधार पर एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताार्य कि आरोपी फरार है। उदयपुर के पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि पीड़िता आरोपी के संपर्क में कैसे आई, इसकी विस्तृत जांच की जा रही है। थानाधिकारी पूर्ण सिंह राजपुरोहित ने बताया कि महिला टाइगर हिल स्थित द ग्रीक फार्म कैफे एंड रेस्ट्रो में एक पार्टी में गई थी, जहां उसकी मुलाकात आरोपी सिद्धार्थ से हुई।

## मोबाइल ने ली तीन युवकों की जान

फिरोजाबाद। जनपद के थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के नगला पोपी में मंगलवार दोपहर कुएं में गिरे एक मोबाइल को निकालने के प्रयास के दौरान तीन युवकों की कथित तौर पर मीथेन गैस से मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार, घटना अपराह्न करीब एक बजे की है, जब ध्रुव (25) अपने चचेरे भाई अजय (28) और दोस्त चंद्रवीर के साथ कुएं के किनारे बैठा था। पुलिस के अनुसार, उसी दौरान उसका मोबाइल फोन कुएं में गिर गया। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट विशु राजा ने बताया कि ध्रुव मोबाइल निकालने के लिए कुएं में कूद गया, लेकिन जब वह आधे घंटे तक वापस नहीं आया तो अजय भी उसकी मदद के लिए कुएं में कूद गया।

# सीज फायर : दिनभर चलती रही मिसाइलें, देर शाम तक बन पायी सहमति

एजेंसी



बीरशेबा (इजराइल)। ईरान और इजराइल के बीच संघर्षविराम लागू होने के कुछ वक्त के भीतर ही इजराइल ने दावा किया कि ईरान ने उसके हवाई क्षेत्र में मिसाइलें दागी हैं जिनका वह कड़ा जवाब देगा।

इजराइल के इस बयान के साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित अस्थायी संघर्षविराम पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। पश्चिम एशिया में जारी 12 दिनों के संघर्ष को समाप्त करने के लिए इजराइल और ईरान द्वारा संघर्षविराम को स्वीकार किए जाने के बाद मंगलवार सुबह उत्तरी इजराइल में विस्फोटों की आवाजें गूंजने लगीं और सायरन बजने लगे। इजराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज़ ने मिसाइल हमलों को संघर्षविराम का उल्लंघन बताया और इजराइल की सेना को तेहरान पर हमला करने और शासन के लक्ष्यों और आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए गहन अभियान फिर से शुरू करने का निर्देश दिया। संघर्षविराम समझौते की घोषणा मंगलवार सुबह की गई। इससे पहले ईरान ने सोमवार को कतर स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी हमला किया था। ट्रंप की घोषणा और संघर्ष विराम शुरू होने के बीच इजराइल ने भोर से पहले ईरान भर में हवाई हमलों ...शेष पृष्ठ 14 पर

### इजराइली विमान अब नहीं करेंगे हमला : ट्रंप



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजराइल अपने लड़ाकू विमानों को वापस बुलाने जा रहा है और ईरान पर हमला करना बंद कर देगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार को उनका युद्धविराम कुछ समय स्थगित रहने के बाद ...शेष पृष्ठ 14 पर

### ईरान के खिलाफ भीषण हमला टाला : नेतन्याहू



बीरशेबा। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत करने के बाद ईरान के खिलाफ भीषण हमले को टाल दिया है। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि इजराइल ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

### नहीं रोकेंगे परमाणु कार्यक्रम : ईरान



नई दिल्ली। ईरान ने ट्रंप के संघर्षविराम प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए कहा है कि जब तक इजरायल हमला नहीं करेगा, तक ईरान कोई हमला नहीं करेगा। ईरान ने कहा है कि वह अपना परमाणु कार्यक्रम किसी भी दबाव में ...शेष पृष्ठ 14 पर

# विकसित भारत के लिए राज्यों की भूमिका महत्वपूर्ण

## केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक को किया संबोधित, कई राज्यों के सीएम शामिल




जिला संवाददाता

वाराणसी (उप्र)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों की खासी अहम भूमिका है।

बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भाग लिया। बैठक में सदस्य राज्यों के वरिष्ठ मंत्री, केन्द्रीय गृह सचिव, अंतर-राज्य परिषद सचिवालय के सचिव, सदस्य राज्यों के मुख्य सचिव और राज्यों तथा केन्द्रीय मंत्रालयों एवं विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक बैठक में गृह मंत्री, सभी उपस्थित मुख्यमंत्रियों एवं सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम के अभिनंदन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जिससे परिषद ने ध्वनिमत से अनुमोदित किया। शाह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद ही एकमात्र ऐसी परिषद है जहां दो सदस्य राज्यों के बीच किसी प्रकार की कोई समस्या या विवाद नहीं है, यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। गृह मंत्री शाह ...शेष पृष्ठ 14 पर

### प्रतिस्पर्धी संघवाद विकास का सशक्त माध्यम : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी ने एक्स पर पोस्ट में कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सहकारी और प्रतिस्पर्धी संघवाद को देश के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम बताया है। इसी क्रम में वाराणसी में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी की अध्यक्षता में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में सहभाग किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काशी में हो रही मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीम इंडिया दृष्टिकोण को नई शक्ति और गति प्रदान करेगी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी मोदी के नेतृत्व में राज्यों के बीच समन्वय और विकास की संभावना जताई है। इससे पहले मंगलवार सुबह आदित्यनाथ काशी विश्वनाथ मंदिर गए, जहां ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सीडीएस चौहान तीनों सेनाओं को आदेश जारी करने के लिए अधिकृत

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने हेतु प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान को संयुक्त निर्देश एवं संयुक्त आदेश जारी करने के लिए अधिकृत किया है।

यह उस पुरानी प्रणाली में किया गया परिवर्तन है, जिसमें दो या अधिक सेनाओं से संबंधित निर्देशा-आदेश प्रत्येक सेना द्वारा अलग-अलग जारी किए जाते थे। यह कदम सेना, नौसेना और वायुसेना के बीच बेहतर तालमेल और संयुक्तता के लिए थिएटराइजेशन मॉडल को लागू करने के सरकार के प्रयासों के बीच उठाया गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि संयुक्त निर्देशों और संयुक्त आदेशों के अनुमोदन, प्रकाशन और क्रमांकन पर पहला संयुक्त आदेश मंगलवार को जारी किया गया। इस आदेश में प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, अतिरेक को समाप्त करने तथा अंतर-सेवा सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। रक्षा मंत्रालय ने सीडीएस को शक्तियां प्रदान करने को सशस्त्र बलों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्रों का विकास जरूरी

## मुख्यमंत्री धामी ने मध्य क्षेत्रीय परिषद में रखी ठोस मांगें

प्रमुख संवाददाता



देहरादून/वाराणसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उप्र के वाराणसी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में प्रतिभाग किया। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव सहाय एवं मंत्रीगण उपस्थित थे।

मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से लगा उत्तराखण्ड राज्य सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके दृष्टिगत राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क, संचार, सुरक्षा एवं रसद आपूर्ति की समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री से आग्रह किया कि सीमा सड़क संगठन के माध्यम से उत्तराखण्ड को और अधिक सहायता प्रदान की जाए। वाईब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के सीमावर्ती गांवों में सुविधाओं का विकास किया जाए जिससे वहां हो रहे पलायन को रोकने में सहायता मिल सके। उन्होंने सीमांत क्षेत्रों में संचार सुविधाओं के विकास के लिए भारत नेट योजना, 4-जी विस्तार परियोजना तथा उपग्रह आधारित संचार सेवाएं प्रारंभ करने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री धामी ने बैठक में उत्तराखंड राज्य के हित में केंद्र सरकार से कुछ नीतिगत प्रावधानों में शिथिलता प्रदान करने का भी आग्रह किया। उन्होंने राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के केंद्रीय अनुदान का आवंटन एकमुश्त किये जाने, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कुशल संचालन के लिए अतिरिक्त सहयोग प्रदान करने, जलवायु परिवर्तन ...शेष पृष्ठ 14 पर

# 22 मिनट के अन्दर घुटनों पर आया पाकिस्तान

## भारतीयों का खून बहाने वाले आतंकवादियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं : मोदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का सख्त रुख दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है और उनकी सरकार राष्ट्रीय हित में जो भी कदम उचित हों, उठाती है। आध्यात्मिक संत और समाज सुधारक श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच बातचीत के शताब्दी समारोह के अवसर पर मोदी ने देश का नाम लिए बिना कहा कि भारत में निर्मित हथियारों ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान अपना प्रभाव दिखाया।

उन्होंने कहा हमने दिखाया है कि भारतीयों का खून बहाने वाले आतंकवादियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आध्यात्मिक संत श्री नारायण गुरु के आदर्शों पर काम किया है, जो भेदभाव से मुक्त मजबूत भारत चाहते थे। मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और रक्षा क्षेत्रों में भारत को मजबूत बनाने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता कम हो रही है और यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। प्रधानमंत्री ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा नागरिकों की हत्या के बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर किए गए सटीक हमलों के संदर्भ में कहा कि भारतीय सेना ने 22 मिनट में भारत में निर्मित हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि भविष्य में भारत में निर्मित हथियारों को दुनिया भर में सराहा जाएगा। प्रधानमंत्री ने आवास, पेयजल और स्वास्थ्य बीमा सहित अन्य क्षेत्रों में अपनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि इनसे समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में, इससे पहले की तुलना में अधिक संख्या में आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 36.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 28.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- सरकारी अस्पतालों को मिले 355 विशेषज्ञ (पृष्ठ-02)
- खाद विक्रेताओं पर होगी कड़ी कार्रवाई : शाही (पृष्ठ-02)
- दुर्लभ खनिज उत्पादन की सब्सिडी पर निर्णय जल्द (पृष्ठ-14)
- डिजिटल संचालन के लिए डेटा गुणवत्ता जरूरी (पृष्ठ-14)
- एसएंडपी ने भारत के जीडीपी में जतायी वृद्धि (पृष्ठ-14)


विशेष खबर

## भारत 67 अंक हासिल कर 99वें, चीन 74.4 अंक के साथ 49वें व अमेरिका 75.2 अंकों के साथ 44वें स्थान पर

# सतत विकास लक्ष्य में पहली बार शीर्ष 100 में भारत

एजेंसी



नयी दिल्ली। सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करने की दिशा में प्रगति को लेकर भारत ने पहली बार एसडीजी की सूची में 193 देशों में शीर्ष 100 में स्थान हासिल किया है। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क की 10वीं और हालिया सतत विकास रिपोर्ट (एसडीआर) के अनुसार भारत ने 67 अंक हासिल कर 2025 एसडीजी सूचकांक में 99वां स्थान हासिल किया है, जबकि चीन 74.4 अंक से साथ 49वें और अमेरिका 75.2 अंकों के साथ 44वें स्थान पर है।

भारत ने इससे पहले 2024 में 109वां स्थान, 2023 में 112वां स्थान, 2022 में 121वां स्थान, 2021 में 120वां स्थान, 2020 में 117वां स्थान, 2019 में 115वां स्थान, 2018 में 112वां स्थान और 2017 में 116वां स्थान हासिल किया था। भारत के पड़ोसी देशों में 70.5 अंक के साथ भूटान ने 74वां स्थान, 68.6 अंकों के साथ नेपाल ने 85वां स्थान हासिल किया है जबकि 63.9 अंक के साथ बांग्लादेश 114वें स्थान और 57 अंक के साथ पाकिस्तान 140वें स्थान पर है। भारत के समुद्री पड़ोसी देश मालदीव और श्रीलंका क्रमशः 53वें और 93वें स्थान पर हैं।

रिपोर्ट तैयार करने वाले लेखकों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर सतत विकास लक्ष्य की प्रगति थम गई है। 2015 में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा अपनाए गए 17 लक्ष्यों में से केवल 17 प्रतिशत ही 2030 तक हासिल किए जा सकेंगे। रिपोर्ट के मुख्य लेखक विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री जेफरी सैक्स हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है, संघर्ष, संरचनात्मक कमियां और सीमित धन दुनिया के कई हिस्सों में सतत विकास लक्ष्य की प्रगति में बाधा डालते हैं। यूरोपीय देश विशेष रूप से नॉर्डिक (उत्तरी यूरोप और उत्तरी अटलांटिक में स्थित क्षेत्र) राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य सूचकांक में शीर्ष पर बने हुए हैं, जिसमें फिनलैंड पहले, स्वीडन दूसरे और डेनमार्क तीसरे स्थान पर है। शीर्ष 20 देशों में से कुल 19 देश यूरोप से हैं।

# वायुसेना को 2026 तक मिलेंगे छह तेजस विमान

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 तक कम से कम आधा दर्जन हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस मिल जाएंगे। इन अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों का निर्माण कर रही कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के प्रमुख ने यह जानकारी दी। एलसीए तेजस के एमके-1ए संस्करण की आपूर्ति में देरी का मामला वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने हाल ही में उठाया था, जिसके बाद यह बड़ा मुद्दा बन गया था।

एचएएल के प्रमुख ने कहा है कि तेजस की आपूर्ति में हुई देरी के लिए जीई एयरोस्पेस द्वारा इंजन की आपूर्ति में विलंब जिम्मेदार है। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डीके सुनील ने कहा कि यह देरी केवल अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस द्वारा समय पर एफ404 इंजन की आपूर्ति करने में असमर्थता के कारण हुई। एचएएल प्रमुख ने कहा कि जीई एयरोस्पेस द्वारा चालू वित्त वर्ष में 12 इंजन की आपूर्ति किये जाने की उम्मीद है। इससे भारतीय वायुसेना को लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में आसानी होगी। उन्होंने कहा हर कंपनी को आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है। ऐसा होता (ही) है। दुर्भाग्य से, एलसीए मार्क-1ए के मामले में (भी ऐसा ही हुआ है), हमने विमान बना लिये हैं।

C M Y K

# माफिया मुक्त गाजीपुर अब अच्छी दिशा में बढ़ रहा आगे : योगी

## सीएम ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर गाजीपुर में कई प्रस्तावों को दी स्वीकृति

विशेष संवाददाता (vol)



**गाजीपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गाजीपुर को विकास की कई सौगातें दीं। सीएम ने यहां पत्रकारों से बातचीत भी की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर गाजीपुर में अंधऊ चौकिया बाईपास के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि इससे

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों से की बातचीत
- पुलिस भर्ती में गाजीपुर के 1534 युवा चयनित, सीएम ने सभी को दी बधाई

विकास बढ़ेगा और यातायात की समस्या का समाधान होगा। चितनाथ घाट व कलेक्टर घाट से गाजीपुर से जुड़े कॉरिडोर निर्माण से संबंधित प्रस्ताव का डीपीआर मंगाया गया है। इस पर भी आगे कार्यवाही होगी। विकास का सिलसिला अनवरत चलता रहेगा। जनपद अच्छी दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मेरिट के आधार पर तेजी से राजस्व वादों का निस्तारण भी हुआ है। सीएम ने कहा कि अभी यूपी की पुलिस भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया गया है। देश के सबसे बड़े पुलिस बल में 60,244 युवाओं की भर्ती हुई है। इनमें से 1534 अभ्यर्थी गाजीपुर जनपद के हैं। सीएम ने चयनित अभ्यर्थियों व उनके परिवारों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजीपुर अत्यंत महत्वपूर्ण जनपद है। जनपद का इतिहास रामायण काल और उससे भी प्राचीन है। बीच के कालखंड में इस जनपद को पहचान के संकट से गुजरना पड़ा था, लेकिन आज पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज यहां की पहचान बन गई है। मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज में निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण किया और विकास कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में यहां 1100 करोड़ की परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं या कुछ निर्माणाधीन भी हैं। जलजीवन मिशन के अंतर्गत यहां युद्ध स्तर पर कार्य चल रहे हैं। उनकी क्वालिटी को मेंटेन करते हुए हर घर तक शुद्ध पेयजल की उपलब्धता हो, इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। सीएम ने कहा कि गाजीपुर माफिया मुक्त जनपद बना है। विकास की प्रक्रिया के साथ गाजीपुर अब आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ प्राप्त कर रहा है, जिसमें पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को शक्तिनगर तथा गंगा एक्सप्रेसवे को मीरजापुर, भदोही, वाराणसी, चंदौली होते हुए गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक मिलाने की कार्रवाई आगे बढ़ने जा रही है। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर जनपद गाजीपुर को नई पहचान दिलाएगा। सीएम ने कहा कि गाजीपुर की जनता-जनार्दन को जल्द ही विकास परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण की सौगात देंगे।


# गड़बड़ी करने वाले खाद विक्रेताओं पर होगी कड़ी कार्रवाई : शाही

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को कहा कि किसानों को यूरिया, डीएपी एवं एनपीके उर्वरकों की बिक्री निर्धारित खुदरा मूल्य पर ही सुनिश्चित कराई जायेगी। किसी भी दशा में किसानों को ऊंची कीमत पर उर्वरक बेचने या अन्य उत्पादों की अनिवार्य टैगिंग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

- कृषि मंत्री ने प्रदेश में उर्वरक उपलब्धता पर दी जानकारी, लखनऊ और सीतापुर में कई उर्वरक प्रतिष्ठानों में अनियमितताएं हुई कार्रवाई
- कई प्रतिष्ठानों को सील और कई के लाइसेंस किए गए निलंबित
- अन्य उत्पादों की जबरन बिक्री या अधिक मूल्य पर बिक्री पर दर्ज की जायेगी एफआईआर

शाही मंगलवार को लोकभवन में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रत्येक बिक्री पर रसीद उपलब्ध कराई जायेगी और अगर कोई थोक या फुटकर विक्रेता नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शाही ने मीडिया को बताया कि अंतर्राष्ट्रीय एवं अंतरराज्यीय सीमाओं से सटे जनपदों में उर्वरकों की आपूर्ति एवं बिक्री पर विशेष सतर्कता बरती जायेगी। उर्वरक वितरण में कालाबाजारी या अनियमितता की कोई भी सूचना मिलते ही तत्काल कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि 23 जून को सीतापुर और लखनऊ में उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें कई अनियमितताएं पाई गई। उनके साथ अपर कृषि निदेशक (कृषि रक्षा) टीएम त्रिपाठी, संयुक्त कृषि निदेशक (उर्वरक) श्री आशुतोष मिश्रा सहित कृषि विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। सीतापुर में प्रमुख कार्यवाहियों का उल्लेख करते हुए कृषि मंत्री ने बताया कि जैन इंटरप्राइजेज, सीतापुर स्टॉक में गड़बड़ी, गलत रजिस्टरिंग, रिटेलर्स को कम मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराना एवं टैगिंग पाई गई। प्रतिष्ठान को तत्काल सील कर विधिक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है। श्री बालाजी एग्रो ट्रेडर्स, जेल रोड, सीतापुर स्टॉक का मिलान सही नहीं पाया गया, प्रतिष्ठान सील किया गया। आगे की जांच उपजिलाधिकारी की उपस्थिति में की जाएगी। बालाजी ट्रेडर्स, सिधौली: स्टॉक व बिक्री रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किए गए, रेट बोर्ड भी नहीं लगा था। कृषकों के बयान लिए जाएंगे। अनियमितता मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अन्य प्रतिष्ठानों- एएनवी एग्रो एंड कैमिकल्स, न्यू अय्यूब खाद भंडार, न्यू अंसारी खाद भंडार एवं तराई बीज भंडार के



प्रतिष्ठानों को प्रतिनिधि के मौके से भागने और अभिलेख प्रस्तुत न करने के कारण सील कर दिया गया। मंत्री ने बताया कि लखनऊ में अनियमितताओं पर सीधी कार्रवाई की गयी है। किसान खाद भंडार, बेहटा, कुर्सी रोड कृषकों को निर्धारित दर 266.50 रुपये प्रति बैग से अधिक दर पर यूरिया बेचा गया। थोक विक्रेता ओम प्रकाश एवं जय प्रकाश द्वारा फुटकर विक्रेताओं को 300 रुपये प्रति बैग की दर से यूरिया बेचने की पुष्टि हुई। दोनों के लाइसेंस निलंबित कर विधिक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है। पाल खाद भंडार, कल्याणपुर बिक्री रजिस्टर में कृषकों के विवरण अधूरे मिले। कई कृषकों से दूरभाष पर संपर्क किया गया, जिनमें कई मोबाइल नंबर गलत या बंद पाए गए। प्रतिष्ठान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कृषि मंत्री ने बताया प्रदेश में उर्वरकों की उपलब्धता संतोषजनक है। खरीफ 2025 सीजन में अब तक प्रदेश में 39.58 लाख मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध कराए गए हैं, जिसमें से 25.62 लाख मीट्रिक टन बिक्री हो चुकी है और 9.91 लाख मीट्रिक टन का स्टॉक शेष है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष वितरण एवं उपलब्धता की स्थिति बेहतर है। मीडिया से वार्ता में कृषि मंत्री ने कहा कि उर्वरकों की बिक्री केवल पीओएस मशीन के माध्यम से हो तथा बिक्री किसान की जोत बही एवं फसल की संस्तुति के अनुसार ही की जाए। औद्योगिक इकाइयों द्वारा सब्सिडी वाले नीम कोटेड यूरिया का दुरुपयोग न हो, इसके लिए सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। सभी जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों एवं कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि उर्वरकों के वितरण एवं बिक्री की नियमित समीक्षा कर सख्त निगरानी रखें। अंत में कृषि मंत्री ने दोहराया कि यदि किसी विक्रेता द्वारा मुख्य उर्वरक के साथ अन्य उत्पादों को जबरन खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है या निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री की जाती है, तो उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# अब 3 जुलाई को होगी शेष 36 जिलों में 'सूक्ष्म उद्यम सखी' चयन परीक्षा

**लखनऊ।** आजीविका मिशन के तहत गठित समूहों से समूह सखी, बीसी सखी, विद्युत सखी, कृषि आजीविका सखी, पशु सखी, रेशम सखी, सूर्य सखी आदि बनाकर उनकी आमदनी मे उल्लेखनीय अभिवृद्धि करायी गयी है। इसी कडी मे सूक्ष्म उद्यम सखी के रूप मे दीदियो को प्रशिक्षण देकर महिलाओ की आमदनी मे इजाफा करने की नयी पहल की गयी है। इनका चयन अब 3 जुलाई को परीक्षा के माध्यम से होगा। 13,064 महिलाओं को सूक्ष्म उद्यम सखी के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा, जो आगे चलकर 50-50 अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार से जोड़ेंगी। अब तक ये महिलाएं अपनी आजीविका के लिए कार्य कर रही थीं, लेकिन इस पहल के माध्यम से वे खुद उद्यमी बनेंगी और दूसरों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी।

# उप्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद ने की ऑनलाइन काउंसलिंग का कार्यक्रम जारी

**लखनऊ।** प्रदेश के पात्र अभ्यर्थियों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा वर्ष 2025 की ऑनलाइन मुख्य काउन्सिलिंग (प्रथम से तृतीय चरण) का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। यह काउंसिलिंग उत्तर प्रदेश राज्य के पात्र अभ्यर्थियों के लिए होगी। कक्षाएं 1 अगस्त से प्रारंभ होंगी। प्रथम चरण में 27 जून से 2 जुलाई तक विकल्प भरने की सुविधा होगी, 3 जुलाई को सीट आवंटन किया जाएगा। अभ्यर्थी 4 से 6 जुलाई तक ऑनलाइन फ्रीज/फ्लोट विकल्प का चयन कर सुरक्षा शुल्क एवं काउन्सिलिंग शुल्क जमा कर सकेंगे। दस्तावेज सत्यापन 4 से 7 जुलाई तक जनपदवार सहायता केंद्रों पर किया जाएगा। सीट वापसी की सुविधा 8 जुलाई को उपलब्ध रहेगी। द्वितीय चरण में 9 से 11 जुलाई तक विकल्प भरने की प्रक्रिया होगी, 12 जुलाई को सीट आवंटन होगा। 13 से 15 जुलाई तक सुरक्षा शुल्क व काउंसिलिंग शुल्क ऑनलाइन जमा किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन 14 से 16 जुलाई तक किया जाएगा। सीट वापसी की सुविधा 17 जुलाई को दी जाएगी। तृतीय चरण में 18 से 20 जुलाई तक विकल्प भरने की प्रक्रिया होगी, 21 जुलाई को सीट आवंटन होगा। 22 से 24 जुलाई तक शुल्क जमा किया जाएगा, इस चरण में सभी अभ्यर्थी स्वतः फ्रीज माने जाएंगे। दस्तावेज सत्यापन 22 से 25 जुलाई तक किया जाएगा। सीट वापसी की अंतिम तिथि 26 जुलाई निर्धारित की गयी है।

- जून-जुलाई में विकल्प भरने, सीट आवंटन, शुल्क जमा और दस्तावेज सत्यापन की तिथियां निर्धारित
- फ्रीज/फ्लोट विकल्प अनिवार्य है और शुल्क जमा/दस्तावेज सत्यापन न करने पर अगले चरण में अयोग्यता होगी
- अधिक जानकारी के लिए https://jeecup.admissions.nic.in देखें

अभ्यर्थी अधिकाधिक विकल्प भरने हेतु विगत वर्ष की ओपनिंग एवं क्लोजिंग रैंक का अवलोकन कर योजना बनाएं। अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग पोर्टल https://jeecup.admissions.nic.in पर लॉगिन कर प्रक्रिया पूरी करनी होगी। पासवर्ड भूलने की स्थिति में पोर्टल से पुनः पासवर्ड प्राप्त किया जा सकता है। प्रवेश प्रक्रिया में फ्लोट/फ्रीज विकल्प का चयन अनिवार्य होगा। फ्रीज विकल्प चुनने पर अभ्यर्थी को सहायता केंद्र पर दस्तावेज सत्यापन कराना आवश्यक है। शुल्क जमा न करने अथवा दस्तावेज सत्यापन न कराने पर अभ्यर्थी अगले चरणों में अयोग्य हो जाएगा। अभ्यर्थी काउन्सिलिंग पोर्टल पर ऑनलाइन सीट वापसी की सुविधा का भी चयन कर सकते हैं, जिसमें सीट एक्सेप्टेंस फीस अभ्यर्थी द्वारा दर्ज बैंक खाते में ही वापस की जाएगी।

यदि कोई संस्था निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क की मांग करती है तो अभ्यर्थी प्रामाणिक साक्ष्य सहित सचिव, प्रवेश एवं शुल्क नियमन समिति, लखनऊ में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। ऐसी स्थिति में संबंधित संस्था के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अभ्यर्थी अपने सभी मूल अभिलेखों के साथ संबंधित संस्था में उपस्थित होकर शेष शुल्क जमा करेंगे तथा संस्था को उन्हें बिना शर्त प्रवेश देना होगा। प्रवेश न देने की स्थिति में परिषद स्तर पर समाधान की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। यदि एआईसीटीई, नई दिल्ली द्वारा प्रवेश क्षमता में परिवर्तन किया जाता है तो छात्रों को समायोजित करने की व्यवस्था की जाएगी। काउन्सिलिंग की निर्धारित तिथियों का पालन करते हुए समय से दस्तावेज सत्यापन एवं प्रवेश शुल्क जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें।

# सरकारी अस्पतालों को मिले 355 विशेषज्ञ चिकित्सक : ब्रजेश पाठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए सरकारी अस्पतालों में 355 विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की गई है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने डॉक्टरों की तैनाती की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने

- एनएचएम के तहत तैनात किए गए डॉक्टर, 80 एनस्थीसिया विशेषज्ञों से सर्जरी को मिलेगी गति

बताया कि सरकार अभियान चलाकर विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती कर रही है। नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के तहत विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला गया था। रिवर्स बिडिंग के तहत 355 विशेषज्ञ डॉक्टरों का चयन किया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि 80 एनस्थीसिया विशेषज्ञों का चयन किया गया है। इससे अस्पतालों में सर्जरी के लिए एनस्थीसिया विशेषज्ञों का इंतजार नहीं करना होगा। सर्जरी की संख्या में



भी वृद्धि होगी। बच्चों को अच्छा व आधुनिक इलाज उपलब्ध कराने के लिए 78 बाल रोग विशेषज्ञों का चयन किया गया है। इससे बच्चों को समय पर इलाज मिल सकेगा। सुरक्षित प्रसव कराने के लिए बड़े पैमाने पर महिला रोग विशेषज्ञों का चयन किया गया है। 63 महिला रोग विशेषज्ञों की अस्पताल में तैनाती की जा रही है। इससे गर्भवती महिलाएं व विभिन्न बीमारी से पीड़ित महिलाओं को आसानी से उपचार मिल सकेगा। साथ ही 32 आर्थोपैडिक्स, 27 जनरल सर्जन, 20 पैथोलॉजिस्ट, 11 कनसल्टेंट मेडिसिन, 11 जनरल मेडिसिन, 8 ईएनटी विशेषज्ञों का चयन किया गया है। एक चेस्ट फीजिशियन, पांच मानसिक रोग विशेषज्ञ, तीन माइक्रोबायोलॉजिस्ट, सात नेत्र रोग विशेषज्ञ व एक फिजिशियन का चयन किया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि मरीजों को बेहतर उपचार मुहैया कराने की दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं।

# भाजपा सरकार अलोकतांत्रिक और हार्टलेस : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार अलोकतांत्रिक और हार्टलेस है। भाजपा सरकार हर अलोकतांत्रिक कार्य का समर्थन करती है। अगर सरकार बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान की प्रस्तावना

- सपा प्रमुख ने कथा वाचकों पर हुए हमला पर जताया विरोध
- कथा वाचकों को 21 हजार रुपये नकद और ढोलक की भेंट

के अनुसार ही फैसला लेती तो गरीबों, गांव में रहने वाले लोगों, पीडीए परिवार, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों को न्याय मिलने लग जायेगा।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में मंगलवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार में बैठे लोग लगातार अन्याय करा रहे है।



प्रभुत्ववादी और वर्चस्ववादी लोग लगातार पीडीए परिवार के लोगों को डरा, धमका रहे है। अपमानित कर रहे हैं। उन्होंने भागवत और कथा वाचकों पर हुए हमला पर विरोध जताया और कथा वाचकों को 21 हजार रुपये नकद और ढोलक भेंट की। उन्होंने कहा कि सोचने का सवाल यह है कि श्रीमद् भागवत कथा सबके लिए है। जब सब सुन सकते है तो सब बोल क्यों नहीं सकते है। भागवत कथा तो भगवान श्री कृष्ण से जुड़ी है। अगर सच्चे कृष्ण भक्तो को ही भागवत कथा कहने से रोका जायेगा तो कोई यह अपमान क्यों सहेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि वर्चस्ववादी और प्रभुत्ववादी लोग कथा वाचन में अपना एकाधिकार बनाये रखना चाहते हैं।

## सपा कार्यालय में मना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस

**लखनऊ।** सपा के राज्य मुख्यालय में मंगलवार को गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती का 462वां बलिदान दिवस सादगी से मनाया गया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने महारानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि महारानी दुर्गावती ने अपने गढ़मंडला वर्तमान में जबलपुर राज्य की स्वतंत्रता और अस्मिता की रक्षा के लिए अद्भुत शौर्य एवं साहस का परिचय दिया था। उन्होंने 16 वर्षों तक शासन किया और तमाम मठ, मंदिर, कुंआ, बावड़ी, धर्मशालाओं का भी निर्माण कराया। इस अवसर पर व्यासजी गोंड, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, एडवोकेट विजय गोंड, डॉ. विनोद मास्टर, एडवोकेट जनार्दन गोंड आदि ने भी महारानी दुर्गावती को पुष्पांजलि अर्पित की।

# शिकायतों का हो त्वरित निस्तारण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने विभिन्न जिलों से प्राप्त कुल 25 शिकायतों एवं पत्रावलियों पर जनसुनवाई की। जनसुनवाई में समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए कई मामलों में संतोषजनक कार्यवाही सुनिश्चित कराई गई।

- पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने 25 शिकायतों का किया निस्तारण

अध्यक्ष राजेश वर्मा ने अन्य पिछड़े वर्ग के जाति प्रमाण पत्र के प्रारूप में संशोधन के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, कार्मिक विभाग की ओर से संयुक्त सचिव मनीष चन्द्र श्रीवास्तव के साथ बैठक की। बैठक में जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में आ रही कठिनाइयों की जानकारी दी गई। इस प्रकरण में विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। सत्यम पटेल के पदोन्नति प्रकरण में श्रम एवं सेवायोजन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें पदोन्नति प्रदान कर दी जाएगी। अध्यक्ष ने इस प्रकरण में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध जिम्मेदारी निर्धारित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बबिता सिंह ने वेतन भुगतान संबंधी प्रकरण में बाराबंकी के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अवगत कराया कि बबिता सिंह को 14,47,466 रूपए का वेतन भुगतान कर दिया गया है। अध्यक्ष ने प्रकरण को निस्तारित कर दिया। पूर्व विधायक प्रदीप बालियान द्वारा अवैध रूप से रास्ता बंद किए जाने की शिकायत पर नगर निगम अधिकारियों ने सूचित किया कि पुलिस बल के साथ अवैध कब्जा हटा दिया गया है। यह प्रकरण भी निस्तारित कर दिया गया। गिरीश चन्द्र मौर्य के मृतक आश्रित नियुक्ति प्रकरण में भेदभावपूर्ण कार्यवाही पर अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की। इस मामले में शासन को संस्तुति भेजी जाएगी।

# पहले से अपनी उड़ानों की स्थिति के बारे में जानकारी लें यात्री: सीसीएसआईए

**लखनऊ।** पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बीच लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीसीएसआईए) ने यात्रियों से हवाई अड्डे पर आने से पहले अपनी उड़ानों की स्थिति के बारे में जानकारी लेने का अनुरोध किया है। सीसीएसआई, के प्रवक्ता ने देर रात कहा, कि पश्चिम एशिया में तनाव के कारण चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे हवाई अड्डे पर पहुंचने से पहले अपनी संबंधित एयरलाइन से अपनी उड़ानों की स्थिति के बारे में जानकारी लें। विभिन्न भारतीय विमानन कंपनियों ने पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बीच क्षेत्र में अपने विमानों का परिचालन रद्द कर दिया है। परिचालन संबंधी व्यवधानों से पहले ही जूझ रही एअर इंडिया ने पश्चिम एशिया, यूरोप के साथ-साथ अमेरिका और कनाडा के पांच गंतव्यों के लिए अपनी सेवाएं अस्थायी रूप से रोक दी हैं।

# 2.35 लाख सरकारी भवनों की छतों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग से लैस करेगी यूपी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक अभियान के तहत राज्य में 2.35 लाख सरकारी और अर्ध-सरकारी भवनों को छत पर वर्षा जल संचयन प्रणाली से लैस करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के अनुसार उत्तर प्रदेश के करीब 34,000 सरकारी व अर्ध सरकारी भवनों में पहले से ही यह प्रणाली स्थापित है और आने वाले समय में एक लाख से अधिक भवनों को भी इस सुविधा से युक्त बनाया जाएगा। यह भूजल स्तर को पुनर्जीवित करने और जल संकट से निपटने की दिशा में काफी महत्वपूर्ण कदम है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के कुल दो लाख 35 हजार सरकारी एवं अर्ध सरकारी भवनों को वर्षा जल संचयन प्रणाली से युक्त किया जाए। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के तहत 16 जिलों ने 100 प्रतिशत वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापना का कार्य पूरा कर लिया है, जिसमें अयोध्या, अम्बेडकर नगर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, गोंडा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, बस्ती, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, बलिया, झांसी और पीलीभीत जिले शामिल हैं।

# भाजपा लोक दरबार में ले जायेगी आपातकाल का सच

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा आपातकाल के 50वें वर्ष में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आपातकाल की भयावहता, क्रूरता एवं दमन की कांग्रेसी नीति को लोक दरबार में लेकर पहुंचेगी। भाजपा 25 जून को जिला स्तर पर संगोष्ठियों के माध्यम से लोकतांत्रिक संस्थाओं, प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका और देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलने वाले आपातकाल के काले अध्यायों पर संवाद करेगी। इसके साथ ही आपातकाल में रक्तरंजित लोकतंत्र को जिला स्तर पर प्रदर्शनियों के माध्यम से जनमानस तक पहुंचाएगी। युवा मोर्चा तथा महिला मोर्चा मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रमों के माध्यम से कांग्रेस की दमनकारी सोच व अहंकार से बिना किसी संवैधानिक औचित्य के आपातकाल लगाने के निर्णय को युवा एवं महिलाओं के बीच पहुंचाने का काम करेंगे। पार्टी प्रेस कांफ्रेंस करके मीडिया के माध्यम से जनता तक आपातकाल का सत्य पहुंचाने का काम भी करेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी 25 जून को मुरादाबाद में संगोष्ठी को संबोधित करते हुए लोकतंत्र के काले अध्याय आपातकाल पर जनसंवाद करेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रतापगढ़ तथा प्रयागराज, ब्रजेश पाठक बाराबंकी में 25 जून काला दिवस पर संगोष्ठियों को संबोधित करेंगे जबकि केंद्रीय मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ कानपुर, कृष्णपाल गुर्जर मेरठ, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा नोएडा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रमापति राम त्रिपाठी संतकबीरनगर, डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय गाजीपुर, स्वतंत्र देव सिंह ललितपुर में आपातकाल में बंधक बनाए गए लोकतंत्र का आहत स्वर लोकदरबार में लेकर पहुंचेंगे।

प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक ने बताया कि प्रदेश सरकार के मंत्री बेबी रानी मौर्य वाराणसी, लक्ष्मी नारायण चौधरी हाथरस, जयवीर सिंह फरूर्खाबाद, नंदगोपाल गुप्ता नंदी बांदा, अनिल राजभर चंदौली, राकेश सचान बलरामपुर, एके शर्मा भदोही, दारा सिंह चौहान गोण्डा, नीतिन अग्रवाल लखीमपुर, कपिल देव अग्रवाल सुल्तानपुर, गुलाब देवी

- भाजपा आज जिला स्तर पर संगोष्ठियों के माध्यम से आपातकाल पर करेगी संवाद
- प्रदेश के प्रत्येक जिलों में सरकार और संगठन के प्रतिनिधि संगोष्ठी को करेंगे सम्बोधित आज

बदायूं, जेपीएस राठौर बरेली, दयाशंकर सिंह देवरिया, दयाशंकर मिश्र दयालु बलिया, दिनेश खटीक शामली, संजय गौड़ लालगंज, जसवंत सैनी बागपत, राकेश राठौर महोबा, विजय लक्ष्मी गौतम महराजगंज में आपातकाल पर आयोजित संगोष्ठियों को संबोधित करेंगे। विजय बहादुर पाठक ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह गौतमबुद्धनगर, सलिल विश्नोई औरैया, सत्यपाल सिंह सैनी सम्भल, नीलम सोनकर मऊ, कमलावती सिंह कानपुर देहात, बृज बहादुर अमेठी, सुनिता दयाल बुलंदशहर, दिनेश कुमार शर्मा मथुरा जिला, पद्मसेन चौधरी श्रावस्ती, मोहित बेनिवाल सहारनपुर, धर्मेन्द्र सिंह चित्रकूट, देवेश कुमार कोरी हमीरपुर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला बस्ती, अनूप गुप्ता फिरोजाबाद, संजय राय सीतापुर, सुभाष यदुवंश हापुड़, रामप्रताप सिंह चौहान इटावा, प्रदेश मंत्री शंकर गिरि मछलीशहर, डॉ चन्द्रमोहन सिंह अमरोहा, मीना चौबे आजमगढ़, पूनम बजाज एटा, शिवहरे अलीगढ़, शंकर लोधी हरदोई, अनामिका चौधरी मीरजापुर, अभिजात मिश्रा कन्नौज, अमित वाल्मीकि बहराइच, शिवभूषण सिंह अयोध्या, प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा कामेश्वर सिंह कुशीनगर, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा संजय गौड़ जौनपुर में आपातकाल पर आयोजित संगोष्ठियों में संवाद करेंगे।

उन्होंने बताया कि सांसद बाबूराम निषाद रायबरेली, सीमा द्विवेदी कौशाम्बी, विजय पाल सिंह तोमर बिजनौर, बृजलाल अम्बेडकरनगर, प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री अशोक कटारिया रामपुर, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह चौधरी पीलीभीत, प्रकाश शर्मा जालौन, पूर्व प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक मैनपुरी, अश्वनी त्यागी उन्नाव, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य कासगंज, सहजानंद राय गोरखपुर, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष रजनीकांत महेश्वरी शाहजहांपुर में संगोष्ठियों के माध्यम से आपातकाल का रक्तरंजित इतिहास लेकर पहुंचेंगे। इसी क्रम में जानकारी देते हुए पाठक ने बताया कि 26 जून को केंद्रीय मंत्री वसुंधरा राजे आगरा तथा 27 जून को पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह गाजियाबाद व केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा झांसी में संगोष्ठियों को संबोधित करेंगे।

# अखिलेश यादव मुद्दों से भटक जाते हैं : लोकदल

**लखनऊ।** कथावाचक के साथ जातीय भेदभाव की निंदा और विपक्ष की भटकाऊ राजनीति पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए मंगलवार को लखनऊ में लोकदल के अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा है कि कथावाचक के साथ सिर्फ उनकी जाति के आधार पर भेदभावपूर्ण व्यवहार किया गया। जिसकी दुर्भाग्यपूर्ण घटना की निंदा करते हैं, सुनील सिंह ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से कहा है कि अखिलेश ऐसे बयानों और विषयों में उलझ जाते हैं, जिनका जनता के असल मुद्दों से कोई सीधा संबंध नहीं होता। महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था और किसान समस्याओं जैसे गंभीर विषयों की बजाय वे कभी बीजेपी पर व्यक्तिगत टिप्पणियों में उलझ जाते हैं, तो कभी पुराने आंकड़ों का सहारा लेकर वर्तमान की चुनौतियों से ध्यान हटाते हैं। विपक्ष के नेता के तौर पर समाधानपरक राजनीति करेंगे और जनता के असली मुद्दों पर सरकार को घेरेंगे, न कि केवल सोशल मीडिया या जुमलों तक सीमित है।

# हवाई सेवा शुरू होने से व्यापार, चिकित्सा, प्रशासनिक यात्राएं होंगी आसान : कश्यप

**लखनऊ/गाजियाबाद।** गाजियाबाद के हिंडन टर्मिनल से लगातार अलग-अलग शहरों और प्रदेशों के लिए हवाई सेवाएं विस्तार की जा रही हैं। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने को हिंडन एयरपोर्ट पर टर्मिनल मैनेजर और एयर इंडिया एक्सप्रेस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करते हुए उनसे गाजियाबाद से लखनऊ के लिए सीधी उड़ान शुरू करने की बातचीत की। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पत्र लिखा है और एयर इंडिया एक्सप्रेस के अधिकारियों से कहा है कि गाजियाबाद से लखनऊ के लिए सीधी फ्लाइट शुरू होने से न सिर्फ आम जनता बल्कि कंपनी को भी सीधा लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि वर्तमान समय में गाजियाबाद से लखनऊ के लिए सीधी फ्लाइट होना इस वक्त की मांग है। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ-साथ दिल्ली -एनसीआर में लाखों लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इसी के साथ जो कंपनी इसको संचालित करेगी, उसका भी लाभ होगा। स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का कहना है कि प्रतिदिन लखनऊ बड़ी संख्या में लोग व्यापार, चिकित्सा, शिक्षा और प्रशासनिक यात्राओं के चलते आते जाते हैं। उनको काफी सहूलियत होगी। उनके समय और धन की भी बचत होगी। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने हिंडन स्थित अधिकारियों से बातचीत की है तो एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट को गाजियाबाद से लखनऊ के लिए शुरू करने पर जल्द फैसला लेने के लिए पत्र भी लिखा है।

# घंटे भर की बारिश से गली, मोहल्लों व घरों में भरा पानी

## जानकीपुरम में धंसी सड़क, त्रिवेणीनगर में उफनाया नाला

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** मंगलवार को राजधानी में अलग-अलग इलाकों में कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश हुई। घंटे भर की बरसात से कई गली-मोहल्लों में नाले व सीवर उफना गए। जलनिकासी न होने से गंदा पानी सड़क पर भर गया। त्रिवेणी नगर के बड़ा दुर्गा मंदिर का नाला चोक होने से घरों में गंदा पानी भर गया। जानकीपुरम में यशोदा क्लिनिक के पास सड़क धंस गई। निराला नगर सेक्टर 8 चौराहे के पास गलियों में जलभराव हो गया। कई अन्य इलाकों में जलनिकासी न होने से जलजमाव से लोग घर से नहीं निकल सके।

जानकीपुरम में यशोदा क्लिनिक के पास सड़क धंस गई। कुछ दिन पहले छोटा गड्ढा हुआ था जिसे स्थानीय लोगों ने भर दिया था पर अब इसका दायरा बढ़ गया है। आधी सड़क धंस गई है। स्थानीय लोगों ने सुरक्षा के लिए पेड़ के तने लगाने के साथ ही बैरीकेडिंग कर दी गई। मंगलवार को एक घंटे की ही बारिश में बड़ा दुर्गा मंदिर त्रिवेणी नगर अयोध्या दास वार्ड का नाला चोक हो जाने से बड़ा दुर्गा मंदिर में गंदा पानी भर जाने से अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोधेश्वर नागेश्वर महादेव मंदिर में भी गंदा पानी घुस गया। बड़ा दुर्गा मंदिर के पीछे के बड़े हिस्से के घरों में गंदा पानी भर जाने से लोगों का घरों से आवागमन बंद हो गया। स्कूल से घर जाने के लिए बच्चों को मशक्कत करनी पड़ी। गाड़ियां जल भराव में फंसकर बंद हो गई है। लोगों ने नाला नालियों की सफाई न होने पर आक्रोश जताया। नगर निगम प्रशासन के सभी दावे एक घंटे की बारिश में ही फेल साबित हो गए हैं। लोगों ने बताया जानकारी देने के बाद भी कोई भी नगर निगम का कोई भी सफाई निरीक्षक, अभियंता व अधिकारी अभी तक मौके पर नहीं पहुंचा है। गंदा पानी भर होने से लोग अपने घरों में कैद होकर रह गए। नाला चोक होने और बारिश में जल भराव होने की शिकायतें स्थानीय नागरिक पिछले कई महीनो से नगर निगम प्रशासन से कर रहे हैं पर कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है।

### गुरुनानक नगर वार्ड में जलभराव से स्थिति दयनीय

आलमबाग स्थित गुरूनानक नगर वार्ड के सुंदर नगर जोन 5 के मकानों में रहने वाले लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। यहां के मोहल्लों में जलभराव से स्थिति खराब है। साफ-सफाई न होने से दुर्गंध व मच्छर पनप रहे हैं। ऐसे में डेंगू और मलेरिया से लोग बीमार हो रहे हैं तो यहां के लोगों की सांसें अटकी हुईं। लगातार शिकायत के बाद भी संबंधित विभाग ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों में गुस्सा भी है। कानपुर रोड पर आलमबाग स्थित गुरूनानक नगर वार्ड के सुंदर नगर जोन 5 में 100 से अधिक घर बने हुए है। जब घर बने थे तो उस वक्त यहां सभी सुविधाएं थीं। लेकिन अब यहां पर टूटी सड़कें और उनमें सीवर का गंदा पानी भरा होने से लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। सीवर लाइन ठप है। गंदगी सड़क पर बहती है। काई भी जम रही है। ऐसे में कीड़े-मकौड़े भी पनप रहे हैं। नियमित साफ-सफाई न होने पर कॉलोनी में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। सीवर का गंदा पानी बाथरूम के रास्ते लोगों के घरों में घुस रहा है। उससे निकलने वाली दुर्गंध से लोग बीमार हो रहे हैं। स्थानीय निवासी वार्ड में लगे नल से गंदा पानी आ रहा है। जो पीने लायक नहीं हैं क्योंकि नल के चारों ओर जलभराव हो गया है। पाइप भी कहीं कटी हुई है। काई भी जम गई है। लोगों को इसी जलभराव से होकर आना-जाना पड़ता है। पानी से बदबू भी आती है। ऐसी स्थिति में पीने का पानी दूसरो से घर से लाना पड़ता है, जहां सबमर्सिबल लगा हुआ है।

## आज भारी बारिश का अलर्ट, कल तक पूरे प्रदेश में सक्रिय होगा मानसून

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। बुधवार के लिए मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के तराई और बुंदेलखंड के 14 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। साथ ही प्रदेश के 70 से ज्यादा जिलों में गरज चमक और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे में प्रदेश के बचे हुए उत्तरी पश्चिमी हिस्से में भी मानसून पूरी तरह छा जाएगा। मंगलवार को हमीरपुर, प्रतापगढ, कानपुर, औरैया, जौनपुर, सुल्तानपुर आदि में हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिली। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को प्रदेश के उत्तरी-तराई इलाकों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश की संभावना है। प्रदेश में फिलहाल अगले दो-तीन दिन मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी रहने वाला है। मंगलवार को राजधानी के पुराने शहर में जोरदार बारिश हुई। नए इलाकों में भी हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर व आसपास के इलाकों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, अमरोहा, बरेली, पीलीभीत, जालौन, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में मेघगर्जन व वज्रपात होने की संभावना जताई गई है।

## मोहनलालगंज व गुडम्बा में 6 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने मोहनलालगंज व गुड़म्बा में 06 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि जागेश्वर, कल्लू लाल, शिवपाल, किशन, मिश्रीलाल व अन्य की ओर से मोहनलालगंज के ग्राम-शिवढ़रा में लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। वहीं, राम करन, मंशा राम, शीतल व अन्य द्वारा शिवढ़रा में लगभग 03 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था।




इसी तरह गुरूबक्श, प्रमोद कुमार, चन्द्रपाल व अन्य की ओर से शिवढ़रा में लगभग 05 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन तीनों अवैध प्लाटिंग को प्रवर्तन टीम द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि अनूप जायसवाल व अन्य की ओर से गुड़ंबा के पैकामऊ में कुर्सी रोड पर इंडियन ओवरसीज बैंक के पीछे लगभग 12,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। इसी तरह मोहम्मद वसीम द्वारा गुड़म्बा के ग्राम-पलका में लगभग 5,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल व नूर आलम द्वारा लगभग 10,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन तीनों अवैध प्लाटिंग को प्रवर्तन टीम ने ध्वस्त करा दिया।

## विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने लगवाया जॉब फेयर : सैकड़ों युवाओं को मिला रोजगार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर ब्लॉक कार्यालय में मंगलवार को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के सहयोग से सेवायोजन विभाग द्वारा ह्लरोजगार सहायता कार्यक्रम झ जॉब फेयरह्व का सफल आयोजन किया गया, जिसमें सरोजनी नगर सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से कुल 1135 नौकरी-प्रार्थी सम्मिलित हुए।

इस कार्यक्रम का समन्वयन एवं शुभारंभ डॉ. राजेश्वर सिंह की टीम के सदस्यों, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी तथा रश्मि यादव द्वारा किया गया। यह रोजगार मेला युवाओं को निजी क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में अवसर प्रदान करने हेतु आयोजित किया गया था, जिसमें 13 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियाँ जैसे पेटीएम, एलआईसी, रैपिडो, ईडीयू वेंटेज, टाइम्स प्रो, जय भारत मैन पावर,



रोजगार सहायता कार्यक्रम : डॉ राजेश्वर सिंह विधायक सरोजनीनगर के जॉब फेयर में 1135 युवाओं ने लिया भाग, 429 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**चयन परिणाम**
कुल चयनित अभ्यर्थी : 429
महिला उम्मीदवार : 132
पुरुष उम्मीदवार : 297

असाइन सर्विसेज लिमिटेड, इंस्टा ह्यूमन, एडिज, यश कंस्ट्रक्शन आदि ने प्रतिभाग किया।

इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को रिज्यूमे बनवाने, सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण कराने तथा कंपनियों का चयन करने में पूर्ण सहायता प्रदान की गई। प्रवेश द्वार पर 6 प्रशिक्षित वालंटियर की टीम द्वारा सहायता डेस्क स्थापित की गई थी, जो प्रिंटर, लैपटॉप और मार्गदर्शन सामग्री से सुसज्जित थी। प्रमुख विशेषताओं में सभी प्रतिभागियों का डिजिटल पंजीकरण किया गया। चयनित युवाओं का डेटाबेस दिन समाप्ति तक एकत्र कर लिया गया। ताराशक्ति निःशुल्क रसोई द्वारा भोजन की व्यवस्था की गई। डॉ. राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित यह रोजगार मेला न केवल युवाओं को अवसर प्रदान करने का माध्यम बना, बल्कि क्षेत्रीय विकास और युवाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी सिद्ध हुआ।

## जल निगम कर्मियों व पेंशनरों ने किया अनशन व प्रदर्शन

**लखनऊ।** उप्र जल निगम के कर्मियों व पेंशनरों ने 6 माह से वेतन पेंशन न मिलने पर मंगलवार को प्रदेश भर के मुख्य अभियन्ता कार्यालयों पर सामूहिक अनशन के साथ सभा एवं प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किए। लखनऊ में जल निगम के प्रधान कार्यालय पर लखनऊ स्थित कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी एकत्र हुए जिनके बीच से एक कार्मिक व पेंशनर अनशन पर बैठे, जिनका नेतृत्व लखनऊ जनपद के संयोजक गुडलक वर्मा की ओर से किया गया। उप्र. जल निगम संघर्ष समिति के प्रान्तीय संयोजक वाई एन उपाध्याय ने बताया कि आधा अधूरा वेतन वह भी छह-छह माह तक न मिलने से अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवार त्रस्त हैं। मंहगाई भत्ता भी सातवें के बजाय छठवें वेतनमान 252 प्रतिशत के स्थान पर 212 प्रतिशत, 40 प्रतिशत कम देकर, 14 वर्ष से कोई बोनस का भुगतान नहीं किया गया। प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, कानपुर, झाँसी, आगरा, गाजियाबाद, मेरत तथा गुरादाबाद में 2 घंटे तक जल निगम का कामकाज पूरी तरह बन्द कर दिया।

## पार्षदों के चयन न होने से सदन की बैठक टली, अब 4 जुलाई को

**लखनऊ।** नगर निगम के कार्यकारिणी समिति में रिक्त छह सदस्यों की मनोनयन प्रक्रिया के लिए प्रस्तावित सदन की तिथि में परिवर्तन कर दिया गया है। पूर्व में यह सदन 26 जून को निर्धारित था, परंतु अब इसे अपरिहार्य कारणवश स्थगित करते हुए आगामी 4 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने यह जानकारी दी कि यह सदन अब दिनांक 4 जुलाई 2025 को प्रातः 11:00 बजे त्रिलोकीनाथ सभागार, नगर निगम मुख्यालय, लालबाग में आयोजित किया जाएगा। सदन का प्रमुख उद्देश्य कार्यकारिणी समिति के 6 रिक्त पदों को भरना है, जिनके लिए नए सदस्यों का विधिवत मनोनयन किया जाएगा। महापौर ने सभी पार्षदगणों एवं नामित सदस्यों को सदन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपील की है। वहीं, पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने बयान जारी करते हुए कहा कि नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के लेकर उपमुख्यमंत्री, विधायक, महापौर एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष के बीच अंतर्कलह है जिसके कारण प्रत्याशियों का चयन नहीं हो पाया। यहीं वजह है कि महापौर को विवश होकर विशेष सदन की बैठक को स्थगित होने पर मजबूर होना पड़ा।

### ऑनलाइन टैक्स भुगतान पर 10% छूट के 6 दिन शेष

**लखनऊ।** नगर निगम की ओर से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई 10 प्रतिशत छूट योजना का लाभ लेने के लिए अब सिर्फ 6 दिन शेष हैं। 30 जून 2025 तक नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से हाउस टैक्स का ऑनलाइन भुगतान करने पर यह विशेष छूट प्राप्त की जा सकती है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि 01 जुलाई से ऐसे भवन स्वामी जो ऑनलाइन एकमुश्त यूजर चार्ज जमा करेंगे उन्हें ही हाउस टैक्स में 10% छूट दी जाएगी। यानी, यदि आप केवल हाउस टैक्स 01 जुलाई के बाद जमा करेंगे तो छूट का लाभ नहीं मिलेगा। इस योजना की औपचारिक शुरूआत नगर निगम की महापौर सुषमा खर्कवाल ने स्वयं अपने निजी आवास का यूजर चार्ज ऑनलाइन जमा करके की थी। इस अवसर पर महापौर ने नगर निगम के अधिकारियों और नागरिकों से अपील की थी कि वे समय पर टैक्स जमा करें और इस डिजिटल छूट योजना का लाभ उठाएं। महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने नागरिकों को यह भी आश्वस्त किया कि यदि कोई व्यक्ति ऑनलाइन भुगतान के बाद भी कूड़ा उठाने के नाम पर अतिरिक्त पैसे की मांग करता है, तो वे महापौर कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर 6389200005 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### बिजली बिल गलत आने पर व्यापारियों में आक्रोश

**लखनऊ।** राजाजीपुरम डिवीजन के कई क्षेत्रों में बिजली बिल सही नही भेजा जा रहा है। बिल समय पर और सही नही आने के कारण राजाजीपुरम के सैकड़ो व्यापारी परेशान है। जिसको लेकर सैकड़ो की संख्या में व्यापारी परेशान है। मगंलवार को राजाजीपुरम के व्यापारियों ने एक्सीएन को पत्र के माध्यम से बिजली बिल सही करने के लिए कहा था लेकिन अभी तक ज्यादातर बिल सही नही हो सके। राजाजीपुरम व्यापार मण्डल के अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता ने कहा कि जल्द ही व्यापारियों का बिल सही नही हुआ तो व्यापारी उपकेन्द्र के बाहर प्रदर्शन भी करेगें।

### बिजली बिल गलत आने पर व्यापारियों में आक्रोश

लखनऊ। राजाजीपुरम डिवीजन के कई क्षेत्रों में बिजली बिल सही नही भेजा जा रहा है। बिल समय पर और सही नही आने के कारण राजाजीपुरम के सैकड़ो व्यापारी परेशान है। जिसको लेकर सैकड़ो की संख्या में व्यापारी परेशान है। मगंलवार को राजाजीपुरम के व्यापारियों ने एक्सीएन को पत्र के माध्यम से बिजली बिल सही करने के लिए कहा था लेकिन अभी तक ज्यादातर बिल सही नही हो सके। राजाजीपुरम व्यापार मण्डल के अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता ने कहा कि जल्द ही व्यापारियों का बिल सही नही हुआ तो व्यापारी उपकेन्द्र के बाहर प्रदर्शन भी करेगें।

## बिजली संविदा कर्मचारियों का भुगतान समय से हो

### ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त होने पर जिम्मेदारों से हो वसूली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** संविदा कर्मचारियों का भुगतान समय से हो डॉ. गोयल ने कहा कि तमाम जगहों से शिकायतें आ रही हैं कि संविदा कर्मचारियों का समय से भुगतान नहीं हो रहा है। इस तरह की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी इसके जिम्मेदार होंगे उन पर कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सुनिश्चित करें कि संविदा कर्मचारियों का समय से भुगतान किया जाए। ट्रांसफॉर्मर की क्षतिग्रस्तता और बिजली बिलों की वसूली की समीक्षा करके जिम्मेदारों पर कार्रवाई के आदेश पावर कॉरपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने दिए हैं।

- **फिरोजाबाद के मुख्य अभियंता को कारण बताओ नोटिस**

बीते दिनों उन्होंने कहा कि निदेशक (वित्त) वसूली की समीक्षा करें और निदेशक (वितरण) ट्रांसफॉर्मरों की क्षतिग्रस्तता की।

उन्होंने कहा कि अगर 15 दिनों में वसूली में सुधार नहीं हुआ तो फिरोजाबाद के सभी अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने अधिकारियों को फिरोजाबाद के मुख्य अभियंता को कारण बताओ नोटिस देने के भी निर्देश दिए हैं। डॉ. गोयल ने कहा कि निदेशक (वितरण) ट्रांसफॉर्मरों के क्षतिग्रस्तता की समीक्षा करके अधिशासी अभियंताओं और सहायक अभियंताओं पर कार्रवाई करें। पिछले ढाई-तीन महीने में जहां ज्यादा ट्रांसफॉर्मर जले हैं, वहां अधिशासी अभियंता, एसडीओ को निलंबित करें। वहीं, निदेशक (वित्त) राजस्व वसूली की समीक्षा करके मुख्य अभियंताओं और अधीक्षण अभियंताओं पर कार्रवाई करें। सभी एमडी अपने डिस्कॉम के सभी जिलों में जाएं और वहां वितरण व राजस्व वसूली की समीक्षा करें। कनेक्शन काटना समस्या का हल नहीं है, बिल वसूलने के लिए प्रयास हों। उन्होंने कहा कि अगर किसी अधिकारी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा तो कार्रवाई तो होगी ही, जिम्मेदारों को स्थानांतरित भी किया जाएगा। अध्यक्ष ने वाणिज्यिक डेटा दुरुस्त न रखने वाले जिम्मेदारों को भी नोटिस देने के निर्देश दिए हैं।

## व्यावसायिक संपत्तियों की खरीद पर 6 प्रतिशत तक की मिलेगी छूट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एलडीए ने राजधानीवासियों और निवेशकों को बड़ी राहत देते हुए व्यावसायिक संपत्तियों की खरीद पर छूट देने का आदेश जारी किया है।

नए आदेश के तहत, 1 अप्रैल 2025 से जिन व्यावसायिक एवं व्यवस्थागत संपत्तियों को नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से बेचा गया है या आगे बेचा जाएगा, उन पर समय पर भुगतान करने पर अधिकतम 6 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी।

लखनऊ विकास प्राधिकरण ने पहले सिर्फ 45 दिनों के भीतर पूर्ण भुगतान करने पर 5 प्रतिशत की छूट का प्रावधान रखा था। लेकिन अब छूट की दरों को संशोधित करते हुए नई व्यवस्था लागू की है, जिसका सीधा लाभ उन खरीदारों को मिलेगा जो तय समयसीमा के भीतर संपत्ति का मूल्य चुकाएंगे।

एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने इस संबंध में 20 जून 2025 को आदेश जारी किया है। 1 अप्रैल 2025 व इसके बाद एलडीए जो भी व्यावसायिक संपत्तियों नीलामी के माध्यम से बेचेगा, उन सभी पर छूट दी जाएगी। छूट 75% रकम पर ही मिलेगी। इसका फैसला एलडीए की 184वीं बोर्ड बैठक में 27 मार्च 2025 को लिया गया था। जिसे अब आधिकारिक आदेश के रूप में लागू कर दिया गया है। सचिव की ओर से 20 जून 2025 के आदेश में स्पष्ट किया गया है कि एक अप्रैल 2025 से विज्ञापित और नीलामी के लिए प्रस्तुत संपत्तियों पर ही यह छूट लागू होगी। नई व्यवस्था के तहत 45 दिन में पूर्ण भुगतान पर 6% छूट, 60 दिन में पूर्ण भुगतान पर 5% छूट, 75 दिन में पूर्ण भुगतान पर 4% छूट व 90 दिन में पूर्ण भुगतान पर 3% छूट मिलेगी। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि यह निर्णय प्राधिकरण की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने के साथ-साथ व्यावसायिक संपत्तियों की शीघ्र बिक्री सुनिश्चित करने की दृष्टि से लिया गया है।

## 3000 से ज्यादा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कर रहीं गन्ना बीज उत्पादन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक पहल कर रही है। राज्य के विभिन्न जिलों में गठित 3000 से भी अधिक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाएं अब गन्ना बीज उत्पादन जैसे तकनीकी कार्यों में जुट गई हैं। इससे न केवल महिलाओं को आय का स्थायी स्त्रोत मिल रहा है, बल्कि गन्ना उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा में भी वृद्धि हो रही है।

राज्य सरकार की ओर से संचालित इस योजना के तहत वर्ष 2024-25 में महिलाओं के माध्यम से चार करोड़ से अधिक सिंगल बड बीजों का वितरण किया गया है। ये बीज गन्ना किसानों के बीच बड़े पैमाने पर वितरित किए जा रहे हैं, जिससे गन्ने की उपज बढ़ने लगी है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं सामूहिक रूप से त्वरित बीज संवर्धन अभियान में भाग ले रही हैं। इसके तहत महिलाओं को तकनीकी प्रशिक्षण, बीज संरक्षण, देखभाल एवं गुणवत्ता नियंत्रण की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। यह पहल गांव की महिलाओं को न सिर्फ आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि उन्हें तकनीकी रूप से भी सक्षम कर रही है। राज्य सरकार ने गन्ना किसानों के लिए तकनीक को भी माध्यम बनाया है। अब किसानों को ऑनलाइन बुकिंग के जरिए सीड किट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे किसानों को बिना किसी परेशानी के उन्नत किस्म की खेती करने में मदद मिल रही है। सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के तहत बेहतर उपज वाली और रोग प्रतिरोधक गन्ना किस्मों का लगातार विकास किया जा रहा है। इससे किसानों को ऐसी फसलें मिल रही हैं जो कम समय में ज्यादा लाभ देने वाली हैं। यह पहल न केवल उत्तर प्रदेश के कृषि क्षेत्र में नवाचार का उदाहरण है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में भी एक मजबूत कदम है।

## कमिश्नर से सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत

### एफआईआर के निर्देश, नागरिक सुविधा दिवस में 57 ने दिया शिकायती प्रार्थना पत्र

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगर निगम जोन 5 में वार्ड केसरी खेड़ा के खसरा संख्या 1293,1294,1295 की राजस्व रिकार्ड में तालाब दर्ज है। सरकारी गाटे पर भू-माफिया की ओर से अवैध कब्जा कर लिया गया हैं। मंडलायुक्त ने नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तत्काल तालाब से कब्जा खाली करवाया जाए और संबंधित भूमाफियाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उक्त शिकायत मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस में मंडलायुक्त से की गई। लालबाग स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय में आयोजित नागरिक सुविधा दिवस में ज्यादातर शिकायतें अवैध निर्माण व कब्जों से जुड़ी रहीं। इस मौके पर मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में नगर आयुक्त गौरव कुमार, एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव व अपर नगर आयुक्त ललित श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के सक्षम अधिकारियों ने जन सामान्य की समस्याओं को सुना। उनके निस्तारण के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त को अवगत कराया गया कि एलडीए जोन 5 के इंदिरा नगर अंतर्गत फरीदी नगर में पिकनिक स्पॉट रोड पर कुदरत, मुन्नू व अविनाश सिंह की ओर से अवैध निर्माण किया जा रहा है। शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्र पर अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है, शिकायत के बाद से ही प्रार्थी को जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। जिसके क्रम में मंडलायुक्त ने एलडीए के संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मौके पर जाकर संबंधित इमारत को तत्काल शील करते हुए आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाए, इसमें किसी प्रकार के हिला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान मंडलायुक्त को शिकायतकर्ता की ओर से अवगत कराया गया कि ग्राम सैदपुर जागीर परगना तहसील बीकेटी के सरकारी खसरा संख्या 240, 244 भू-माफिया की ओर से कूट रचित बैनामे के आधार पर सरकारी भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी भूमि पर किये गए अवैध कब्जों को मुक्त कराते हुए संबंधित के खिलाफ विधिक कार्रवाई कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। एक अन्य शिकायत में बताया गया कि भू-माफिया राजेंद्र यादव, अनिल यादव व गुरु प्रसाद यादव की ओर से तालाब के सरकारी जमीन खसरा संख्या 283, 284 पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिसके क्रम में मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी जमीन की पैमाइश कराकर अवैध कब्जे को तत्काल हटाया जाये साथ ही संबंधित के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाए। कानपुर बाईपास दुबग्गा सर्विस रोड के मुख्य मार्ग पर सीसीटीवी कैमरा सेफ सिटी के तहत लगवाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया।

## निजीकरण के सारे प्रकरण की सीबीआई जांच हो : संघर्ष समिति



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के मामले में पावर कार्पोरेशन प्रबंधन की निजी घरानों से मिली भगत और बड़े घोटाले की आशंका को देखते हुए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से निजीकरण के सारे प्रकरण में सीबीआई जांच की मांग की है। संघर्ष समिति ने नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स, किसान मंच, उपभोक्ता परिषद, भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ने वाले व्हीसल ब्लोअर्स की एक समिति विगत मार्च में गठित की थी। इस समिति ने प्रारंभिक तौर पर ही निजीकरण के सारे मामले में बड़े भ्रष्टाचार की आशंका जताई है। समिति ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ने वाली सबसे बड़ी संस्था ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया से भी इस बाबत विचार विमर्श किया। विस्तृत विचार विमर्श के बाद समिति ने संघर्ष समिति को अपनी रिपोर्ट दी है जिसमें कहा गया है कि प्राथमिक तौर पर ऐसे तथ्य सामने आए हैं जिससे ऐसा लगता है कि निजीकरण के मामले में बहुत बड़ा घोटाला और भ्रष्टाचार होने जा रहा है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# मौरंग व्यवसायी की गला रेतकर हत्या, हड़कंप

- कमरे से बरामद हुआ खून से लथ पथ शव, पास मिली शराब की बोतलें
- पुलिस ने महिला व उसके साथी को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ
- डीसीपी समेत कई आलाधिकारी मौके पर पहुंचे, डॉग स्क्वायड व फारेंसिक टीम ने की जांच
- सीसीटीवी फुटेज व मोबाइल के जरिए हत्यारों तक पहुंचने का प्रयास जारी





मृतक



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी के गुडंबा इलाके में स्थित एक तीन मंजिला मकान के एक कमरे से गला रेता हुआ एक मौरंग व्यवसाई का खून से लथ पथ शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया। यह खुलासा तब हुआ जब एक परिचित महिला उक्त मकान के कमरे पर पहुंची और दरवाजे पर ताला देखकर खोला तो वह दंग रह गयी। उसने ततकाल घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर आलाधिकारियों के अलावा स्थानीय पुलिस व फॉरेंसिक टीम के साथ साथ डॉग स्क्वायड भी पहुंची। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त उमाशंकर सिंह 46 के रूप में की। बताया जा रहा है कि कातिलों ने मृतक की गर्दन के अलावा कई हिस्सों पर वाकर किए हैं। फिलहाल मृतक की पत्नी ने महिला दोस्त और उसके परिवार पर जान से मारने का आरोप लगाया। गुडंबा पुलिस आस पास के सीसीटीवी कैमरो कि चेकिंग कर रही है।

खबर लिखे जाने तक पुलिस को कातिलों के कोई अहम सुराग नहीं मिल पाए थे। उमाशंकर सिंह(45) पुत्र बब्बन सिंह निवासी लंभुआ सुल्तानपुर के रहने वाले थे। परिवार में पत्नी ममता सिंह (40) और तीन बच्चे दो बेटियां सिम्मी, सुभि और बेटा आयुराज सिंह है। उमाशंकर मौरंग बालू का कारोबार करते है। दो महीने पहले अर्जुन एनक्लेव द्वितीय में मोहम्मद मुस्तकीम के मकान मे किराए पर रह रहे थे। मुस्तकीम ने बताया कि सोमवार को हमारी मुलाकात हुई थी और मंगलवार की सुबह 7 बजे उनकी महिला मित्र वैशाली सिंह पुत्री दिनेश सिंह निवासी विकासनगर ने बताया कि उमाशंकर के कमरे का ताला खोलकर अंदर गयी तो देखा कि उमाशंकर बीएड पर अर्धनग्न अवस्था मे बेड पर पड़े थे। तुरंत उसके मकान मालिक मुस्कीम कोबताया कि वो हिल दुल नही रहे है तब हमनेउमाशंकर के परिजनों को फोन से सूचना दिया। करीब 11.45बजे परिजनों ने 112 दयाल कर पुलिश और फोरहेंसिस टीम को सूचना दिया। मौके पर एसीपी पूर्वी अनिग्ध विक्रम सिंह और गुडम्बा पुलिस पहुची और शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए ट्रामा सेंटर भेज दिया। मृतक की पत्नी ममता सिंह ने बताया कि वैशाली सिंह का पति के साथ दोस्ती थी और इसी ने अपने परिवार के साथ मिलकर मेरे पति की हत्या की है। एसीपी पूर्वी अनिग्ध विक्रम सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी ममता सिंग की तहरीर पर हत्या का आरोप लगाया है। गुडम्बा पुलिस ने वैशाली सिंह और उसके भाई अविनाश सिंगज और माँ सावित्री सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वही मृतक उमाशंकर के पार्टनर शिवा सिंह ने बताया कि उमाशंकर ने वैशाली सिंह के भाई अविनाश के साथ मुर्गी फॉर्म में पैसा लगाया था उनका कहना है कि वैशाली से उनके गलत संबंध थे। पैसे के लेंन दें का मामला तज इसी में उनकी हत्या हुई है। मौके पर तीन गिलास और शराब की दो बोतल भी मिली है। लगता है रात में कुछ लोग साथ मे बैठकर शराब भी पी गयी है

## काशी कोतवाल की शरण में पहुंचे नये डीजीपी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नए पुलिस प्रमुख राजीव कृष्ण ने मंगलवार की भोर में बाबा काल भैरव के दरबार में हाजिरी लगाई। डीजीपी बनने के बाद यह उनका पहला काशी दौरा था, जिसमें वह सपरिवार बाबा काल भैरव के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। माना जाता है कि बाबा काल भैरव को काशी का कोतवाल कहा जाता है, और उनके दर्शन के बिना कोई यात्रा पूरी नहीं मानी जाती। डीजीपी राजीव कृष्ण ने विधिपूर्वक पूजा अर्चना की और बाबा से प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की शक्ति और बुद्धि की कामना की। इस अवसर पर उनका पूरा परिवार भी दर्शन-पूजन में शामिल रहा। मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। राजीव कृष्ण ने बाबा के समक्ष शीश नवाते हुए प्रदेश की जनता की सेवा और सुरक्षा में पूर्ण समर्पण का संकल्प दोहराया। गौरतलब है कि डीजीपी राजीव कृष्ण ने हाल ही में डीजीपी प्रशांत कुमार के स्थान पर पदभार संभाला है। सेवा, अनुशासन और तकनीकी दक्षता के लिए पहचान रखने वाले राजीव कृष्ण को प्रदेश में अपराध पर नियंत्रण और पुलिस व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूत्रों के अनुसार, इस समय वाराणसी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद हैं। इसके अतिरिक्त चार अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी काशी में किसी विशेष कार्यक्रम को लेकर पहुंचे हैं। इस माहौल में डीजीपी का यह धार्मिक दौरा विशेष प्रतीकात्मक महत्व रखता है।

## बाइक सवार को गिरा कर लूटी चेन

लखनऊ। आशियाना इलाके में बदमाशों ने चलती बाइक पर पैर मारकर युवक को गिरा दिया। इसके बाद उनकी पिटाई कर चेन लूटकर भाग निकले। यह आरोप लगा पीड़ित ने दो नामजद लोगों के खिलाफ आशियाना थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आशियाना के तोडखेड़ा निवासी अनुज रावत के मुताबिक बीते 28 मई को वह बाइक से शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। अनुज औरंगाबाद पुल पर पहुंचे थे तभी वहां पहले से मौजूद अभिषेक व अमित ने बाइक पर पैर मारकर उन्हें गिरा दिया। उनके गिरते ही दोनों आरोपितों ने उनकी पिटाई कर दी। चीख पुकार पर आसपास के लोगों को जुटता देख आरोपित उनकी चेन लूटकर भाग निकले।

## सीतापुर से आया पुजारी सिविल अस्पताल की टंकी पर चढ़ा

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सिविल अस्पताल स्थित पानी की टंकी पर मंगलवार सुबह एक पुजारी चढ़ गया। अस्पताल कर्मियों ने उसे नीचे उतारने का प्रयास किया। सफलता नहीं मिलने पर हजरतगंज पुलिस को सूचना दी गई।

करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद पुजारी को नीचे उतरा गया। इसके बाद दरोगा के साथ पुजारी और उनकी बहन को मुख्यमंत्री आवास ले जाया गया। जहां शिकायत प्रकोष्ठ में पुजारी ने पत्र दिया है। मंदिर की जमीन पर कब्जे से परेशान इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि लहरपुर बेहटी निवासी रमाशंकर तिवारी प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी हैं। जिनका मोहल्ले के ही विशाल कपूर से जमीन को लेकर विवाद है। रमाशंकर के मुताबिक विशाल कपूर ने मंदिर के नाम पर दर्ज जमीन को जाली कागज बना कर बेच दिया है।

इस बात की शिकायत पीड़ित ने लहरपुर पुलिस से की थी। तहसील स्तार पर कई बार प्रार्थना पत्र दिए। सुनवाई नहीं होने पर रमाशंकर मंगलवार सुबह बहन रागिनी पाण्डेय के साथ लखनऊ पहुंचे। पुजारी को मुख्यमंत्री आवास की तरफ जाना था। पर, वह सिविल अस्पताल पहुंच कर प्रदर्शन करने के इरादे से पानी की टंकी पर चढ़ गए। रमाशंकर को पुलिस ने नीचे उतारते हुए लहरपुर पुलिस को सूचना दी है। आधे घंटे तक किया हंगामा, मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ में दिया पत्र मंगलवार सुबह रमाशंकर तिवारी बहन के साथ लखनऊ पहुंचे थे। करीब 6.30 बजे दोनों लोग सिविल अस्पताल पहुंचे। रमाशंकर टंकी पर चढ़ गए। तीमारदारों ने पुजारी को टंकी पर चढ़ा देख पुलिस और अस्पताल कर्मियों को सूचना दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि करीब आधे घंटे तक रमाशंकर को मनाने का प्रयास किया गया। मुख्यमंत्री तक उनकी बात पहुंचाने का आश्वासन मिलने पर रमाशंकर टंकी से नीचे उतर आए। पुजारी ने बताया कि उनका पत्र शिकायत प्रकोष्ठ के जरिए एसडीएम लहरपुर को भेजा गया।

## रेस्टोरेंट संचालक की सड़क हादसे में गयी जान




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रहीमाबाद के टिकरी में सोमवार को तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार रेस्टोरेंट संचालक गोलू यादव (22) की मौत हो गई। दो जून को गोलू का तिलक समारोह हुआ था। इसी वर्ष उसकी शादी होनी थी। हादसे के समय वह मोबाइल फोन खरीदने हरदोई से लखनऊ आ रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरदोई के अतरौली मदारपुर निवासी गोलू यादव संडीला में फास्ट फूड का रेस्टोरेंट चलाता था। गोलू सोमवार शाम को बाइक से लखनऊ मोबाइल खरीदने आ रहा था। रहीमाबाद गहदो रोड पर टिकरी गांव के पास शाम पांच बजे तेज रफ्तार वाहन ने गोलू की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से वह बाइक समेत गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए। पुलिसकर्मियों ने गोलू को सीएचसी भेजवाया। जहां उनकी हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान गोलू की मौत हो गई। परिवार में पिता गुड्डू, मां व तीन भाई हैं। थाना प्रभारी रहीमाबाद के मुताबिक तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शादी की तैयारी के बीच आई मौत की सूचना गोलू का शव देख परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। पिता गुड्डू ने बताया कि अभी 22 दिन पहले गोलू का तिलक हुआ था। शादी की तारीख निकलवाई जा रही थी। परिवार के सभी लोग बहुत खुश थे। शादी की तैयारी चल रही थी। इस बीच अचानक हुए हादसे से परिवार के सभी लोग टूट गए है। कुछ समझ में नहीं आ रही कि यह सब कैसे हो गया।

**फरार्टा पंखे में करंट उतरने से बुजुर्ग दंपती की मौत:** निगोहां के अघैया गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। फरार्टा पंखे से करंट लगने के कारण एक बुजुर्ग दंपती की मौत हो गई। मृतकों की पहचान रमाशंकर दीक्षित (85) और उनकी पत्नी सरला देवी के रूप में हुई है। घटना का पता तब चला जब सुबह दंपती अपने कमरे से बाहर नहीं निकला। उनकी नातिन रूबी जब उन्हें जगाने गई, तो उसने देखा कि उसके नाना-नानी जमीन पर पड़े हैं। पंखा सरला देवी के सिर पर गिरा हुआ था। रूबी तुरंत चीखती हुई घर की ओर भागी और बड़ी मामी निर्मला को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही बड़े बेटे सुरेंद्र दीक्षित अपने बेटों दीपक और नीरज के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों ने पंखे को हटाकर शवों को कमरे से बाहर निकाला। घटना की खबर फैलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। दोपहर में परिजनों ने गांव में ही दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया। शव का पोस्टमॉर्टम नहीं कराया।

### पिकअप डिवाइडर से टकराई, एक की मौत

लखनऊ। काकोरी में आगरा एक्सप्रेव वे पर तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर से पिकअप की छत पर बैठा युवक उछलकर सड़क पर आ गिरा। सिर में चोट लगने से उसकी मौत हो गई। प्रतापगढ़ निवासी कल्लन पिकअप लेकर आगरा से लखनऊ जा रहा था। साथ में उसका साथी जौनपुर सुजानगंज लुकमान (38) भी था। लुकमान पिकअप की छत पर बैठा था। सोमवार देर रात 12 बजे कल्लन पिकअप लेकर आगरा एक्सप्रेस वे पर टोल प्लाजा पार कर पांच किमी माइलस्टोन पर पहुंचा था। तभी पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। लुकमान उछलकर सिर के बल सड़क पर आ गिरा। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, कल्लन को मामूली चोट आई है। लुकमान के परिवार में पत्नी व तीन बच्चे हैं। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश राठौर के मुताबिक तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## युवक की जेब से कीमती मोबाइल चोरी

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में बीते पांच माह पूर्व एक व्यक्ति का कीमती मोबाइल फोन चोरी हो गया। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि मूल रूप से इंद्रपुर, बलभद्रपुर, थाना-जामों, जनपद अमेठी निवासी विमल कुमार शुक्ल पुत्र राजेंद्र प्रसाद शुक्ल के अनुसार वह अपने परिवार के साथ सरोजनी नगर थाना क्षेत्र स्थित हिन्द नगर में किराए के मकान में रहता हैं और रायबरेली रोड मोहनलाल गंज में कार्यरत है।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र अनुज कुमार मौर्या को उसके गलत कृत्यों, लड़ाई, झगड़े व आए दिन के विवाद के चलते अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं, इसके किसी भी कृत्य से मेरा व परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। द्वारा सुरेश कुमार मौर्या पुत्र नौमीलाल निवासी मामपुर बाना, परगना-महोना, तहसील बख्शी का तालाब, जनपद-लखनऊ

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने दो लडकों में से राहुल श्रीवास्तव को उसके गलत चाल-चलन एवं अपनी मर्जी से मनीषा नामक लड़की से अन्तर्जातीय विवाह कर लेने, अपनी पत्नी के साथ हम लोगों से अलग ग्राम नगवा, थाना गीड में रहने लगने, आये दिन हमे और हमारे परिवार के अन्य सदस्यों को धमकाने एवं गाली गलौज करने के कारण हमने और हमारे परिवार के अन्य सदस्यों ने राहुल श्रीवास्तव एवं उसकी पत्नी मनीषा से सारे सम्बन्ध खत्म कर दिया है। भविष्य में उन दोनों के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई सरोकार नहीं होगा। संतोष कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. गुरु प्रसाद लाल श्रीवास्तव निवासी-ग्रा. नगवा, थाना-गीडा, तहसील-सहजनवां, जनपद-गोरखपुर।

## कार रोक दबंगों ने पीटा, की तोड़फोड़, मुकदमा दर्ज



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मानक नगर थाना इलाके में सोमवार शाम दोस्त संग घर जा रहे कार सवार युवकों को दबंगों ने रोक जमकर पीटाई करने के साथ उसकी कार में क्षतिग्रस्त करने के साथ बीच-बचाव कर रहे युवकों के परिचित की पीटाई कर जान से मारने की घमकी दे फरार हो गए। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित स्लीपर ग्राउण्ड निवासी अभिषेक कुमार पुत्र स्व अशोक कुमार के अनुसार वह सोमवार शाम करीब 8 बजे आरडीएसओ कॉलोनी में अपने मित्र अभिषेक सिंह के साथ चाय पी रहे था। उस दौरान अचानक विक्की नामक युवक अपने दोस्तों के साथ आकर गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि वह अपने दोस्त के साथ मेंहदीखेडा की तरफ से घर कार से जा रहे थे तभी पहले घात लगाये विक्की, अभिषेक यादव व्यापारी, हर्षित यादव, आकाश यादव उर्फ हन्नी, अंकुर सैनी, अर्पित यादव व तीन या चार अज्ञात लोगों ने मिलकर उसके मित्र की कार संख्या आगे आकर रोक लिया और गाली-गलौज करने के साथ मारपीट करने के साथ कार का शीशे भी तोड़ दिए। आरोप है कि मारपीट देख जब उनके परिचित नीरज शर्मा और पंकज शर्मा बीचबचाव के लिए आए तो दबंगों ने उनपर भी लाठी-डंडों और नुकीले हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में पंकज शर्मा की कमर और सिर पर गंभीर चोटें आईं जबकि नीरज शर्मा की एक पैर टूट गया और सिर में गंभीर चोट आई है। जिसके उपरांत पीड़ित ने इलाज कराने के बाद स्थानीय मानक नगर थाने पहुंच नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित युवक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

**ससुरालियों पर महिला ने लगाया मारपीट धमकी का लगाया आरोप मुकदमा दर्ज :** आलमबाग आशियाना थाना इलाके में रहने वाली एक महिला ने अपने ससुरालियों पर मारपीट धमकी का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित मदारी खेडा सेक्टर जी निवासी मालती मालती पत्नी सूरज के अनुसार वह लोगों के घरो मे काम करके अपने परिवार का पालन पोषण करती है। क्योकि पति बीमार रहते है। आरोप है कि उसका ससुर राम चरन अपने बच्चों और बहुओं को उकसाता है, जिससे उसकी बेटी संतोषी राजपूत, बेटा रितिक और उसकी पत्नी पूजा, छोटा बेटा विशाल उर्फ धरमू और उसकी पत्नी मालती ने मिलकर उसे लात-घूसों, डंडे और सरिया से मार जान से मारने की धमकी दे रहा है और कह रहा है कि उसका पति मर जाएगा तो ही उसे रहने देगा, नहीं तो उसे भी काटकर बहा देगा। मालती का पति किडनी और लीवर का मरीज है, और डॉक्टर ने जवाब दे दिया है, जिससे ससुराल वाले उसका जीना हराम किए हुए हैं। जिसके चलते उसने स्थानीय आशियाना थाने में ससुरालियों के खिलाफ नामजद लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## नाटक के माध्यम से बेटियों और शिक्षा के महत्व को बताया

- नाटक किस्सा मौजपुर का के मंचन को देख भावविभोर हुए दर्शक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। बच्चों के चहुमुखी विकास एवं कला संवर्धन हेतु उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ (संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश) द्वारा रंगमंडल विजय बेला एक कदम खुशियों की ओर के संयुक्त तत्ववाधान में एक महीनें से चल रहीं प्रस्तुतिपरक नाट्य कार्यशाला का सुखद समापन विद्यालय परिसर में बच्चों द्वारा तैयार नाट्य प्रस्तुति किस्सा मौजपुर का के मंचन से किया गया। कार्यक्रम का सुभारम्भ पूर्व ब्लाक प्रमुख राम उजागर वर्मा के साथ विद्यालय के संरक्षक चंद्रभूषण वर्मा, चंद्र प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार वर्मा, मनोज कुमार वर्मा, शेष राम मौर्य, सुभाष चन्द्र वर्मा व बेद प्रकाश वर्मा ने दीप जलाकर किया। नाटक का लेखन जयवर्धन जी एवं निर्देशन चंद्रभाष सिंह ने किया। नाटक में संगीत एवं नृत्य निर्देशन जूही कुमारी ने किया।

नाटक की शुरूआत मौजपुर के खुशहाल गांव से होती है। यहां कुछ दिन बाद क्लीनिक खुल जाती है। पैसों के लालच में क्लीनिक के डॉक्टर लिंग की जांच और गर्भपात जैसे अवैध काम शुरू कर देते हैं। अरसे बाद मौजपुर में लड़की जात ही समाप्त हो जाती है। फिर लड़कों के विवाह के लिए गांव के लोग परेशान होने लगते हैं। क्योकि बिना महिला वाले गांव में भला कौन अपनी बेटी को ब्याह देगा। गांव में विवाह करने आए लोग उल्टे पांव लौट जाते हैं। फिर एक व्यक्ति अपनी लड़की की शादी करने के लिए आता है तो अजीब शर्तें रखता है। इसमें वह ब्याह खर्च के लिए पच्चास हजार रुपये, लड़की की बारात लाने, और लड़के की विदाई करने को कहता है तो गांव वाले तैयार नहीं होते, परन्तु लड़का तैयार हो जाता है और बाद में गांव की यह परंपरा बन जाती है। लड़की वाले बारात लेकर आते और लड़के को बिदा कराकर अपने साथ ले जाते और इस प्रकार पूरा मौजपुर गांव एक दिन समाप्ती की कगार में आ खड़ा हुआ। नाटक में किस्सा मौजपुर का था, लेकिन देश के हर गांव, गली, शहर, की यही कहानी है। झूठी शान और दहेज के डर से लोग बेटियों को गर्भ में मार रहे हैं, लेकिन वह असल में अपने ही बेटों का भविष्य खराब कर रहे हैं। अंतरात्मा को झकझोरता हुआ यह हास्य नाटक सभी को बेटी और शिक्षा के महत्व को बताता है। कार्यशाला में कुल 35 छात्र/छात्रों नें भाग लिया एवं सभी नें नाटक में भिन्न भिन्न भूमिकाएं निभाई।

## मोहर्रम पर्व को लेकर कृष्णा नगर में कमेटी की बैठक

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली में मंगलवार शाम मोहर्रम पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर कमेटी की बैठक आयोजित किया। इस बैठक में एसीपी कृष्णा नगर विकास पाण्डेय सहित कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह सभी चौकी इंचार्ज संग उपस्थित रहे। इस बैठक के दौरान एसीपी कृष्णा नगर विकास पाण्डेय ने मौजूद व्यापारियों धर्मगुरुओं, ताजियादारों, जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और ताजिया जुलूस के समय पर विशेष ध्यान देने के साथ शान्ति पूर्वक जुलूस निकाल पर्व मनाने की अपील की है। वहीं इस बैठक के दौरान आलमबाग नटखेड़ा युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा ने व्यपार मण्डल के पदाधिकारियों वरिष्ठ महामंत्री राजेश बत्रा, उपाध्यक्ष विवेक सक्सेना संग मिलकर एसीपी कृष्णा नगर विकास पाण्डेय को अंग वस्त्र धारण करा सम्मानित किया।

## 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

लखनऊ। यूपी के मेरठ के मुंडाली थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस और एक वांछित अपराधी के बीच हुई मुठभेड़ ने फिर साबित कर दिया कि यूपी पुलिस ऑपरेशन मोड में है। गौकशी के कई मामलों में फरार चल रहा 25 हजार रुपये का इनामी अपराधी आबिद आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया। पुलिस के अनुसार, आबिद को हरियाणा के पलवल से गिरफ्तार कर मेरठ लाया गया था। उसे मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी उसने पेट दर्द और उल्टी की शिकायत कर पुलिस की गाड़ी रुकवाई। इसी दौरान उसने चुपके से एक दरोगा की सरकारी पिस्टल हथिया ली और भागने का प्रयास करने लगा। घटना के वक्त मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल हरकत में आकर उसे घेर लिया, लेकिन उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आबिद के पैर में गोली लगी, जिसके बाद वह मौके पर ही घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने तत्काल उसे कस्टडी में लिया और अस्पताल में भर्ती कराया। एसपी देहात राकेश कुमार ने बताया कि आबिद के खिलाफ मेरठ समेत कई जिलों में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं और उस पर 25 हजार का इनाम भी घोषित था।

## बेजुबानों को खाना खिला रही युवती से शराबियों ने की बदसलूकी

- 112 पर कॉल के बावजूद नहीं मिला तत्काल सहयोग
- थाने में लिखित शिकायत, थाना प्रभारी से मुलाकात









विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के गोमती नगर क्षेत्र स्थित रेसहा गांव में बीती सोमवार की रात बेजुबान जानवरों को खाना खिला रही एक समाजसेवी युवती और उसके साथियों के साथ मारपीट और अभद्रता की। जिसमें स्थानीय लोगों ने लाठी डंडे से दूसरे पक्ष को बुरी तरह पीट दिया और गाड़ियां तोड़ दी। इस दौरान उन्होंने मदद के लिए 112 पर कॉल किया लेकिन आरोप है कि उनको तत्काल कोई मदद नहीं मिल पायी। फिलहाल इस सम्बन्ध में पीड़ित पक्ष ने विभूति खंड थाने में तहरीर दी है।

कोमल अग्रवाल, जो नियमित रूप से अपने सहयोगियों के साथ लावारिस जानवरों को भोजन कराती हैं। वह बीती सोमवार की रात को हयात होटल के पीछे स्थित ग्रामीण क्षेत्र में पहुंची थीं। तभी स्थानीय, नशे में धुत युवकों ने उन्हें घेर लिया। उनके साथ अश्लील भाषा, शारीरिक अभद्रता, डंडों से हमला और कपड़े फाड़ने की कोशिश जैसी गंभीर आपराधिक हरकतें की।

उन्होंने बताया कि घटना के दौरान किसी तरह एक सहयोगी ने 112 हेल्पलाइन पर कॉल किया (रात्रि 11:30 बजे के करीब), लेकिन पुलिस ने कोई त्वरित सहायता नहीं दी। कहा गया कि हम मुंशीपुलिया में हैं। इसके बाद कोमल अग्रवाल किसी तरह वह से बच निकालकर खुद गाड़ी चलाकर विभूतिखंड थाना पहुंची, जहां उन्होंने रोते हुए मदद की गुहार लगायी। लंबे समय तक गुजारिश करने के बाद ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस के सामने भी डराने की कोशिश, फिर भी कार्रवाई नहीं गयी। उस दौरान आरोपी युवक और वहां उपस्थित गांव वाले पुलिस के सामने भी पीड़ितों को धमकाते रहे लेकिन किसी को गिरफ़्तार नहीं किया गया। उल्टा पीड़ितों को ही थाने लाकर मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया। कोमल और उनके साथियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि आरोपियों का भी मेडिकल कराया जाए क्योकि वह शराब में धुत है लेकिन किसी कारणवश यह मांग अनसुनी कर दी गयी।

अगले दिन मंगलवार को पीड़ित कोमल अग्रवाल और सिद्धार्थ ने विभूतिखंड थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह से मुलाकात की और पूरा घटनाक्रम विस्तार से बताया। उन्होंने लिखित शिकायत सौंपी और तत्काल कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी ने उचित जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**उत्तर प्रदेश पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड, ई-निविदा सूचना :** निम्नलिखित ई-निविदा जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है ई-निविदा की वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी गई है। 1. खुली अति अल्प कालीन ई-निविदा संख्या टी.-04/2025-26, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत विभिन्न 220 के.वी. एवं 132के.वी. उपकेन्द्रों पर खराब 33के.वी. वी.सी.बी. को बदलने एवं खराब वैक्यूम इंटरपटरों को बदलने तथा 33के.वी. वी.सी.बी. की ढुलाई इत्यादि का कार्य। उपरोक्त विषय में विस्तृत विवरण साईट पर उपलब्ध है सभी सक्षम आपूर्ति/कार्यदायी संस्थाएं तदनुसार निविदा में भाग ले सकती है। **अधिशासी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा। "राष्ट्रहित में बिजली बचायें" (पत्रांक : 1011, दिनांक : 24.06.2025)**

# इंजीनियरिंग कार्य के कारण ट्रेनों के मार्ग बदले

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की संरक्षा एवं परिचालनिक सुगमता हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के बिलासपुर-रायपुर खंड के सिलयारी-मांढर स्टेशनों के मध्य पुल संख्या 403 पर इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं पुनर्निर्धारण किया जायेगा।

मार्ग परिवर्तन के तहत 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस 28 जून को निर्धारित मार्ग उस्लापुर - कटनी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोंडिया, नैनपुर, जबलपुर, कटनी के रास्ते चलायी जायेगी। 15232 गोंडिया-बरौनी एक्सप्रेस 28 जून को निर्धारित मार्ग उस्लापुर - कटनी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग नैनपुर, जबलपुर, कटनी के रास्ते चलायी जायेगी। पुनर्निर्धारण के तहत 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस 28 जून को छपरा से 01 घंटा पुनर्निर्धारित कर चलायी जायेगी।

वहीं उत्तर रेलवे के कानपुर पुल वाया किनारा-मगरवारा स्टेशनों के मध्य पुल संख्या-109 तथा सोनिक स्टेशन यार्ड में स्थित पुल संख्या-77 पर गर्डर कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन, मार्ग परिवर्तन तथा पुनर्निर्धारण/नियंत्रण निम्नवत किया जायेगा।

शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन के तहत लखनऊ जं. से 25 जून को चलने वाली 12179 लखनऊ जं.-आगरा फोर्ट इण्टरसिटी एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर कानपुर सेण्ट्रल से चलाई जायेगी। आगरा फोर्ट से 25 जून को चलने वाली 12180 आगरा फोर्ट-लखनऊ जं. इण्टरसिटी एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर कानपुर सेण्ट्रल में यात्रा समाप्त करेगी।

मार्ग परिवर्तन के तहत नई दिल्ली से 25 जून को चलने वाली 12004 नई दिल्ली-लखनऊ जं. शताब्दी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गाजियाबाद-मुरादाबाद-लखनऊ जं. के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव अलीगढ़, टूंडला, इटावा, फफूँद, कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर नही रहेगा।

पुनर्निर्धारण/नियंत्रण के तहत गोरखपुर से 25 जून को चलने वाली 12589 गोरखपुर-चर्लपल्ली एक्सप्रेस बाराबंकी से 30 मिनट विलम्ब से चलाई जायेगी।

## वर्षाकाल में रेलवे ने नदियों के पुलों पर बढ़ायी निगरानी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- बोल्डर, क्वेरी डस्ट/मोटा बालू/सिन्डर, खाली सीमेन्ट के बैग, सर्विस गर्डर, वुडेन स्लीपर का रखा है भंडारण

**लखनऊ।** मानसून के दौरान सुरक्षित एवं संरक्षित संचलन हेतु विशेष सावधानियां अपनाई जाती हैं। पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा वर्षा काल में आकस्मिक आवश्यक वस्तुओं जैसे- बोल्डर, क्वेरी डस्ट/मोटा बालू/सिन्डर, खाली सीमेन्ट के बैग, सर्विस गर्डर, वुडेन स्लीपर, सी.सी. क्रिब, जी.आई. वायर, जेनरेटर टार्च, टेन्ट तथा तारपोलिन आदि का पिछले मानसूनों के अनुभव के आधार पर पर्याप्त भंडारण ऐसे स्थान पर किया गया है, जिससे आवश्यकतानुसार इनका लदान सुविधानुसार हो सके।

मानसून के दौरान विशेष परिस्थितियों में तात्कालिक राहत सामग्री उपलब्ध कराने हेतु बोल्डर एवं क्वेरी डस्ट विभिन्न स्टेशनों पर वैगनों में लोड कर रखे जाते हैं।

इज्जतनगर मंडल के कासगंज स्टेशन पर ऑन व्हील 04 वैगन बोल्डर एवं 04 वैगन क्वेरी डस्ट, गुलरभोज स्टेशन पर 10 वैगन बोल्डर, लखनऊ मंडल के गोंडा स्टेशन पर 20 वैगन बोल्डर एवं 10 वैगन क्वेरी डस्ट, नकहा जंगल स्टेशन (गोरखपुर) पर 12 वैगन बोल्डर एवं 04 वैगन क्वेरी डस्ट तथा वाराणसी मंडल के छपरा स्टेशन पर 12 वैगन बोल्डर एवं 04 वैगन क्वेरी डस्ट तैयार रखा गया है। ऑन व्हील मैटेरियल को किसी भी आकस्मिक आवश्यकता पर तुरन्त चलाया जा सकता है।

मानसून को ध्यान में रखते हुए आकस्मिक आवश्यकता हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ, इज्जतनगर तथा वाराणसी मंडलों के चिन्हित लोकेशनों पर ऑन ग्राउण्ड बोल्डर, क्वेरी डस्ट, सैंड, सिंडर आदि तैयार रखे गये हैं।

वर्षा काल में सुचारू एवं संरक्षित रेल परिचालन हेतु मानसून की दृष्टि से संवेदनशील रेलपथों एवं पुलों की पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाती है। इज्जतनगर मंडल के 74 स्थानों पर स्टेशनरी एवं 17 स्थानों पर मोबाइल पेट्रोलिंग, लखनऊ मंडल के 24 स्थानों पर स्टेशनरी एवं 18 स्थानों पर मोबाइल पेट्रोलिंग तथा वाराणसी मंडल के 15 स्थानों पर स्टेशनरी एवं 12 स्थानों पर मोबाइल पेट्रोलिंग से निगरानी की जा रही है।

तटबन्धों में उन स्थलों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है जहाँ विगत वर्षों में कटान की समस्या आई हो अथवा अन्य किसी कारण से क्षति हुई या बाढ़ का पानी ऊपर चढ़ गया। महत्वपूर्ण पुलों के रख-रखाव हेतु नदियों के जलस्तर की निगरानी की जा रही हैं। जल स्तर की निगरानी के लिये पुलों पर ऑटोमेटिक वाटर लेवल मेजरिंग डिवाइस लगाया गया है।

## 2.35 लाख सरकारी भवनों की छतें वर्षा जल संचयन प्रणाली होंगी लैस



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक अभियान के तहत राज्य में 2.35 लाख सरकारी और अर्ध-सरकारी भवनों को छत पर वर्षा जल संचयन प्रणाली से लैस करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी।

बयान के अनुसार उत्तर प्रदेश के करीब 34,000 सरकारी व अर्ध सरकारी भवनों में पहले से ही यह प्रणाली स्थापित है और आने वाले समय में एक लाख से अधिक भवनों को भी इस सुविधा से युक्त बनाया जाएगा। यह भूजल स्तर को पुनर्जीवित करने और जल संकट से निपटने की दिशा में काफी महत्वपूर्ण कदम है।

बयान के अनुसार, सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के कुल दो लाख 35 हजार सरकारी एवं अर्ध सरकारी भवनों को वर्षा जल संचयन प्रणाली से युक्त किया जाए। बयान में कहा गया है कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के तहत 16 जिलों ने 100 प्रतिशत वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापना का कार्य पूरा कर लिया है, जिसमें अयोध्या, अम्बेडकर नगर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, गोंडा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, बस्ती, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, बलिया, झांसी और पीलीभीत जिले शामिल हैं।



## अंतर्राष्ट्रीय बाल शिविर में प्रतिभाग के लिए नार्वे जायेगा सीएमएस छात्र दल

**लखनऊ।** सीएमएस के गोमती नगर प्रथम कैम्पस का पांच सदस्यीय दल अंतर्राष्ट्रीय बाल शिविर (सीआईएसवी कैम्प) में प्रतिभाग के लिए नार्वे रवाना हो रहा है। अंतर्राष्ट्रीय बाल शिविर में प्रतिभाग के लिए नार्वे रवाना हो रहे इस दल के छात्र सदस्यों में अहान सिंह, आबिदा हुसैन अंसारी, आद्या भटनागर एवं अविघ्न कुशवाहा शामिल हैं जबकि छात्र दल का नेतृत्व विद्यालय की शिक्षिका सुश्री साक्षी सिंह करेंगी। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि 27 जून से 24 जुलाई तक नार्वे के ट्रोंडेलाग शहर में आयोजित हो रहे इस अन्तर्राष्ट्रीय बाल शिविर में कई देशों के 11 से 12 वर्ष उम्र के छात्र अपने शिक्षकों के नेतृत्व में प्रतिभाग कर रहे हैं, जो लगभग एक माह तक साथ-साथ एक छत के नीचे रहकर एकता, शान्ति और सौहार्द को बढ़ावा देने वाली अनेकानेक गतिविधियों में सम्मिलित होंगे एवं एक-दूसरे से अपने विचारों को साझा कर अन्तर-साँस्कृतिक सम्बन्धों को बढ़ावा देने में महती भूमिका निभायेंगे।

## भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद चखा




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- आदर्श पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन ने किया आयोजन

**लखनऊ।** आदर्श पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा गोसाईगंज लखनऊ में मंगलवार को आयोजित भंडारे में पहुंचकर सैकड़ो लोगो ने ग्रहण किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद आर के चौधरी, विशिष्ट अतिथि विधायक मोहनलालगंज अमरेश रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष गोसाईगंज निखिल मिश्रा जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष विजय बहादुर यादव , सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

आदर्श पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान ने जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक प्रताप सिंह व कोषाध्यक्ष नरसिंह नारायण पांडेय का अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। इसके साथ ही क्षेत्रीय पत्रकार संतोष शर्मा , इरफान अब्बासी मोनू वर्मा, इन्द्रेश यादव, अस्वनी यादव, अशोक सिंह, संरोज सिंह , वरिष्ठ पत्रकार राम दशरथ यादव अनुराग सिह डॉ0 राजपाल वर्मा, अनुपम मिश्रा, शिवा मिश्रा ज्ञान अनिहोत्री विनय तिवारी समेत कई पत्रकार शामिल हुए।

## आईआईएम ने की 643 छात्रों के साथ नए शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत

विशेष संवाददाता (vol)




- 41वें पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट में 520 छात्र
- 22वें पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट में 57 छात्र

**लखनऊ।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) लखनऊ ने पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (पीजीपी), पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट (पीजीपी-एबीएम), पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन सस्टेनेबल मैनेजमेंट (पीजीपी-एसएम) और डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) कार्यक्रमों में 643 नए छात्रों का स्वागत किया है। यह कार्यक्रम तीन दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम के साथ आयोजित किया गया है।

नए बैच में 30% छात्राएं, 50.70% छात्राएं इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि की हैं और 49.30% गैर-इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि की हैं और 32% नए छात्र पीजीपी में और 68% पीजीपी-एबीएम कार्यक्रमों में शामिल है।

उद्घाटन समारोह में अनंत नारायण, पूर्णकालिक सदस्य, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड और आईआईएम लखनऊ के पूर्व छात्र, 1993 की गरिमामयी उपस्थिति ने गरिमा प्रदान की। मुख्य अतिथि के अलावा, उद्घाटन समारोह में आईआईएम लखनऊ के शीर्ष नेतृत्व दल ने भाग लिया, जिसमें प्रो. संजीत सिंह, डीन फैकल्टी, प्रो. संजय के सिंह, डीन प्रोग्राम, प्रो. पुष्पेंद्र प्रियदर्शी, अध्यक्ष, डॉक्टरल प्रोग्राम, प्रो. दीप्ति गुप्ता, अध्यक्ष, पीजीपीएसएम और प्रो. आलोक दीक्षित, अध्यक्ष, पीजीपी, आदि शामिल थे।

मंगलवार से शुरू होने वाला तीन दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम संस्थान की संस्कृति, शैक्षणिक कठोरता और छात्रों के लिए उपलब्ध अवसरों की अधिकता का व्यापक परिचय प्रदान करेगा। कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों की शपथ के साथ हुई, जो आईआईएम लखनऊ में उनकी यात्रा की प्रतीकात्मक शुरूआत थी। अपने उद्घाटन भाषण के दौरान, अनंत नारायण ने कहा, जब आप प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और वैश्विक परिवर्तन में क्वांटम छलांग द्वारा आकार वाले भविष्य में कदम रखते हैं, तो सफलता को इस बात से मापना याद रखें कि यह आपके अपने मूल्यों के साथ कितनी निकटता से मेल खाता है। भीतर का दोस्त, आपकी आंतरिक आवाज, आपका सबसे विश्वसनीय कम्पास होगा। एकांत के क्षणों में, स्पष्टता उभर कर आएगी। इसे अपना मार्गदर्शन करने दें। दुनिया को और अधिक शोर की आवश्यकता नहीं है, इसे प्रामाणिकता, उद्देश्य और शालीनता से 'नहीं' और दृढ़ विश्वास के साथ 'हां' कहने का साहस चाहिए। नए बैच का स्वागत करते हुए, आईआईएम लखनऊ के डीन फैकल्टी, प्रो. संजीत सिंह ने कहा, आईआईएम लखनऊ में, जो चीज आपको अलग बनाएगी, वह है आलोचनात्मक ढंग से सोचने की आपकी क्षमता, मान्यताओं को चुनौती देना और भावनात्मक बुद्धिमत्ता और मन की स्पष्टता के साथ समस्याओं का सामना करना। आप विविध पृष्ठभूमि, इंजीनियरिंग, कला, वाणिज्य और बहुत कुछ से आते हैं, और यह विविधता आपकी ताकत है। अगले दो वर्षों में, आईआईएम लखनऊ आपको आगे बढ़ने, सहयोग करने और अपने अनूठे दृष्टिकोण की खोज करने का अवसर प्रदान करेगा। एक ऐसी यात्रा में आपका स्वागत है जो न केवल आपके करियर को बदल देगी, बल्कि आपके सोचने के तरीके को भी बदल देगी।

## पीडब्ल्यूडी मुख्यालय परिसर में प्रवेश के लिए सचिवालय प्रवेश नीति की व्यवस्था लागू

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रवेश के लिए सक्षम अधिकारी के स्तर से जारी पास ही होगा मान्य
- विभागीय कार्मिक को विभागीय परिचय पत्र के साथ गेट नं.-1 से ही प्रवेश मिलेगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लखनऊ स्थित लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मुख्यालय के परिसर में आगंतुकों के प्रवेश के लिए उप्र सचिवालय प्रवेश नीति-2018 में निहित व्यवस्था को यथावत लागू किया गया है।

अब लखनऊ स्थित लोक निर्माण विभाग मुख्यालय परिसर में प्रवेश के लिए दैनिक प्रवेश पास के लिए विभागीय सक्षम अधिकारी एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा आगंतुक का विवरण ऑनलाइन माध्यम से लोक निर्माण विभाग मुख्यालय के गेट नं.-1 पर स्थित प्रवेश पास काउंटर पर भेजना होगा। प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग अशोक कुमार द्विवेदी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यालय परिसर में प्रवेश के लिए इच्छुक आगंतुकों को सर्वप्रथम विभाग में अधिकृत सक्षम अधिकारी के स्तर से व्यक्तिगत तौर पर अनुमोदन प्राप्त करना होगा। सक्षम अधिकारी से अनुमोदन प्राप्ति के बाद प्रवेश पास आगंतुक कक्ष में पास काउंटर पर फोटोयुक्त पहचान पत्र देखकर ही जारी किया जायेगा। प्रवेश पास जारी होने की प्रक्रिया में लगने वाले समयावधि में आगंतुकगण, पास-कक्ष में प्रतीक्षा करेंगे। इस प्रवेश पास का एक भाग सुरक्षा चौकी में अभिलेखार्थ सुरक्षित रखा जायेगा। प्रवेश पास की संस्तुति करने के लिए अधिकृत सक्षम अधिकारियों की सूची काउंटर पर उपलब्ध रहेगी।

प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष ने बताया कि इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग में कार्यरत समस्त अधिकारी / कर्मचारी ईएचआरएमएस कोड अंकित विभागीय परिचय पत्र धारित करते हुए गेट नं.-1 से प्रवेश करेंगे। गेट नं.-2 व 3 से प्रवेश पूर्णतया निषेध होगा। विभागीय परिचय पत्र धारित न किये जाने की स्थिति में उन्हें सामान्य पास के द्वारा ही कार्यालय परिसर में प्रवेश करना होगा। पास जिन कक्ष/अधिकारी से मिलने के लिए जारी हुआ है केवल वहीं के लिए अनुमन्य होगा। मुख्यालय परिसर में अनुरक्षण कार्य के लिए संबंधित खण्डों / वर्गों जैसे- मुख्यालय / विद्युत /सिविल / कम्प्यूटर के सक्षम अधिकारी द्वारा ठेकेदार के श्रमिकों की संस्तुति के बाद प्रवेश पास कार्यालय द्वारा पास निर्गत किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि निर्माण भवन परिसर में निर्धारित सीमा (बैरियर / बैरीकेडिंग) के अंदर विभागीय मुख्य अभियंता एवं उनसे वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधिगण, सांसदगण, विधायकगण के वाहनों (सचिवालय पास सहित) जिसमें वह स्वयं बैठे हों, को ही प्रवेश दिया जायेगा।

## लखनऊ जू में 'जूनियर कन्जर्वेशनिस्ट नेचर कैम्प' का शुभारंभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, जयवीर सिंह की प्रेरणा तथा प्रमुख सचिव, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित राज्य संग्रहालय, लखनऊ एवं टर्टिल सर्वाइवल एलाइन्स फाउण्डेशन, इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को जूनियर कन्जर्वेशनिस्ट नेचर कैम्प का उद्घाटन नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान, लखनऊ में किया गया।

इस पर्यावरण-शैक्षिक शिविर का उद्देश्य बच्चों को जैव विविधता, वन्य जीव संरक्षण एवं प्राकृतिक संतुलन की अवधारणाओं से रुबरु कराना है। कार्यक्रम प्रभारी सुश्री अल-शाज फात्मी, सहायक निदेशक, राज्य संग्रहालय ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए वन्य जीवन संरक्षण के महत्व पर प्रेरणादायी वक्तव्य प्रस्तुत किया।

शिविर के प्रथम दिन टर्टिल सर्वाइवल एलाइन्स फाउंडेशन, इंडिया के वैज्ञानिक डॉ. अनुराग एवं श्रीपर्णा दत्ता ने प्रतिभागियों को नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान का भ्रमण कराया। भ्रमण के दौरान बच्चों को शेर, बाघ, तेन्दुआ एवं चीता जैसे मांसाहारी प्राणियों के स्किन पैटर्न, उनकी शिकार करने की तकनीकें तथा मगरमच्छ की प्रसिद्ध डेथ रोल शिकार प्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। सरीसृपों की दुनिया से परिचय कराते हुए टर्टिल और टव्याइज के बीच की भिन्नता को स्पष्ट किया गया, साथ ही भारत में पाई जाने वाली 25 प्रजातियों के कछुओं एवं 5 प्रकार के टव्याइज की जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि अधिकांश सरीसृप अण्डे देते हैं, किंतु रसल वाइपर जैसे कुछ प्रजातियाँ सीधे बच्चों को जन्म देती हैं। धामिन साँप की विशेषताएँ भी बताई गईं जैसे उसकी उत्कृष्ट पेड़ पर चढ़ने की क्षमता तथा पक्षियों व उनके अण्डों का शिकार करने की प्रवृत्ति।

कार्यक्रम के अंत में बच्चों को एक शिक्षाप्रद वर्कशीट दी गई जिसमें उन्होंने भ्रमण के दौरान अर्जित ज्ञान से जुड़े प्रश्नों को हल किया तथा पशु-पक्षियों से संबंधित चित्र भी बनाए। इस गतिविधि में बच्चों ने अत्यंत उत्साह और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस सफल आयोजन में श्री शारदा प्रसाद, श्री राहुल सैनी, अनुराग द्विवेदी, रामू, सुरेश, सत्यपाल शर्मा एवं श्रीमती पूनम का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। यह शिविर बच्चों को संवेदनशील पर्यावरणीय नागरिक बनाने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है, जो उन्हें न केवल ज्ञान से समृद्ध करेगा बल्कि प्रकृति के प्रति प्रेम और उत्तरदायित्व का भाव भी विकसित करेगा।

## राजधानी में कोरोना के दो नये मरीज मिले

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मंगलवार को कोविड के 02 महिला धनात्मक रोगी मिले। जिनमें उम्र क्रमशः 30 वर्ष चौक निवासी और 32 वर्ष त्रिवेणी नगर निवासी है ' जनपद में अब तक कुल 69 कोविड धनात्मक रोगी की पाये गये हैं जिनमें से एक्टिव केसेस की संख्या 28 है।

## भाजपा सरकार पुराने सांस्कृतिक व धार्मिक स्थलों को कर रही नष्ट

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारवार्ता कर वृंदावन की कुंज गलियों को खत्म करने का लगाया आरोप

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हिंदुत्व के नाम पर आयी भाजपा सरकार लगातार हिंदू धर्म के स्थलों के साथ खिलवाड़ कर रही है। दुनिया में जितने भी प्राचीन शहर हैं। सबने अपना स्वरूप बचाकर रखा है। किसी ने उसको नहीं बदला है वह चाहे मिश्र हो या वैनिस हो। केवल भाजपा सरकार पुराने सांस्कृतिक तथा धार्मिक स्थलों को नष्ट कर रही है। यह बातें मंगलवार को कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहीं।

उन्होंने कहा कि पहले बनारस के मूल स्वरूप को बर्बाद किया गया। सैकड़ो शिवलिंग और मंदिरों को तोड़ा गया, वट वृक्ष काट दिया गया। फिर अयोध्या में अधूरे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गयी और अब दोबारा प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है, जो कभी नहीं होता है। राय ने कहा कि मां विंध्यवासिनी के मंदिर पर उनकी निगाह है, उसके बाद अब वृंदावन की कुंज गलियों को भी खत्म कर देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह सभी ईश्वर से जुड़े आस्था के स्थान हैं। जिनको भाजपा सरकार पर्यटन स्थल या पिकनिक स्पॉट में बदल रही है।

उन्होंने बताया कि सोहनलाल मिश्र जो चारों वेदों के ज्ञाता है और वृंदावन के तीर्थ पुरोहित भी हैं। इनका परिवार और इनका समाज 500 वर्षों से बिहारी जी की सेवा कर रहा है। सरकार जिस तरह से इन लोगों पर दबाव डाल रही है। यह लोग काफी दिनों से परेशान है और आज अपनी पीड़ा लेकर यहां आये हैं और हम वृंदावन के लोगों के साथ पूरी ताकत के साथ खड़े रहेंगे। अजय राय ने साथ प्रेस वार्ता में बैठे वृंदावन के तीर्थ पुरोहित सोहनलाल मिश्रा ने कहा कि जो अत्याचार औरंगजेब के जमाने में नहीं हुआ, वह योगी कर रहे हैं। 285 परिवार ठाकुर जी के मंदिर से जुड़े हैं, उनके घर तथा छोटे-छोटे मंदिर तोड़े जा रहे हैं। पुलिस और प्रशासन द्वारा लोगों को धमकाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हम चार गुना कीमत देने को तैयार हैं तो क्या योगी गोरक्ष पीठ हमको दे देंगे? वृंदावन से आये दीपक पराशर ने कहा कि सरकार व्यवस्था बनाना नहीं बिगाड़ना चाहती है। वृंदावन का मूल स्वभाव ही गालियां हैं। उन्होंने कहा कि बांके बिहारी मंदिर के पास 1000 मीटर से ज्यादा जगह है खाली पड़ी है। जिसको मंदिर में जोड़कर वृंदावन को नष्ट किये बिना व्यवस्था बनायी जा सकती है। दीपक पाराशर ने कहा कि सरकार आवश्यक तीन चीजें सुगमता से दर्शन, पीने का पानी और शौचालय तो दे नहीं पा रही है और 150 मंदिर तोड़ने जा रही है। प्रेसवार्ता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत, डॉ0 सुधा मिश्रा मुख्य रूप से मौजूद रही।

## प्रमाण पत्र पाकर खिले प्रतिभागियों के चेहरे



**लखनऊ।** लविवि के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का समापन एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. आरके सिंह निदेशक द्वितीय परिसर लखनऊ विश्वविद्यालय थे। प्रो. सिंह ने कहा कि योग दिवस 21 जून को लखनऊ विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी तथा शिक्षार्थियों ने कामन योग प्रोटोकॉल एवं सूर्य नमस्कार का रिकॉर्ड संख्या में अभ्यास किया। विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए योग महत्वपूर्ण साधन है। विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग का अभ्यास करना चाहिए योग के अभ्यास से विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में परिवर्तन आएगा।

## प्रो. संजय सिंह और वाटर वूमन ने लगाया सिंदूर का पौधा

### सात हजार किमी की पर्यावरण प्रवास यात्रा का समापन पुनर्वास विवि में हुआ

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** वाटर वूमन शिप्रा पाठक सात हजार किलोमीटर की पर्यावरण प्रवास यात्रा का समापन डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह एवं वाटर वूमन शिप्रा पाठक ने सात हजार किलोमीटर की पर्यावरण प्रवास यात्रा के समापन अवसर पर सिंदूर के पौधे का रोपण किया।

शिप्रा पाठक ने पंचतत्व नामक एक संस्था की स्थापना की है, जिसके माध्यम से वह जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता के क्षेत्र में काम करती हैं। उनकी संस्था के साथ 15 लाख लोग जुड़े हुए हैं और उनके सहयोग से नदियों के किनारे 25 लाख पौधे लगाए गए हैं। शिप्रा पाठक हर साल विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण पखवाड़ा मनाती हैं। इस बार वे यह कार्य देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से मिलकर संवाद व पौधारोपण करके कर रही हैं।

इस पर्यावरण प्रवास का शुभारंभ 5 जून 2025 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ उनके दिल्ली आवास पर सिंदूर का पौधा लगाकर हुआ। 24 कुलपतियों ने पर्यावरण संरक्षण में अपनी रुचि दिखाकर वाटर वुमन के कार्य को संबल प्रदान किया है। अब यह पर्यावरणीय यात्रा अपने अंतिम चरण में मंगलवार को डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ पहुंची। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव रोहित सिंह, डॉ भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रो हरिशंकर सिंह, प्रभागीय वन अधिकारी लखनऊ शीतांशु पाण्डेय, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो वीके सिंह, परिसर सौंदर्यीकरण समिति के अध्यक्ष प्रो अवनीश चंद्र मिश्रा, विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो सीके दीक्षित, प्रो पी राजीव नयन, प्रो यशवंत वीरोदय, क्षेत्रीय वन अधिकारी सोनल दीक्षित, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी आरके गौतम, वन दरोगा मंटू प्रसाद चौधरी आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## मोबाइक चालक को साइड न देने पर कार चालक से मारपीट

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम छायन में रहने वाले विशाल कुशवाहा पुत्र कैलाश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते सोमवार को शाम करीब 6.30 बजे बुलैरो संख्या यू.पी.94 के 2734 से पार्टी लेकर छपरट से ग्राम पठा विजयपुरा जा रहा था। तभी सचिवालय के पास पल्सर मोटर साइकिल सवार तीन व्यक्तियों ने साइड न देने पर उसके साथ मारपीट कर दी। कार में साथ बैठे ग्राम पठा निवासी भरोसे पुत्र हलकन ने मना किया तो उसके साथ भी गालियां देते हुये मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर एकत्रित हुये ग्रामीणों को देखकर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। ग्रामीणों से उक्त लोगों के नाम पूछने पर उन्होंने बताया कि हमलावरों में धनीराम पुत्र हलकन, खुशीलाल पुत्र खड़ी व नन्दू पुत्र जस्सू था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी, पाली सुनील कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना नाराहट पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु.अ.स. 110/2025 धारा 70(2) बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट में वांछित ग्राम कलरव निवासी हरदेव सिंह उर्फ कलट्टर पुत्र पंचम सिंह को पिपरिया डोंगरा हाईवे तिराहा बहद ग्राम पिपरिया डोंगरा से गिरफ्तार कर लिया है। दुष्कर्म के अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी नाराहट स्वास्तिक द्विवेदी, उ.नि. प्रवीण गिरि, उ.नि. खूबेलाल, हे.का.प्रवेन्द्र सिंह, का.सुजीत पटेल शामिल रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत मजरा पठारी में जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुये दो पक्षों में मारपीट हो गयी। प्रकरण को लेकर पूराकलां पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। एक पक्ष की ओर से राधालाल पुत्र शीलचंद्र यादव ने बताया कि 22 जून की शाम करीब 7 बजे वह घर पर था। तभी खेत की बारी कर उसकी जमीन पर जबरन कब्जा करने को लेकर मोहल्ले में रहने वाले मानसिंह पुत्र विधाधर, धर्मेश पुत्र मानसिंह, धीरेन्द्र पुत्र देशराज, नीतेश पुत्र मंगल सिंह यादव ने एकराय होकर उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर गांव के प्रभादेवी पत्नी गोविन्द सिंह यादव, भद्रपाल पुत्र रामरतन यादव ने आकर बीच-बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से मानसिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जमीन बटवारे को लेकर कृष्णपाल पुत्र वीरन, साहिल पुत्र रामजी, गोबन पुत्र रामराजा, रागवेन्द्र पुत्र विधान यादव ने आकर उसके साथ गालियां देकर मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल सुनकर उसकी बहू अखिलेश पत्नी अवधेश ने आकर बीच-बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## एसपी ने साइबर क्राइम थाना व साइबर सेल का किया निरीक्षण

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने साइबर क्राइम थाना व साइबर सेल का औचक निरीक्षण किया। एसपी ने कार्यालय, साइबर हेल्प हेस्क, सीसीटीवी कैमरे, मालखाना आदि का निरीक्षण कर कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया। साथ ही थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को प्रभारी निरीक्षक द्वारा स्वयं सुनकर शत-प्रतिशत निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। एसपी ने साइबर क्राइम थाने का अर्दली रूम करते हुये थाने में लंबित विवेचनाओं की समीक्षा कर सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया कि वह अपनी-अपनी विवेचनाओं को शीघ्रता से, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करें। एसपी ने बताया गया कि समयबद्ध विवेचना से न केवल पीड़ित पक्ष को समय पर न्याय मिल सकेगा, बल्कि पुलिस की छवि और विश्वसनीयता भी सुदृढ़ होगी। साइबर अपराधों की बढ़ती प्रवृत्तियों को देखते हुए विवेचकों को तकनीकी दक्षता बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए। प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि थाने पर साइबर क्राइम में प्रकाश में आए अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# ग्रामीण क्षेत्रों में जहरीली शराब का कहर

## एक महीने में चार सहरिया आदिवासियों की मौत का आरोप

- महिलाओं ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**ललितपुर।** जिले के कस्बा जाखलौन अंतर्गत ग्राम पंचायत देवगढ़ के ग्राम कुचदों में बीते एक माह में चार सहरिया जनजातीय युवकों की संदिग्ध शराब पीने से मौत हो गई है। इससे आक्रोशित ग्रामीण आदिवासी महिलाओं ने जिलाधिकारी को सामूहिक रूप से एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें गांव में कच्ची शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि गाँव में बड़े स्तर पर फूला सहरिया, बारो, श्याम, सुन्दर, अमजद खां आदि लोगों द्वारा अवैध रूप से कच्ची शराब का निर्माण कर बेचा जा रहा है।

वहीं जाखलौन के शराब ठेकेदार भी मोटरसाइकिल और कारों से शराब की पेटियां गांव में सप्लाई कर रहे हैं। इसका सबसे बुरा असर आदिवासी परिवारों पर पड़ रहा है, जिनके पुरुष नशे में चूर होकर अपने जीवन के साथ-साथ पूरे परिवार को बबार्दी की ओर धकेल रहे हैं। कच्ची शराब बनाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही एवं एफआईआर दर्ज किये जाने, ठेकेदारों द्वारा गांव में बेची जा रही ठेके की शराब को बंद कराये जाने, मृतकों के परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके, इसके लिए राहत पैकेज एवं सहायता दिये जाने, सफेद राशन कार्ड को बदलकर अंत्योदय कार्ड जारी किए जाने, जिन आदिवासी परिवारों के पास अभी तक राशन कार्ड, आधार कार्ड, श्रम कार्ड इत्यादि नहीं हैं, उनके कार्ड मौके पर बनवाये जाने, विधवा एवं वृद्ध आदिवासी महिलाओं को पेंशन योजना से जोड़े जाने की मांग उठायी गयी है।

एक महीने में चार मौतें, पहले भी दर्जनों की गई जान प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते एक माह में देवी (30 वर्ष), मैयालाल (28 वर्ष), रम्पे (29 वर्ष) समेत चार लोगों की मौत कथित तौर पर कच्ची शराब पीने के बाद हो गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि पिछले वर्षों में इसी शराब के कारण दर्जनों सहरिया आदिवासी जान गंवा चुके हैं और अब गाँव में अधिकांश महिलाएं विधवा हो चुकी हैं।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि जाखलौन थाना पुलिस कथित तौर पर शराब के कारोबार में संलिप्त है तथा जानबूझकर कार्रवाई नहीं कर रही है। ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारियों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। ज्ञापन पर 30 से अधिक आदिवासी महिलाओं के हस्ताक्षर हैं, जिनमें श्याम, काजल, फूलन, बबीता, लक्ष्मी, दुर्जा, शांति, ज्ञान, चंद्ररानी, मीरा, चंदा, सुमन आदि प्रमुख हैं। इन महिलाओं का कहना है कि अब उनके परिवारों में कमाने वाला कोई पुरुष नहीं बचा, और वह स्वयं और उनके बच्चे भूखों मरने की स्थिति में हैं।

अब देखना यह होगा कि ललितपुर प्रशासन इस गम्भीर सामाजिक त्रासदी को लेकर क्या त्वरित कदम उठाता है। गांव में शराब बंदी के लिए आवाज उठाने वाली इन आदिवासी महिलाओं की गुहार प्रशासन के लिए एक चेतावनी है, अगर अब भी कार्रवाई नहीं हुई तो शायद और जानें जाएंगी।

## नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सरला जैन का निधन



ललितपुर। लम्बे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहीं नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सरला जैन का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। उन्होंने ललितपुर के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) में अंतिम सांस ली। नपाध्यक्ष के निधन की खबर लगते ही शहर में शोक लहर दौड़ गयी। उनके निधन पर समाज के लोगों के अलावा समाज सेवियों, व्यापारियों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, अधिकारियों, राजनेता व पत्रकारों ने गहरा शोक जताया है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास स्थान मोहल्ला छत्रसालपुरा से निकाली गयी, जो कि सुरई घाट पर पहुंची। यहां उन्हें पंचतत्व में विलीन किया गया। शहरवासियों ने नम आंखों से उन्हें विदा किया। बताते चलें कि नगर पालिका परिषद में वह सत्तादल भारतीय जनता पार्टी से अधिकृत उम्मींदवार बनीं और जीत का परचम लहराया। इनके कार्यकाल में तमाम उतार-चढ़ाव भी आये, गंभीर बीमारी से जूझ रहीं नपाध्यक्ष सरला जैन नगर पालिका कार्यालय में भी कम उपस्थिति दर्ज करा पाती थीं।

## समाजवादियों ने वीरांगना दुर्गावती के बलिदान दिवस पर किया नमन




ललितपुर। वीरांगना महारानी दुर्गावती का बलिदान समाजवादी पार्टी कार्यालय में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने की। सपा कार्यकताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धसुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। वहीं वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

इस दौरान जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने वीरांगना महारानी दुर्गावती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए हमारे देश की वो वीरांगना हैं, जिन्होंने अपने राज्य की रक्षा के लिए मुगलों से युद्ध कर वीरगति को प्राप्त प्राप्त किया। वह बहुत ही बहादुर एवं साहसी महिला थीं। इनका जन्म चंदेल राजवंश के कालिंजर किले में जो कि वर्तमान में बांदा उत्तर प्रदेश में स्थित है। भारत भूमि पर जन्म लेने वाली रानी दुर्गावती के साहस एवं वीरता की भी अनेक गाथाएं पड़ी हुयीं हैं। महारानी वीरांगना दुर्गावती ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने हाथों अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे, हमें उनके बलिदान से प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस दौरान जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष अनवर खान, उपाध्यक्ष भजन लाल कुशवाहा, जिला सचिव नीलू रजक, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी, मीडिया प्रभारी राममूर्ति तिवारी, नगर उपाध्यक्ष राजेश झा, जितेंद्र जोशी, ओम प्रकाश कुशवाहा, लक्ष्मन कुशवाहा, जिला प्रवक्ता प्रमोद इमिलिया सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया ने चलायी एकपक्षीय खबर: विधायक

### लोगों की शिकायत पर की थी एसडीएम नरैनी से बात



बांदा। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी मंगलवार को पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होने रविवार की रात हुई घटना के बारे में सोशल मीडिया में चल रही बेबुनियाद खबरों को सिरे से खारिज कर दिया। कहा कि खबर केवल एक पक्षीय चलाई गयी है जबकि वास्तविकता कुछ और है। उन्होने कहा कि एसडीएम नरैनी अमित शुक्ला रविवार की रात ओवरलोड ट्रकों की पड़ताल कर रहे थे।


इसी दौरान उन्होने कुछ अंडरलोड ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई की। इसके बाद रात 11 बजे लगभग 35 से 40 लोगों की भीड़ खुरहण्ड स्थित उनके आवास पर पहुंची और सोते से जगाकर बताया कि उनके ट्रकों के विरूद्ध जबरन ओवरलोडिंग की कार्रवाई की गयी है। लोगों ने कहा कि मौके पर चलकर देखिए एसडीएम नरैनी का वाहन चालक ट्रक इंट्री के नाम पर रुपये मांग रहा है। उन्होने कहा कि वहां पहुंचकर एसडीएम से 3 से 4 मिनट बात हुई और उनसे यह कहा कि न्यायसंगत कार्रवाई की जाए। इसके अलावा न तो कोई उनका एसडीएम से विवाद हुआ और न ही मारपीट जैसी कोई घटना। कुछ सोशल मीडिया में बगैर उनका पक्ष जाने खबरें चलाई गयीं लेकिन यह पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। उन्होने कहा कि मोदी और योगी सरकार में भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते कोई भी अधिकारी किसी से भी अवैध वसूली नही कर सकता और यदि वह इसमें संलिप्त पाया जाता है तो जन प्रतिनिधि होने के नाते उचित मंच पर उठाया जाएगा और निश्चित ही इस पर कार्रवाई होगी। उन्होने समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि इनके पास वर्ष 2014 से कोई मुद्दा नही है लेकिन यदि इन्हे सोशल मीडिया के जरिए कोई भी सत्ता के विरूद्ध छोटा सा भी मुद्दा मिलता है तो यह उस मुद्दे को तूल देने का भरसक प्रयास करते हैं। उन्होने कहा कि सपा सरकार के दौरान माफिया खदान संचालकों से चैथ वसूली करते थे लेकिन भाजपा सरकार में कोई भी नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस ओर देख भी नही सकता। सदर विधायक ने कहा कि जन प्रतिनिधि होने के नाते यदि आम लोगों के साथ कोई अधिकारी बदसलूकी और धन वसूली करता है तो शिकायत मिलने पर इस पर हस्तक्षेप करना स्वभाविक है।

# ललितपुर में पशु तस्करी का भंडाफोड़

- 70-80 पशुओं को अमानवीय ढंग से ठूंसा गया था कंटेनर में
- विरोध करने पर विभाग महामंत्री पर धारदार हथियार से हमला

ललितपुर। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग महामंत्री सचिन दुबे पर उस समय जानलेवा हमला किया गया, जब उन्होंने पशु तस्करी कर रहे एक कंटेनर को रुकवाकर जांच करनी चाही। यह घटना सोमवार शाम लगभग 7.15 बजे की है जब उन्हें सूचना मिली कि एक कंटेनर (आर.जे.11 जी.डी. 1254) झांसी से ललितपुर की ओर अवैध पशु तस्करी में लगा है। सूचना मिलने पर सचिन दुबे ने तत्काल कार्यकताओं गौरव शर्मा, दीपक रैकवार, रवि चैबे एवं अन्य को सूचित किया और सभी ने मन्नू पेट्रोल पंप के पास उक्त कंटेनर को रुकवाया। पूछताछ के दौरान कंटेनर चालक ने एमाजेन का माल बताया, लेकिन शक होने पर जब कार्यकताओं ने भीतर जाकर देखा तो करीब 70-80 पशुओं को अमानवीय ढंग से ठूंसा हुआ पाया गया। इसी दौरान मौके का फायदा उठाते हुए कंटेनर में सवार 4-5 व्यक्ति वाहन से उतर कर आगे निकलने लगे। जब सचिन दुबे ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो एक आरोपी ने धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया, जिससे उनके हाथ में गंभीर चोट आई। कार्यकर्ता तुरंत उन्हें कोतवाली लाए, जहां से उन्हें चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया। इस पूरे प्रकरण पर पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11(1)(डी) एवं भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 115(2) के तहत थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुट गई है। राष्ट्रीय बजरंग दल ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## अवैध खनन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें: डीएम



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में बीती कलेक्ट्रेट सभागार में अवैध खनन, परिवहन की रोकथाम के लिए बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने जिले में अवैध खनन एवं परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के संबंध में सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि अंतर्जनपदीय अथवा अंतर्जनपदीय स्तर पर अवैध रूप से खनन का परिवहन करने वाले वाहनों पर समुचित रूप से नियंत्रण स्थापित करने के लिए गुजरने वाले संभावित मार्गों पर चेकिंग करें तथा वहां पर आवागमन करने वाले वाहनों का रजिस्टर भी मेंटेन रखें।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बैठक में निर्देश दिए कि चेकिंग के दौरान अवैध खनन परिवहन पाए जाने पर वाहनों का चालान कर उनके विरुद्ध उचित कार्यवाही भी अमल में लाएं। उन्होंने गलत नम्बर प्लेट लगाकर अवैध खन्न करने वाले वाहनों पर भी उचित कडी कार्यवाही करने के निर्दश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त वाहनों पर भी कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कोटद्वार नगीना तथा कोटद्वार नजीबाबाद रोड पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला, सभी उप जिलाधिकारी व तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## गैर इरादतन हत्या के दो अभियुक्त पकड़े

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मड़ावरा पुलिस ने दर्ज मामला धारा 105, 115(2), 352, 351(2), 351(3) बीएनएस में वांछित ग्राम भौंटा निवासी ध्यानी पुत्र हल्के वंशकार एवं जितेन्द्र उर्फ जिलेन्द्र पुत्र ध्यानी वंशकार को देवरान तिराहा, ग्राम साढूमल के पास से हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि ग्राम भौंटा निवासी क्रान्ति के ससुर छलौने पुत्र हल्का बरार के साथ गालियां देते हुये मारपीट की गयी थी, जिसके बाद पुलिस ने घायल वृद्ध को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था, जहां उपचार के दौरान छलौने की मौत हा गयी थी। घटना को अंजाम देने वालों के खिलाफ पुलिस ने थाना स्तर से टीम गठित कर अथक प्रयास व सर्विलांस (टेक्निकली/ मैनुअली) की मदद से ध्यानी व जितेन्द्र को हिरासत में लिया है। दोनों अभियुक्तों को पकड ? वाली पुलिस टीम में उ.नि. चन्द्रपाल, हे.कां. शैलेन्द्र सिंह व हे.का.सुशील कुमार शामिल रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके कार्यों को याद किया



नगीना, बिजनौर। भारतीय जनता पार्टी नगीना मंडल के पार्टी कार्यालय एवं नगर पालिका शक्ति केंद्र पर डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों द्वारा डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की गई। एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रहित में किए गए कार्यों को याद किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने कहा कि डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना बलिदान भारत की अखंडता के लिए दिया। उनका साहस, सिद्धांतों के प्रति अडिग विश्वास और राष्ट्रहित के लिए संघर्ष आज भी हमें प्रेरणा देता है। हम सभी को उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। सतीश गौतम ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना बलिदान दिया। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने की उनकी दूरदृष्टि आज साकार हुई है। जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चैहान ने आगामी कार्यक्रमों के विषय में कार्यकताओं को विस्तार से समझाया और बताया कि पार्टी के सभी कार्यक्रमों की सफलता एवं हर बूथ पर कमल का खिलना ही डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंजलि मित्तल एंव संचालन मंडल महामंत्री पंडित सचिन शर्मा ने किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सौरभ मित्तल, जिला प्रतिनिधि भूरे सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष नीरज बिश्नोई, शिव शंकर सक्सेना, मंडल महामंत्री ओम प्रकाश सैनी, मंडल उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, अनुज वर्मा, गर्वित चैधरी, लवी मित्तल, सोहन सैनी, प्रहलाद कुशवाहा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व जिला संयोजक डा0 भूपेश चैहान, मंडल मंत्री दिनेश चैधरी, हरमीत मल्होत्रा, अतुल भारती, मंडल कोषाध्यक्ष सरिता बिश्नोई, मंत्री मनोज टंडन, तिलक मुठरेजा, अनवर कुरैशी सहित भारी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लुटेरा गैंग को एसपी ने किया डी-55 घोषित

बांदा। जनपद और आस-पास के जिलों में लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने डी-55 लुटेरा गैंग घोषित किया है। गैंग लीडर निरंजन सिंह अन्य सदस्यों के साथ मिलकर लूट की घटनाओं को अंजाम देता था। गैंग लीडर निरंजन सिंह पर लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक मामले थाना कोतवाली देहात में दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक अपराधियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। एसपी ने बताया कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के जौरही गांव निवासी निरंजन सिंह पुत्र स्वयंबर सिंह गैंग बनाकर साथी भूरा विश्वकर्मा पुत्र दयाराम विश्वकर्मा के साथ मिलकर संगठित रूप से लूट तथा अन्य घटनाओं को अंजाम देते हैं और आपराधिक कृत्य कर धनार्जन करते हैं। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल की सख्त कार्यशैली के चलते जिले के अपराधियों में दहशत देखी जा रही है। बड़ी संख्या में अपराधियों के विरूद्ध अब तक कार्रवाई की गयी है जबकि कुछ अपराधी जनपद छोड़कर बाहर चले गये हैं।

## चोरी की बाइक, तमंचा सहित एक गिरफ्तार



बांदा। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध तमंचा व चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। शहर के जरैली कोठी निवासी कामता धुरिया ने 23 जून को थाना कोतवाली नगर में सूचना दी कि बीते 18 जून की रात को अज्ञात व्यक्ति ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। इस मामले पर कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी धनन्तर पुत्र मुन्ना निवासी छोड़ी बड़ोखर थाना कोतवाली नगर को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ झील का पुरवा से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध तमंचा 315 बोर और कारतूस भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक गौरव प्रताप सिंह, गौतम सोनी, हेड कांस्टेबल रामनरेश व कांस्टेबल भागचंद्र रहे।

## आत्महत्या के लिए उकसाने पर पत्नी व प्रेमी गिरफ्तार



बांदा। थाना कमासिन पुलिस ने एक व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामलें में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बीते 18 जून को थाना कमासिन क्षेत्र के ग्राम बीरा निवासी कमल कुमार यादव का शव ग्राम लखनपुर यमुना नदी के किनारे बरामद हुआ था। इसे लेकर परिजनों ने मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी के विरुद्ध तहरीर दी थी जिसके तहत थाना कमासिन में अभियोग पंजीकृत किया गया था। कमासिन पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही करते हुए कमल कुमार यादव को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामलें में पत्नी ममता व प्रेमी रामविलाश पुत्र बोगा निवासी शाहपुरसानी थाना बदौसा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक कुलदीप तिवारी, रमेश चन्द्र पाण्डेय, हेड कांस्टेबल माधवेन्द्र, कांस्टेबल सोनू कुमार, महिला कांस्टेबल रेनू यादव रहीं।

## ताइक्वांडो सेल्फ डिफेंस समर कैंप का समापन, 21 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



बिजनौर। विवेकानंद दिव्य भारती उत्तर प्रदेश द्वारा 15 दिवसीय ताइक्वांडो सेल्फ डिफेंस समर कैंप का समापन आरजेपी इंटर कॉलेज बिजनौर में किया गया। कैंप में नहटौर क्षेत्र के 21 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग करके किक, पचं, टाइल्स ब्रोकिंन, फट्टा ब्रोकिंन, सेल्फ डिफेंस के द्वारा अपना कौशल दिखाया। इस मौके पर सभी खिलाड़ियों को विवेकानंद दिव्य भारती उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष योगेंद्र पाल सिंह योगी द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष योगेंद्र पाल सिंह योगी सहित सभी कार्यकताओं ने नहटौर ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच चमन सैनी को बधाई देते हुए कहा कि आज के समय को देखते हुए विवेकानंद दिव्या भारती ने यह लक्ष्य रखा है कि पूरे भारत देश के प्रत्येक घर में प्रत्येक महिला, बहन, बेटियों को मार्शल आर्ट के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाना है जिसकी शुरूआत जिला बिजनौर से शुरू कर दी गई है। जिला बिजनौर ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजू राजपूत ने योगेंद्र पाल सिंह योगी के इस लक्ष्य की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## चकबंदी लेखपाल की मौत मामले में एक साल बाद दर्ज हुयी एफआईआर

ललितपुर। उत्तर प्रदेश के जिला मैनपुरी अंतर्गत थाना वेवर भोगांव के ग्राम नगला पोस्ट बड़ोरा निवासी प्रीति कठेरिया पत्नी स्व.अरविन्द कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उनके पति अरविन्द कुमार चकबंदी लेखपाल पद पर कार्यरत थे। बीती 4 अगस्त 2024 को उनके पति अरविन्द कुमार सरकारी कार्य से अपनी सर्किल रजवारा गये हुये थे। जहां से वापस लौटते समय मवेशी बाजार कैलगुवां तिराहा पर किसी अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से वह घायल हो गये। उन्हें राहगीरों द्वारा इस घटना से अवगत कराया गया। प्रीति के अनुसार वह अपने निजी वाहन से मौके पर पहुंची और घायल पड़े अपने पति को जिला अस्पताल ले गयीं, जहां उपचार के दौरान गम्भीर हालत को देखते हुये अगले दिन 5 अगस्त को अरविन्द कुमार को झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, लेकिन मेडीकल कॉलेज झांसी से ग्वालियर ले जाया गया, जहां पर गजराजा चिकित्सा महाविद्यालय स्वशासी संस्था एवं जब आरोग्य चिकित्सा तय समूह कमला राजा हॉस्पिटल में वह अपने पति को भर्ती कराया तो वहां 5 अगस्त को ही उनकी मृत्यु हो गयी। घटना की सूचना पर कम्पू थाना प्रभारी ने उनके पति का पोस्टमार्टम कराया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## किसान की जमीन पर अवैध कब्जा, जान से मारने की धमकी

ललितपुर। थाना बार क्षेत्र के ग्राम बुरौगांव चिगलौआ निवासी किसान कीरत सिंह यादव ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ दबंग भूमाफियाओं द्वारा उसकी पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया गया है। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित कीरत सिंह यादव पुत्र पंचू यादव की भूमि खाता खतौनी संख्या 42, गाटा संख्या 1334, कुल रकवा 0.465 हेक्टेयर है जो ग्राम बुरौगांव चिगलौआ, तहसील महरौनी में स्थित है। पीड़ित का आरोप है कि गांव के ही कुछ दबंगों ने गुण्डागर्दी से इस भूमि पर अवैध कब्जा कर उसमें से कुछ भाग पर अवैध निर्माण कर लिया है। कीरत सिंह का कहना है कि जब उसने इन लोगों को कब्जा हटाने के लिए कहा तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और कहा कि प्रदेश में उनकी पार्टी की सरकार है, तुम कुछ नहीं कर पाओगे, अब तुम्हारे घरों पर भी कब्जा करेंगे और गांव से भगा देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि 23 जून को शाम 4 बजे जब वे अपनी जमीन पर गए तो आरोपित लोग वहां लगे बांस के पेड़ों को काट रहे थे।

संक्षेप

## ईंट से सिर पर वार कर श्रमिक की हत्या

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में एक निजी विश्वविद्यालय के निर्माण स्थल पर एक व्यक्ति ने अपने साथी की कथित तौर रूप से सिर पर ईंट से प्रहार कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में एक विश्वविद्यालय के परिसर के निर्माण स्थल की है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) सुधीर कुमार ने बताया कि मूलरूप से बिहार के मुजफ्फरपुर के निवासी गोलू कुमार और मोतिहारी के निवासी हरिमोहन देर रात साथ बैठकर शराब पी रहे थे तभी दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि हरिमोहन ने ईंट से गोलू के सिर पर प्रहार कर दिया और उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर भाग गया। कुमार ने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोलू को अस्पताल में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छानबीन में पता चला कि गोलू के हरिमोहन की पत्नी से कथित तौर पर अवैध संबंध थे जिसके कारण हरिमोहन ने इस वारदात को अंजाम दिया। अपर पुलिस उपायुक्त ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर हरिमोहन को गिरफ्तार कर लिया है और जांच जारी है।

## नाबालिग किशोरी लापता

सहारनपुर। जिले के जनकपुरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला पुष्पांजलि विहार स्थित बालिका संरक्षण गृह से एक किशोरी लापता हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि किशोरी की तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि थाना जनकपुरी में बालिका गृह की अधीक्षक सुलेखा ने एक किशोरी (17) के लापता होने की तहरीर दी है। जैन ने कहा कि तहरीर के आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि अधीक्षक ने अपनी तहरीर में किशोरी के अपहरण की आशंका जताते हुए, किसी अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण संबंधी धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक जांच की मांग की है। जैन ने बताया कि पुलिस मामला दर्ज कर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच कर रही है ताकि किशोरी का कोई सुराग मिल सके।

## ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से युवक की मौत

चंदौली। जिले के मुगलसराय थाना क्षेत्र के रेलवे पुलिस चौकी इलाके में मगंलवार दोपहर ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार हादसे में मृत युवक की पहचान मुगलसराय थाना क्षेत्र के कुढ़े खुर्द गांव निवासी राकेश यादव (35) के रूप में हुई है। रेलवे पुलिस चौकी के प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि दोपहर करीब 12.30 बजे राकेश यादव चौकी क्षेत्र के यूरोपियन कालोनी स्थित पावर हाउस के पास मौजूद था। इस बीच ईंट गिराकर वापस लौट रही एक ट्रैक्टर-ट्राली ने सड़क किनारे खड़े राकेश को टक्कर मार दी, जिससे वह पहिए के नीचे आ गया। चौकी प्रभारी ने बताया कि पास में मौजूद लोग घायल राकेश को अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृत राकेश घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर स्थित अपने बड़े भाई की जलेबी की दुकान पर काम करता था।

# 15 दिन में मिल जायेंगी अस्थायी दुकानें

## विधायकों ने किया निरीक्षण



अयोध्या। चैक में बन रहे शापिंग काम्प्लेक्स प्रभावितों को पन्द्रह दिनों अस्थाई दुकानें मिल जाएंगी। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व रामचन्दर यादव ने चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। स्थल पर बाउंडी वॉल का निमार्ण कार्य चल रहा है। उन्होंने अधिकारियां को कार्य में शीघ्रता के लिए निर्देशित किया।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा, सरकार हर हाल में प्रभावित व्यापारियों के हितों की रक्षा करेगी। चैक का सौंदर्यीकरण और व्यवस्थित बाजार क्षेत्र हमारी प्राथमिकता है, लेकिन इसके साथ ही व्यापारियों की आजीविका भी सुनिश्चित की जाएगी। विधायक रामचन्दर यादव ने कहा, स्थानीय जनता और व्यापारियों की भावनाओं का ध्यान रखते हुए निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। विकास के इस कार्य में किसी को नुकसान न हो, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है।

वर्तमान में स्थल पर बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य जारी है और अधिकारियों को शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दे दिए गए हैं। शेड लगाकर अस्थायी दुकानों की व्यवस्था तय स्थान पर की जा रही है, जिससे निर्माण के दौरान व्यापारियों को असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव हेम सिंह, सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# युवा किसान की गला रेतकर हत्या



अयोध्या। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के पलिया गोवा गांव में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब खेत के पास चारपाई पर एक युवा किसान का खून से लथपथ शव मिला। मृतक की पहचान नागेंद्र यादव पुत्र रामप्रकाश यादव के रूप में हुई है, जो धान की रोपाई के लिए खेत में सिंचाई करने गए थे। रात में करीब 10 बजे वे खेत की ओर निकले थे, जहां उनकी धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई।

सुबह गांव वालों ने शव देखा तो पूरे गांव में सनसनी फैल गई। नागेंद्र ई-रिक्शा चलाकर भी परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके दो छोटे बच्चे हैं। पिता रामप्रकाश यादव जिला जज के ड्राइवर रह चुके हैं और अब सेवानिवृत्त हैं। नागेंद्र परिवार के इकलौते पुत्र थे। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी सिटी डॉ. चक्रपाणि त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, नागेंद्र की हत्या पलिया गोवा से करौंदा गांव को जोड़ने वाले रास्ते पर की गई, जहां वे चारपाई पर लेटे थे। एसपी सिटी ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## रणधीर सिंह सुमन दोबारा चुने गये भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद सदस्य



बाराबंकी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मथुरा में आयोजित होने वाले 25वें राज्य स्तरीय सम्मेलन में जनपद के तेज तर्रार अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन को दोबारा राज्य परिषद सदस्य के रूप में चुना गया है। गौरतलब है कि मथुरा में पार्टी का 3 दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि पार्टी महासचिव डी0राजा है। सम्मेलन के दूसरे दिन राज्य स्तरीय पदाधिकारियों का चयन होना था। जिसमें बाराबंकी जनपद से अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन को दोबारा पार्टी ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। हालांकि राज्य स्तरीय सम्मेलन में प्रतिभाग न कर पाने वाले राज्य परिषद सदस्य श्री सुमन अभी हाल ही में गंभीर हृदय रोग की बीमारी से पीड़ित थे। जिनका दिल्ली स्थित एक निजी अस्पताल में ओपन हार्ट सर्जरी भी हुई है। और लगभग दो महीने के लंबे इलाज के बाद डॉक्टरों की राय के अनुसार बेड रेस्ट कर रहे है। बावजूद पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए पार्टी महासचिव डी0राजा ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। अपने क्रांतिकारी विचारों के लिए प्रदेश में विशेष स्थान रखने वाले श्री सुमन ने कहा कि जल्द पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्व की तरह से करेंगे।

## फेस ऑथेंटिकेशन कार्य की कच्छप गति पर डीएम का कड़ा रुख

बहराइच। पोषण टैकर एप के माध्यम से फेस ऑथेंटिकेशन मॉड्यूल के कार्यान्वयन की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान प्रदेश में 72वीं रैंक होने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए प्रगति में सुधार लायें। डीएम ने कहा कि फेस ऑथेंटिकेशन मॉड्यूल के कार्यान्वयन ग्राम्य विकास, पंचायती राज, खाद्य एवं रसद, शिक्षा, कृषि इत्यादि विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सहयोग प्राप्त किया जाय। नियमित रूप से समीक्षा करने के बावजूद ब्लाक नवाबगंज, शिवपुर व चित्तौरा में अपेक्षित प्रगति न होने पर निर्देश दिया कि क्षेत्र में भ्रमण कर फेस ऑथेंटिकेशन की कार्यवाही करते हुए पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने डीपीओ को निर्देश दिया कि शून्य प्रगति वाले केन्द्रों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पत्रावली प्रस्तुत करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा सहित बाल विकास परियोजना अधिकारी, सुपरवाईजर व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## बाढ़ आपदा से बचाव हेतु जिला स्तरीय मॉक एक्सरसाइज कल

बहराइच। सम्भावित बाढ़ के दौरान बचाव एवं राहत कार्यो को प्रभावी ढंग से संचालित कराये जाने के उद्देश्य से 26 जून 2025 को पूर्वान्ह 09 बजे तहसील महसी के रामघाट सिलौटा ग्राम बौण्डी, तहसील कैसरगंज के घाघराघाट ग्राम तपेसिपाह तथा तहसील नानपारा के ग्राम बौण्डी में जिला स्तरीय मॉक एक्सरसाइज 2025 का आयोजन किया गया है। मॉक एक्सरसाइज में राजस्व, पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, एनडीआरएफ, लोक निर्माण, अग्निशमन एवं इमरजेंसी सर्विस, विद्युत, एनसीसी, एनएसएस, पीआरडी, मेरा युवा भारत, आपदा मित्र, जिला आपदा मास्टर ट्रेनर, होमगार्ड, जिला पंचायतराज, जिला कार्यक्रम, मनरेगा, पूर्ति, जल निगम, एसएसबी, पशु पालन, नगर पालिका, परिवहन व अन्य सम्बन्धित विभागों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। रामघाट सिलौटा ग्राम बौण्डी तहसील महसी में अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, घाघराघाट ग्राम तपेसिपाह तहसील कैसरगंज में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम राम दयाल, ग्राम बौण्डी तहसील नानपारा में उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा श्री प्रकाश सिंह मॉक एक्सरसाइज में प्रतिभाग करेगें। तथा उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती पूजा चैधरी, ईओसी/दैवीय आपदा कार्यालय में उपस्थित होकर शासन/राहत कार्यालय में बी.सी. के माध्यम से जुड़ेगी। साथ ही मॉकड्रिल के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करेंगी।

## पुलिस की सुरक्षा में चलेंगे कांवड़ यात्री

शाहजहांपुर। अगले महीने शुरू होने जा रहे श्रावण मास के दौरान शाहजहांपुर जिले से होकर गुजरने वाले कांवड़ यात्री इस बार पुलिस की सुरक्षा में अपने गंतव्य की ओर रवाना होंगे। जिले में पूरे कांवड़ यात्रा मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाये जा रहे हैं और निगरानी के लिये ड्रोन कैमरों का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

कांवड़ यात्री पड़ोस के जिले फरुखाबाद के पांचाल घाट से गंगा जल लेकर लगभग 160 किलोमीटर का रास्ता तय करके लखीमपुर खीरी जिले के गोला गोकर्णनाथ स्थित शिव मंदिर पर जलाभिषेक करते हैं। इस दौरान कांवड़यि शाहजहांपुर जिले के अंदर 100 किलोमीटर के रास्ते से होकर गुजरते हैं। इस बार पुलिस प्रशासन ने कांवड़ियों को सुरक्षा देने के खास बंदोबस्त किये हैं।

# रामसेवक यादव की जन्मशताब्दी पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

## समिति का किया गठन, अध्यक्ष राजनाथ, गोप संभालेंगे संरक्षक की भूमिका



बाराबंकी। आजादी के बाद समाजवादी आंदोलन की पहली कतार के सेनानी और देश की संसद के गौरव रहे स्वर्गीय बाबू रामसेवक यादव की जयन्ती के 99वें वर्ष की शुरूआत पर विविध कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर गांधी भवन में बैठक की गई। बैठक मे बाबू रामसेवक यादव जन्मशताब्दी वर्ष समारोह समिति का गठन किया गया। जोकि 2 जुलाई 2025 से 2 जुलाई 2026 तक विविध कार्यक्रमों को आयोजित करेगी। जिसमें सर्वसमिति से स्व. रामसेवक यादव के साथी और प्रखर समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा को अध्यक्ष, संरक्षक पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप, अमिताभ सिंह यादव (सुपुत्र स्व राम सेवक यादव, पूर्व एमएलसी राजेश कुमार यादव राजू, पूर्व प्रमुख नन्हें सिंह यादव, डॉ0 विकास यादव, संयोजक ज्ञान सिंह यादव को बनाया गया। बैठक मे पूर्व मंत्री श्री गोप ने कहा कि स्वर्गीय रामसेवक यादव लोहिया जी के साथी थे। यह जनपद आज भी उन्हीं के नाम से जाना जाता है। समाजवादी चिन्तक श्री शर्मा ने कहा कि बाबू रामसेवक यादव के विचारों, सपनों, संघर्षों और योगदान का स्मरण कर देश और दुनिया में समाजवादी विरासत को बचाने और आगे की चुनौतियों का समाधान करने की एक पहल शुरूआत की गई। एमएलसी राजेश कुमार यादव ने कहा कि स्व. रामसेवक यादव की जन्मशताब्दी पर जनपद के सभी ब्लाकों में वृहत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बताते चले कि 2 जुलाई 1926 को तहसील हैदरगढ़ के ग्राम ताला रुक्नुद्दीनपुर में जन्में रामसेवक यादव ने कांग्रेस की आंधी में भी उन्होंने समाजवाद की मशाल जलाई रखी। बैठक मे पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा, पूर्व सांसद रामसागर रावत, पूर्व एमएलसी अरविन्द कुमार यादव, सरताज चैधरी, हरि राम सिंह यादव, आशाराम वर्मा, उमानाथ यादव सोनू, डा0 सिद्धार्थ यादव, यासिर अराफात किदवाई, राम सिंह यादव, अजय वर्मा बबलू, मृत्युंजय शर्मा, सलाउद्दीन किदवाई, प्रदीप यादव मौजूद रहे।

## ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध परिवहन विभाग ने चलाया विशेष चेकिंग आपरेशन



बाराबंकी। ड्रंक एंड ड्राइव एंव रोड़ सेफ्टी नियमो के उल्लंघन के खिलाफ परिवहन विभाग ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान में 35 वाहन चालको की एल्कोमीटर के माध्यम से चेकिग की गई। अभियान के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि रोड़ सेफ्टी को बढ़ावा देने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी एंव टीएसआई की संयुक्त टीम ने विशेष चेकिंग अभियान चलाकर 35 वाहन चालको की बेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से जांच की। तथा नियमो का पालन करने का संकल्प दिलाया गया।

# आईजीआरएस व सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक



बहराइच। आईजीआरएस व सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा हेतु सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करती हुई जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी दशा में 70 प्रतिशत से कम संतुष्टि नहीं होनी चाहिए। डीएम ने कहा कि 70 प्रतिशत से कम संतुष्टि वाले विभाग विशेष प्रयास कर सुधार लायें। डीएम ने निर्देश दिया कि असंतुष्ट फीड बैंक वाले विभाग स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर जियो टैग फोटो के साथ निस्तारण आख्या को पोर्टल पर फीड करें। बैठक में बांट-माप अधिकारी की अनुपस्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए डीएम ने सम्बन्धित का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। आईजीआरएस सन्दर्भों की समीक्षा करते हुए डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा निस्तारण के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही का प्रभावी अनुश्रवण करते हुए रैंक में सुधार लाये ताकि जनपद की रैंकिंग प्रभावित न होने पाये। उन्होंने कहा कि निचले स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ऐसे सन्दर्भों के निस्तारण की गुणवत्ता में उदासीनता व लापरवाही बरते जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही अमल में लायी जाय। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सन्दर्भों के निस्तारण में संतुष्टि व असंतुष्टि पर विशेष ध्यान दिया जाये, क्योंकि इसी से जनपद की रैंकिंग का निर्धारण किया जाता है। डीएम ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सन्दर्भों के निस्तारण के लिए स्थलीय भ्रमण अवश्य करें तथा निस्तारण की कार्यवाही में शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन का पालन अवश्य किया जाय। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधीनस्थों के लिए जारी किये निदेर्शों का भी समय-समय पर अनुश्रवण कर अनुपालन भी सुनिश्चित कराएं।

## टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम टीम ने आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण



बाराबंकी। विकासखण्ड हरख अन्तर्गत ग्राम पण्डरी स्थित आरोग्य मंदिर का भारत सरकार की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण मे जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 राजीव टण्ड़न एवं सीएचसी अधीक्षक डा0 नितीश कुमार सिंह की देख-रेख मे चिकित्सको की टीम द्वारा टीबी रोगियो के इलाज की प्रक्रिया, दवाओ की उपलब्धता, मरीजो के नियमित फॉलोअप व्यवस्था की जांच की गई। इस दौरान टीम ने सीएचओ द्वारा टीबी रोगियो की पहचान कैसे तथा रोगियो से पोषण सहायता समय से वितरण की स्थिति का भी जायजा लिया। जिसके बाद टीम ने टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के कर्मचारियो के प्रयासो की सराहना की। इस अवसर पर डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह, कपिल श्रीवास्तव, सीप्रा सिंह, शाबिर, रितेश दिलीप, सोहनलाल, स्वेता गौतम आदि मौजूद रहे।

## ओलंपिक दिवस पर हॉकी, वॉलीबाल के वरिष्ठ खिलाड़ियों को किया सम्मानित



बाराबंकी। के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम मे ओलपिंक दिवस पर बाराबंकी हाकी एसोसिएशन एंव डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक संघ के तत्वाधान मे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मे हाकी एसोसिएशन सचिव मजहर अजीज खान एंव डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक संघ सचिव धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने फुटबाल के वरिष्ठ खिलाड़ी शिरीष वर्मा, हाकी खिलाड़ी मोहम्मद असलम, बालीबाल की महिला खिलाड़ी अंजू अवस्थी, हाकी महिला खिलाड़ी चंदा रानी को स्मृति चिन्ह एंव अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह मे हुमायूं नईम खान, जमीरूल हसन, फरीद उल हसन, नसीम कीर्ति मौजूद रहे।

## जनसंख्या कानून शीघ्र लाने, जाति समाप्त कर समता मूलक समाज निर्माण की मांग



बाराबंकी। जनसंख्या कानून एंव जाति समाप्त कर समता मूलक समाज निर्माण की मांग को लेकर धर्मजागरण धाम संयोजक अधिवक्ता अमित अवस्थी, पूर्व बीएसपी जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र गौतम, पूर्व प्रशासक आर्यसमाज तेज नारायण वर्मा ने जिला पंचायत भवन मे प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता मे धर्मजागरण धाम के संयोजक श्री अवस्थी ने कहा कि 11 जुलाई को सरकारों द्वारा उत्साह पूर्वक जनसंख्या दिवस मनाने की परम्परा निभाई जा रही है। लेकिन जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूकता में कमी तथा वर्ग विशेष की हठ धर्मिता के कारण जनसंख्या नियंत्रण के लिए कोई ठोस योजना सरकार नहीं ला पाई। उन्होंने कहा कि एक दंपति को मात्र दो सन्तान उत्पन्न करने का कानून बनाए जाने की जरूरत है। बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री गौतम ने भी जाति व्यवस्था समाप्त करने तथा जाति प्रमाणपत्र न बनाने की बात करते हुये कहा कि नाम के आगे जाति न लिखी जाय। इससे जाति भेद मिटेगा और समता मूलक समाज की स्थापना हो जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी को समानता का अधिकार मिले। जाति व्यवस्था का खात्मा हो। जनसंख्या कानून लागू हो। इससे समता मूलक समाज निर्माण में सहायता मिलेगी। आर्यसमाज के पूर्व जिला प्रशासक श्री वर्मा ने कहा कि अब तक नेता लोग मूल मुद्दों से ध्यान भटकाते रहे हैं। यद्यपि वर्तमान सरकार ने कई सुधार किए है लेकिन महत्वपूर्ण जनसंख्या नियंत्रण की दिशा में कोई काम अब तक नहीं किया। इसलिए हमलोग मिलकर आंदोलन की तरफ कदम उठाए हैं। इस अवसर पर डीडीसी डा0 अवधेश वर्मा, वासुदेव वर्मा, अजय त्रिवेदी, डीडीसी प्रतिनिधि, जिला बार उपाध्यक्ष पवन मिश्रा समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# प्रोजेक्ट अलंकार की समीक्षा के दौरान डीएम सख्त

## शिथिल कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएफ से धनराशि वापस लेने के निर्देश



बहराइच। माध्यमिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत प्रोजेक्ट अलंकार योजना में विगत 03 वर्षों के स्वीकृत कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित करें कि कोई कार्य अनारम्भ की स्थिति में न रहने पाये। जिन परियोजनाओं में अगली किश्त की मांग की जा रही है ऐसे प्रोजेक्ट की तकनीकी टीम से जांच कराने के उपरान्त ही अगली किश्त जारी करने की कार्यवाही अमल में लायी जाय। समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएफ का कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर डीएम द्वारा संस्था से ब्याज सहित धनराशि वापस किये जाने के साथ संस्था के अधि. अभि. के विरुद्ध शासन को पत्र प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये। योजना की प्रगति संताषजनक न पाये जाने के कारण सम्बन्धित पटल सहायकों, वरिष्ठ सहायक व लेखाकार का वेतन बाधित करने के भी निर्देश दिये गये। डीएम ने तकनीकी टीम को निर्देश दिये गये कि परियोजनाओं का तत्काल सत्यापन कर सत्यापन आख्या उपलब्ध कराये। शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये गये कि प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में वृहद मरम्मत, अवस्थापना सुविधाए, जीर्णोद्धार तथा पुनर्निर्माण/अनुरक्षण सम्बन्धी कार्यो को समय से पूर्ण कराया जाय। डीएम द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि कार्यस्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ कार्य का समय से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## मंदिर के पास बुजुर्ग साध्वी का शव मिला

हाथरस। हाथरस में एक मंदिर के पास बनी झोपड़ी के बाहर मंगलवार सुबह एक बुजुर्ग साध्वी का शव बरामद हुआ। पुलिस को संदेह है कि किसी विवाद के बाद साध्वी के साथी ने उसकी हत्या की है। पुलिस ने बताया कि साधु वेश रखने वाला उसका साथी घटना के बाद से लापता है। स्थानीय लोगों ने हाथरस जंक्शन क्षेत्र के मेंडू स्थित भैरवनाथ मंदिर के पास झोपड़ी के बाहर खून से लथपथ शव देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। हाथरस जंक्शन पुलिस थाने के निरीक्षक सत्येंद्र सिंह राघव मौके पर पहुंचे, इसके बाद सिकंदराराऊके क्षेत्राधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। शव की पहचान सिकंदराराऊ क्षेत्र के बरगांव गांव की रेखा देवी (70) के रूप में हुई है। वह कई वर्ष पहले गृहस्थ जीवन त्यागकर साध्वी बन गई थी और वर्षों से भैरवनाथ मंदिर के पास झोपड़ी बनाकर रह रही थी। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि रेखा नेम सिंह नाम के एक अन्य साधु के साथ रहती थी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि रेखा और नेम सिंह के बीच अक्सर झगड़े होते थे। संदेह है कि ऐसी ही किसी झड़प के दौरान नेम सिंह ने उसे डंडे या किसी भारी वस्तु से मारा, जिसमें उसकी मौत हो गई।

## बाढ़ की आशंका पर प्रशासन दिखा सतर्क



टिकैतनगर, बाराबंकी। सरयू नदी में जलस्तर बढ़ने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने बाढ़ से पहले ही सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। रामसनेहीघाट तहसीलदार महिमा मिश्रा, नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी, सुधाकर पांडेय ने पूरेडलई ब्लॉक के चिर्रा, ढेमा, कोइलावर, जलालपुर, टिकरी आदि तटवर्ती गांवों का भ्रमण करते हुये नावों का सत्यापन, फसल नुकसान का पूर्व आकलन और राहत व्यवस्था की समीक्षा के निर्देश दिए। इसके उपरान्त तहसीलदार ने खजुरी बाढ़ चौकी पर चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद कर सावधानियों की जानकारी दी।

संक्षेप

## दो पक्षों में मारपीट दर्जनों घायल

**अमेठी।** गौरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबूजी का पुरवा में दो पक्षों में ताबड़तोड़ लाठियां चलीं, जिसमें दर्जनों लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल गौरीगंज में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, कंशराम की बकरी ने अनारा देवी के बबूल के पेड़ को खा लिया था, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और बात मारपीट तक पहुंच गई। तू तू मैं मैं शुरू हुआ विवाद देखते देखते हिंसक हो गया। इस झड़प में कंशराम, गीता, सुशीला, रेनू, शिवा, अरुण, सूरज और करन सहित दोनों पक्षों की ओर से दर्जन भर लोग घायल हुए हैं। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल इस मामले में थाना गौरीगंज में दोनों तरफ से शिकायती पत्र दे दिया गया है पुलिस विधिक कार्यवाही में जुट गई है।

## चोरी की अभियुक्ता गिरफ्तार

**अमेठी।** थाना क्षेत्र के तहत मीना देवी पत्नी ओम प्रकाश यादव ग्राम टण्डवा निवासी, सुमन यादव पत्नी छोटेलाल यादव, रामपाल यादव पुत्र स्व0 रामनाथ यादव निवासीगण दुबे का पुरवा त्रिलोकपुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी मय 01 महिला बिन्दू उर्फ सकीना पत्नी गुड्डू पुत्री रतीलाल निवासी दूबेपुर थाना कोतवाली नगर सुलतानपुर हाल पता झुग्गी झोपड़ी ओवरब्रिज कस्बा गौरीगंज जनपद अमेठी तथा 01 अदद प्रार्थना पत्र के साथ थाना मुंशीगंज पर सुपुर्द कर सूचना दी गई कि उपरोक्त महिला ने प्रार्थिनी मीना देवी की सोने की चेन को गले से काट लिया था। थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा उक्त महिला को पुलिस हिरासत में लेकर एवं प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुये थाना मुंशीगंज पर मु0अ0सं0 67/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। अभियुक्ता को थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## अवैध तरीके से चल रहा होटल सीज

**गौरीगंज, अमेठी।** मुख्यालय के बायपास मार्ग पर स्थित संकल्प होटल पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सीज कर दिया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देश पर एसडीएम प्रीति तिवारी ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर की। जानकारी के अनुसार, होटल संचालक द्वारा बिना वैध पंजीकरण के होटल का संचालन किया जा रहा था। पुलिस को एक केस की जांच के दौरान होटल में ठहरे कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी मिली, जिनके नाम होटल के रजिस्टर में दर्ज नहीं थे। इसके अलावा होटल में कुछ संदिग्ध वस्तुएं भी मिलने की बात सामने आई है। फिलहाल जानकारी की माने तो इस होटल में बिना आईडी के लोगों को प्रवेश दिया जाता रहा है जिसके चलते काफी दिनों से चर्चा में रहा है। पुलिस द्वारा उच्चाधिकारियों को दी गई रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी ने होटल संचालक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। निर्धारित समय पर जवाब न देने पर डीएम के आदेश पर प्रशासन ने मंगलवार को होटल को सीज कर दिया। प्रशासन ने साफ संकेत दिए हैं कि जिले में अवैध गतिविधियों और बिना अनुमति चल रहे प्रतिष्ठानों के खिलाफ ऐसी ही सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# कर्मचारी का उत्पीड़न कर रहे हैं डीपीआरओ

**रायबरेली।** जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा वेतन रोकने एवं उत्पीड़न के खिलाफ पीडित सफाई कर्मचारी ने निदेषक पंचायतीराज को पत्र भेजकर वेतन दिलाने और लिपिक समेत डीपीआरओ के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। उच्च न्यायालय के आदेष के बाद भी डीपीआरओ सफाई कर्मचारी का वेतन निर्गत नहीं कर रहे हैं। विकास खण्ड सरेनी के ग्राम पंचायत सरेनी मे कार्यरत सफाई कर्मचारी रामावलाल (रामविलास) ने निदेषक पंचायतीराज को पत्र भेजकर वेतन दिलाने और लिपिक समेत डीपीआरओ के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। सफाई कर्मचारी ने पत्र में लिखा है कि मेरी सफाई कार्य की जांच 08.01.2025 को सुबह 9:30 बजे की गई। उस समय मैं ग्राम पंचायत घुरवारा, विकास खण्ड डलमऊ में सम्राट स्टेडियम के सामने नाली की सफाई कर रहा था। मेरा मोबाइल चार्जिंग पर होने के कारण कॉल रिसीव नहीं हो सका। इसके आधार पर बिना कारण बताओ नोटिस दिए 16 जनवरी को माह जनवरी 2025 का वेतन रोकते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही का आदेश जारी किया गया। इससे मेरे परिवार के समक्ष आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया। मेरे तीन बच्चे हैं, जिनकी शिक्षा बाधित हो रही है। उक्त आदेश के विरुद्ध मैंने उच्च न्यायालय, लखनऊ खण्डपीठ में रिट याचिका दायर की। उच्च न्यायालय ने 20 मई को मेरे पक्ष में निर्णय दिया। इसके अतिरिक्त गलत निलम्बन आदेश के निरस्तीकरण हेतु रिट याचिका सं० 5639/2025 भी उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। मुझे विकास खण्ड खीरो से सम्बद्ध किया गया, किन्तु वहाँ सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ने बताया कि मेरा कोई आदेश नहीं आया है। वर्तमान में मैं ग्राम पंचायत सरेनी में नियमित रूप से सफाई कार्य कर रहा हूँ। माह अप्रैल व मई 2025 के कार्य की फोटो भी विभाग को उपलब्ध कराई जा चुकी है, फिर भी मेरा वेतन आहरित नहीं किया गया।

- उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी सफाई कर्मचारी का वेतन निर्गत नहीं कर रहे हैं डीपीआरओ

**भुखमरी के कगार पर परिवार :** कर्मचारी ने बताया कि मेरे दाहिने पैर में रॉड, दाहिने हाथ में फ्रैक्चर, कमजोर दृष्टि, और मधुमेह की समस्या है। इन स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कार्य आवंटन की मांग की गई है। बकाया वेतन के अभाव में मेरे बच्चों की स्कूल फीस, बैंक लोन की किश्तें, और मेरी बेटी के कान के इलाज का खर्च वहन करना असंभव हो गया है। मेरी बैंक सिविल खराब हो रही है, और परिवार भुखमरी के कगार पर है। मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति और बच्चों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए त्वरित सहायता प्रदान की जाए।यदि मेरी बेटी के कान की समस्या गंभीर होती है, तो इसका जिम्मेदार विभाग होगा।

**लिपिक पर उत्पीड़न के आरोप :** जिला पंचायत कार्यालय में कार्यरत स्था० लिपिक पूर्णिमा सिंह द्वारा साजिश के तहत मेरा उत्पीड़न किया जा रहा है। उनके दबाव में मेरा स्थानान्तरण बड़ी ग्राम पंचायत में किया गया और वेतन रोका गया। उनके खिलाफ सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) से फर्जी शिकायतें करवाकर मेरे विरुद्ध कार्यवाही की गई। यह महिला 18 वर्षों से रायबरेली में कार्यरत है और अपने पद का दुरुपयोग कर कई सफाई कर्मियों को परेशान करती है, जिसके कारण जनपद में सफाई कर्मियों की हत्या तक की घटनाएँ हो रही हैं।

# बोलेरो सवार दो युवकों ने महिला को अगवा करने का किया प्रयास

- महिला के परिवार के युवक ने बोलेरो का बाइक से किया पीछा

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के धौकल का पुरवा मजरे देवगांव के पास एक महिला को जबरन अगवा करने का प्रयास हुआ है। महिला के चीख पुकार मचा देने से बोलेरो सवार युवक भाग निकले। पूरे धौकल मजरे देवगांव की महिला प्रिया पत्नी कमलेश यादव अपने बच्चे और पति के साथ बाइक के द्वारा लालगंज दवा लेने जा रही थी तभी गांव के बाहर सड़क पर बोलेरो सवार दो युवकों ने प्रिया का जबरन अपहरण करने और बोलेरो में बैठाने का प्रयास किया। लेकिन महिला के चिल्ला देने पर लोग दौड़ पड़े और बोलेरो सवार युवकों ने ऐहार की तरफ से भाग निकलने का प्रयास किया। तभी रेल कोच से नौकरी कर कमलेश यादव के घर के ही नीरज यादव वापस घर आ रहे थे। कमलेश ने उन्हें फोन कर बोलेरो के बाबत जानकारी दी तो उन्होंने बोलेरो का पीछा किया और ऐहार गांव में सुंदर पान भंडार के सामने बोलेरो के आगे होकर बाइक सड़क पर खड़ी कर उसे रोकने का प्रयास किया। लेकिन बोलेरो को रुकने को कौन कहे, वह बाइक को घसीटते हुए 500 मीटर ले गये जहां पर बाइक में आग लग गई और बाइक जल कर राख में बदल गई। वह तो गनीमत रही अन्यथा पास में ही पेट्रोल पंप में भी कोई बड़ी घटना हो सकती थी। बोलेरो भी अनियंत्रित होकर खंती में चली गई। बोलेरो में बैठे युवक भी भाग निकले और उनमें से एक युवक पास में ही गंगा एक्सप्रेसवे में काम कर रहे दिलीप ठेकेदार की बाइक लेकर भाग निकला। महिला प्रिया का कहना है कि फतेह बहादुर का पुरवा थाना गुरूबक्श गंज निवासी सर्वेश पुत्र अमरपाल उसको आए दिन फोन करता है और प्रेम प्रसंग की बातें करता है। उसकी फोटो भी सोशल साइट में डाल दिया है। उसी ने उन लोगों को उसे अगवा कर लाने के लिए भेजा था। महिला ने यह भी बताया कि उसने उसके पूर्व लालगंज कोतवाली में सर्वेश के खिलाफ शिकायती पत्र दे रखा है। मौके पर पहुंचे दरोगा रविंद्र यादव और रंजीत यादव ने बोलेरो को अपन कब्जे में लिया है। महिला प्रिया ने थाने में शिकायती पत्र देकर सर्वेश सहित मोहित यादव और ज्ञानेंद्र यादव निवासी फतेह बहादुर सिंह का पुरवा के खिलाफ अपहरण के प्रयास की रिपोर्ट की है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। बोलोरो सवार युवकों को पकड़ने का प्रयास हो रहा है।

# आप की जीत पर कार्यकर्ताओं में खुशी



**गौरीगंज, अमेठी।** मंगलवार को आम आदमी पार्टी कार्यालय तेजा काम्प्लेक्स तहसील गौरीगंज में आप कार्यकताओं ने गुजरात की बिसवादर विधान सभा से गोपाल इटालिया की शानदार जीत दर्ज करने के लिए राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। वही आप कार्यकताओं ने पंजाब प्रान्त लोधियाना पश्चिम से उप चुनाव में आम आदमी पार्टी से संजीव अरोडा की प्रचण्ड जीत के बाद आज आम आदमी पार्टी अमेठी में खुशी का इजहार किया लोधियाना की प्रचण्ड जीत बता रही है कि पंजाब की भगवन्त मान की सरकार अच्छी चल रही है जनता का पूरा विश्वास है तथा गुजरात बिसवादर सीट की जीत बता रही है कि गुजरात में परिवर्तन की हवा आम आदमी पार्टी के पक्ष में चल रही है जो पूरे देश के लिए नजीर साबित हो रही है। आम आदमी पार्टी अमेठी के कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे का मुह मिठा करके खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर शिव प्रसाद कश्यप पूर्व जिलाध्यक्ष, ,संतोष कुमार यादव, चन्द्रजीत यादव, जिलाजीत पाण्डे, मोहम्मद आवेश हन्फी पूर्व मीडिया प्रभारी अमेठी, धर्मेश चन्द्र मिश्र, अमेठी, चन्द्र प्रकाश कश्यप, कुलदीप सरोज, राजेश यादव, तस्लीम कुरैशी पूर्व सचिव गौरीगंज, सीतापति पूर्व महिला जिला अध्यक्ष, अकील अहमद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# आप की दो सीटों पर ऐतिहासिक जीत, कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**सुलतानपुर (वीओएल)।** देश में हाल ही में संपन्न हुए पांच विधानसभा उपचुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) ने दो सीटों पर शानदार जीत दर्ज कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पार्टी ने एक सीट पंजाब में और दूसरी भाजपा के मजबूत गढ़ माने जाने वाले गुजरात में जीतकर न सिर्फ राजनीतिक समीकरणों को बदला है, बल्कि राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के नेतृत्व को भी आम जनता ने मजबूती प्रदान की है। इस जीत की खुशी में आम आदमी पार्टी के सुलतानपुर जिला इकाई ने मंगलवार को तिकोनिया पार्क में जोरदार जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र एडवोकेट के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और ढोल-नगाड़ों के साथ जीत का उत्सव मनाया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र ने कहा कि पार्टी की यह जीत देश को नफरत और जातिवाद की राजनीति से मुक्त कराने की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आम आदमी पार्टी ही सच्चे विकास और ईमानदारी की राजनीति को आगे बढ़ाएगी। जश्न में जिला महासचिव रामबिलास तिवारी, प्रदेश सचिव शहजादा शकील, संगठन मंत्री जयप्रकाश यादव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सादाब सहित दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने इस जीत को जन-आशाओं की जीत बताया।

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने केरल सरकार और एसएफआई का पुतला फूंका



**सुलतानपुर (वीओएल)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा केरल में पीएम श्री योजना लागू करने की मांग कर रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं और प्रदेश मंत्री पर वामपंथी छात्र संगठन एसएफआई के कार्यकताओं द्वारा जानलेवा हमला किए जाने के विरोध में केरल सरकार एवं एसएफआई का पुतला कुशभवनपुर में राणा प्रताप पीजी कॉलेज गेट पर फूंका गया। इस दौरान कार्यकताओं ने केरल सरकार मुदार्बाद, वामपंथियों शर्म करो के नारे लगाए। इस दौरान अभाविप राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शुभेन्द्र वीर सिंह ने कहा की ष्केरल सरकार की शह पर वामपंथी छात्र संगठन एसएफआई के गुंडों द्वारा केरल में पी एम श्री योजना लागू करने की मांग कर रहे छात्रों और अभाविप के प्रदेश मंत्री के ऊपर जानलेवा हमला किया गया है। यह हमला दशार्ता है की केरल की सरकार और उसके समर्थक शिक्षा और छात्र विरोधी हैं। इस हमले से विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं में देश भर में आक्रोश है एवं आने वाले समय में परिषद वामपंथियों की ईंट से ईंट बजाने का कार्य करेंगी।यह केरल सरकार की शिक्षा विरोधी सोच दशार्ती है। केरल में लगातार लोकतान्त्रिक आवाजों पर हमला किया जा रहा है, । जिला संयोजक तेजस पाण्डेय ने कहा जिसकी विद्यार्थी परिषद घोर निंदा करती है। हम मांग करते हैं कि केरल में अभाविप के कार्यकताओं पर हमला करने वालों को चिन्हित कर उन पर कड़ी कार्यवाई की जाए। प्रदर्शन के दौरान राज मिश्रा, रूद्र, हेमंत, विक्रम, शिखर, राहुल यादव, अमन वर्मा, अमन मिश्रा, अभय सिंह, मरूत नंदन, शिवांस, इंद्रमणि, रूद्र श्रीवास्तव, सचिन आदि मौजूद रहे।

## आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजपा करेगी जनजागरूकता कार्यक्रम

**सुलतानपुर (वीओएल)।** भाजपा 25 जून, 1975 को लगे आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर बुधवार को जिले में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। इसका उद्देश्य नागरिकों को आपातकाल के ऐतिहासिक तथ्यों से अवगत कराना और लोकतंत्र की रक्षा में योगदान देने वाले सेनानियों को सम्मानित करना है। भाजपा मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि कार्यक्रमों की अगुवाई भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी करेंगे। इस अवसर पर कौशल विकास मंत्री और प्रदेश संगठन के उपाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11:20 बजे भाजपा कार्यालय पर आपातकाल के विभिन्न पहलुओं पर आधारित प्रदर्शनी के उद्घाटन से होगी। प्रदर्शनी के माध्यम से कांग्रेस शासन में लगे आपातकाल के दौरान हुए लोकतांत्रिक दमन, सेंसरशिप और मानवाधिकार हनन जैसे विषयों को जनता के समक्ष रखा जाएगा। इसके बाद पाँधरोपण और 11:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लोकतंत्र रक्षक सेनानी सम्मान समारोह और संगोष्ठी होगी, जिसमें आपातकाल के प्रभावों और लोकतंत्र की रक्षा में जनभागीदारी पर चर्चा की जायेगी।

## वेल्सपन फाउंडेशन का एक्सपोजर विजिट आयोजित

**शाहगढ़, अमेठी।** वेल्सपन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज के द्वारा शहबाजपुर पुष्टाहार यूनिट का विजिट आयोजित किया गया। इस विजिट में महिलाओं को यूनिट की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें सफाई कार्य से लेकर पैकिंग कार्य तक की प्रक्रिया शामिल थी। वहां उपस्थित महिला सुपरवाइजर पूनम सरोज ने आये सभी महिलाओं को यूनिट का पूरा प्रकिया बताया और उन्हें यूनिट में बनाई जा रही सभी सामग्री का लाइव दिखाकर बताया गया। इस विजिट का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में कार्य के प्रति लीडरशीप का निर्माण और घर से बाहर निकलकर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में वेल्सपन के सीएसआर अधिकारी विजय राय और हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया संस्था की टीम वसीम अकरम, रमेश कुमार, वंदना मिश्रा, शीला यादव, अंजू यादव, अनीता यादव, चांदनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया गोमती नदी सेतु निर्माण कार्य का निरीक्षण



जिला संवाददाता (vol)

- गुणवत्ता और समयबद्धता पर दिया विशेष जोर

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने सोमवार को सूरापुर-बिजेथुआ-गुदरा-कोइरीपुर मार्ग पर निमार्णाधीन गोमती नदी सेतु, पहुँच मार्ग और सुरक्षात्मक कार्यों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रयुक्त निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सामग्री की थर्ड पार्टी से नियमित जांच कराई जाए।

यह सेतु उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड द्वारा 2146.38 लाख रुपये की लागत से बनाया जा रहा है, जिसमें सेतु के साथ-साथ पहुँच मार्ग, अतिरिक्त मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य और भूमि अधिग्रहण भी शामिल हैं। कुल 400 मीटर लंबाई वाले पहुँच मार्ग का कार्य दिसंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है। अवर अभियंता ने जानकारी दी कि अब तक लगभग 65 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूर्ण करने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों और जनशक्ति का समुचित उपयोग किया जाए। भूमि अधिग्रहण में आ रही बाधाओं पर उन्होंने संबंधित तहसीलदार को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सेतु पर कार्यरत 15 दक्ष श्रमिकों की संख्या का भी जायजा लिया और सुरक्षा के दृष्टिकोण से दोनों ओर चेतावनी साइनेज लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने को कहा।

# 444 विद्यालयों का होगा विलय प्री-प्राइमरी शिक्षा की नयी पहल





पंकज कुमार पाण्डेय/पवन शर्मा

**सुलतानपुर।** जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और संसाधनों के बेहतर उपयोग को ध्यान में रखते हुए 50 से कम छात्र संख्या वाले 444 विद्यालयों का निकटवर्ती विद्यालयों में विलय किया जा रहा है। इस कदम का उद्देश्य न केवल शिक्षण व्यवस्था को सशक्त बनाना है, बल्कि रिक्त हो रहे विद्यालय परिसरों का प्री-प्राइमरी शिक्षा के लिए उपयोग कर शिक्षा की नींव को और मजबूत करना भी है। जिला शिक्षा विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार इन रिक्त भवनों में अब प्री-प्राइमरी शिक्षा की शुरूआत की जाएगी, जिसके लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित एजुकेटरों की तैनाती की जाएगी। इससे छोटे बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा की मजबूत नींव मिल सकेगी। ब्लॉकवार आंकड़ों के अनुसार, लंभुआ में सर्वाधिक 67, धनपतगंज में 48, जयसिंहपुर में 37, भदैया में 35 और बल्दीराय में 33 विद्यालयों का विलय प्रस्तावित है। इसी तरह अन्य ब्लॉकों जैसे अखण्डनगर, दोस्तपुर, कादीपुर, दूबेपुर, मोतिगरपुर और नगर क्षेत्र में भी कई विद्यालय इस योजना में शामिल किए गए हैं। सत्र 2024-25 में जिले में प्राथमिक स्तर (कक्षा 1-5) के कुल 1988 विद्यालय (1453 परिषदीय, 515 मान्यता प्राप्त) हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय (कक्षा 6-8) की संख्या 566 (345 परिषदीय, 221 मान्यता प्राप्त) है। कंपोजिट विद्यालयों की संख्या 269 है। छात्र संख्या की बात करें तो प्राथमिक स्तर पर 1,08,158, उच्च प्राथमिक स्तर पर 36,589 और कंपोजिट विद्यालयों में 57,492 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। शिक्षक पदों पर 1,295 प्रधानाध्यापक और 3,460 सहायक अध्यापक प्राथमिक स्तर पर कार्यरत हैं। उच्च प्राथमिक स्तर पर 39 प्रधानाध्यापक व 932 सहायक अध्यापक, कंपोजिट विद्यालयों में 32 प्रधानाध्यापक व 1,846 सहायक अध्यापक हैं। इसके अलावा 456 अनुदेशक और 2,135 शिक्षामित्र तैनात हैं।

# झोलाछाप के इलाज से गर्भस्थ शिशु की मौत का आरोप

- महिला की शिकायत पर पुलिस ने षव को पीएम के लिये भेजा

**लालगंज, रायबरेली।** झोलाछाप चिकित्सक के इलाज से गर्भवती महिला के पेट में पल रहे बच्चे की मौत होने का मामला प्रकाष में आया है। महिला ने मामले में मृत बच्चे का पोस्टमार्टम कराये जाने के साथ आरोपी चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग पुलिस से की है। वहीं पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के पूरे राना मजरे उतरागौरी गांव निवासिनी राधा पत्नी कुलदीप ने बताया कि उसके गर्भ में 7 माह का बच्चा पल रहा था। अचानक सिरदर्द व बीपी संबंधी समस्याओ को लेकर वह बीते अप्रैल माह को फत्तेसरायं गांव के झोलाछाप चिकित्सक चंद्रकात सिंह के पास पहुंची तो उन्होने सब कुछ ठीक होने की बात कहते हुए कुछ दवाईयां देकर उसका इलाज कर रहा था। जिसके बाद उसकी हालत खराब हो गई और अचानक उसके पेट में दर्द उठने लगा। जिसके बाद परिजन 23 जून को उसे लेकर फतेहपुर के सरकारी अस्पताल पहुंचे जहां इलाज के बाद मृत षिषु ने जन्म दिया। जानकारी करने पर चिकित्सको ने बताया कि उसके बच्चेदानी व पेट में संक्रमण हो गया है। जिसके चलते बच्चे की मौत हुई है।

पीड़िता ने मामले में पुलिस को तहरीर देकर मृत बच्चे का अन्त्य परीक्षण कराने व चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि षव को परीक्षण के लिये जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

# खरीफ सीजन में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता, डम्पिंग से बचें किसान

**सुलतानपुर (वीओएल)।** खरीफ सीजन के अंतर्गत किसानों द्वारा रोपाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस दौरान रासायनिक उर्वरकों, विशेषकर यूरिया की मांग बढ़ना स्वाभाविक है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला कृषि अधिकारी एस.एन. चैधरी ने किसानों को जानकारी दी है कि जनपद में सभी आवश्यक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा चुकी है। उन्होंने ने बताया कि डीएपी लक्ष्य के 4461 मी टन के सापेक्ष 3169 मी टन उपलब्ध है। यूरिया लक्ष्य के 42519 मी टन के सापेक्ष 21907 मी टन उपलब्ध है। इसी तरह एनपीके भी 1226 मी टन, एमओपी 319 मी टन, एसएसपी 7635 मी. टन उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे यूरियाया अन्य उर्वरकों की अनावश्यक डम्पिंग न करें। डंपिंग करने से बाजार में कृत्रिम मांग उत्पन्न होती है, जो कि वितरण प्रणाली को प्रभावित कर सकती है। लिपिक अनूप तिवारी ने सभी किसानों से अपील की है कि वे मृदा परीक्षण रिपोर्ट के अनुरूप ही अपनी आवश्यकतानुसार खाद खरीदें और पॉस मशीन पर अंगूठा लगाकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही खाद प्राप्त करें। भारत सरकार द्वारा यूरिया व डीएपी के विकल्प के रूप में नैनो यूरिया व नैनो डीएपी को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो सहकारी समितियों में कम कीमत पर उपलब्ध है। किसान इसका प्रयोग कर अपनी उपज में वृद्धि कर सकते हैं। खुदरा एवं थोक उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे उर्वरकों की बिक्री निर्धारित मूल्य पर ही करें। किसी भी प्रकार की टैगिंग, अधिक मूल्य वसूली या कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर संबंधित विक्रेता का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा एवं प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। यदि किसी किसान को अधिक मूल्य, टैगिंग या खाद न मिलने की समस्या हो, तो वे अपनी शिकायत सहकारिता क्षेत्र के सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक अथवा निजी क्षेत्र में जिला कृषि अधिकारी या उप कृषि निदेशक कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं।

# आरेडिका में साइकिल दौड़ का आयोजन



**रायबरेली।** आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान मुख्य वित्त सलाहकार बीएल मीणा एवं आरेडिका खेलकूद संघ के सचिव अरविंद कुमार के मार्गदर्शन में आरेडिका की विशेष खेल-कूद अधिकारी पदमश्री तथा अर्जुन अवार्डी सुधा सिंह एवं आरेडिका खेलकूद संघ संयुक्त सचिव अमरजीत कुमार ने शॉपिंग कॉम्पलेक्स से हरी झण्डी दिखा कर दौड़ की शुरूआत करायी।इस साइकिल दौड़ में आरेडिका के रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के बच्चों एवं महिलाओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

इस प्रतियोगिता में 5 से 8 वर्ष के बालक वर्ग में उत्कर्ष श्रीवास्तव ने प्रथम, जय यादव ने द्वितीय तथा जय गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अण्डर 9 बालिका वर्ग में आरोही ने प्रथम, ईशानी ने द्वितीय तथा अवनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 9 से 12 वर्ष के बालक वर्ग में आर्यन राय ने प्रथम, ओम गुप्ता ने द्वितीय तथा प्रियांशु मीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अण्डर 15 बालिका वर्ग मेंअनुशिका कुमारी ने प्रथम, रिद्धमा सिंह ने द्वितीय तथा वैष्णवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अण्डर 20 बालक वर्ग में श्रेयांशु पाल ने प्रथम बिपिन कुमार ने द्वितीय तथा विवेक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अण्डर 20 बालिका वर्ग में दिव्या ने प्रथम, अनीका ने द्वितीय तथा शारदा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में नन्दनी ने प्रथम, सोनी गुप्ता ने द्वितीय तथा पूजा पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में त्रिलोचन अंथवाल ने प्रथम, प्रेम कुमार ने द्वितीय तथा मुकेश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने सभी विजेता खिलाडियों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। आरेडिका प्रशासन ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक संसाधन प्रदान कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## अजय व यशपाल बने राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी

**रायबरेली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन ने अपने संगठन के लिए प्रदेश मीडिया प्रभारी के चयन की घोषणा की है। यह चयन संगठन के मानवाधिकार संरक्षण व जागरूकता अभियानों को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया है। चयन प्रक्रिया में कई योग्य उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया, जिसमें उनके अनुभव, मीडिया प्रबंधन कौशल और मानवाधिकार के प्रति समर्पण को आधार बनाया गया। अंतिम चयन के बाद लालगंज निवासी अजय प्रताप सिंह और यशपाल सिंह को प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश के रूप में नियुक्त किया गया है। अजय प्रताप सिंह को उनके उत्कृष्ट संचार कौशल और सामाजिक मुद्दों पर गहरी समझ के लिए जाना जाता है।

# बाल्टी में तेल देने से मना करने पर मारपीट, मुकदमा दर्ज

- मनबढ़ युवकों ने पेट्रोल पंप पर जमकर मचाया उतपात

**सुलतानपुर (वीओएल)।** मनबढ़ युवक द्वारा पेट्रोल पंप पर रखी आग नियंत्रण की बाल्टी से बालू गिराकर तेल मांगने पर सेल्समैंन द्वारा मना करने पर गाली गलौज के साथ मारपीट की गई। मामले में पेट्रोल पंप मालिक की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन जुटी है। कुड़वार थाना क्षेत्र के अलीगंज कुड़वार मार्ग स्थित आर एस फिलिंग स्टेशन डोमनपुर से जुड़ा है। जहां सोमवार शाम को धरावा गांव निवासी समीर पुत्र कमरुद्दीन पेट्रोल पंप पर आग बुझाने के लिए रखी बाल्टी की बालू गिराकर बाल्टी में तेल मांगने लगे जब सेल्स मैन द्वारा बाल्टी में तेल देने से मना करने पर गाली गलौज करने लगा। पंप मालिक रमा शंकर तिवारी का आरोप है कि रवि, रफ़्फ़ू, सरदार व सैफ सहित 5-6 अज्ञात लोग भी टंकी पर पहुंच गए और गालियां देते हुए टंकी मालिक रमाशंकर तिवारी निवासी बहलोलपुर सहित अन्य पंप कर्मियों से धक्का मुक्की करने लगे। किसी तरह वहां मौजूद लोगों के हस्तक्षेप पर मामला शांत हुआ लेकिन वहां रखा 11 हजार रुपया भी निकाल किसी के द्वारा लिया गया। और लोगों की भीड़ इकट्ठा होने पर लाठी डंडे और असलहे से लैश सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। जिनमें से एक मोटर साइकिल पेट्रोल पंप पर छूट गई। रामशंकर तिवारी ने बताया कि ये लोग अक्सर आकर यहां बवाल करते है कभी कोई कार्यवाही नहीं हुई इसी लिए सब मनबढ़ हो गए। प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया कि टंकी मालिक रमाशंकर तिवारी की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## संक्षेप

### डब्ल्यूएचओ की तंबाकू नियंत्रण नीति भारत के लिए बड़ा खतरा

नई दिल्ली। एशिया पैसिफिक टोबैको हार्म रिडक्शन एडवोकेट्स ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की तंबाकू से हानि कम करने के खिलाफ नई नीति को लेकर गंभीर चिंता जताई है। संगठन का कहना है कि यह नीति कई वर्षों के वैज्ञानिक प्रमाणों को नकारती है और भारत जैसे देशों को अत्यधिक नुकसान पहुंचा सकती है, जहां हालात अमीर देशों की तुलना में कहीं अधिक जटिल और संवेदनशील हैं। भारत, जहां विश्व में सबसे अधिक तंबाकू उपयोगकर्ता हैं, एक विशिष्ट और विविध तंबाकू परिदृश्य से जूझ रहा है। सीएपीएचआरए का मानना है कि यदि उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए सुरक्षित निकोटीन उत्पादों के निर्माण की दिशा में बदलाव किया जाए, तो न केवल इन करोड़ों आजीविकाओं की रक्षा की जा सकती है, बल्कि दहनशील और नुकसानदेह मौखिक उत्पादों के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को भी कम किया जा सकता है।

### फर्जी डीलरशिप के घोटालों से जूझ रही हैं एफएमसीजी कंपनियां

मुंबई। जैसे-जैसे व्यक्ति और व्यवसाय ऑनलाइन होते जा रहे हैं, वैसे-वैसे घोटालेबाज और नकली बिजनेस चलाने वाले भी बढ़ते जा रहे हैं। पिछले कुछ सालों में, भारत में उद्यमियों को ठगने के लिए फर्जी डीलरशिप घोटाला सबसे पसंदीदा तरीका बन कर उभरा है। ये घोटालेबाज महानगरों से लेकर छोटे शहरों तक हर तरफ तेजी से फैल रहे हैं। वैसे तो फर्जी डीलरशिप के ज्यादातर मामलों में घोटालेबाज बचकर निकल जाते हैं। परंतु हाल ही में रिलायंस रिटेल द्वारा धोखेबाजों के खिलाफ मुकदमे दायर करने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय ने फर्जी डीलरशिप से जुड़े कथित अपराधियों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस के साइबर सेल को मामले की जांच करने, फजीर्वाड़ा करने वालों का पदार्फाश करने और स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया।

### हैरियर ईवी की प्रारंभिक कीमतों की घोषणा

बंगलुरु। टाटा ने आज हैरियर ईवी एसयूवी की शुरूआती कीमतों की घोषणा की। इसके साथ ही बैटरी पैक पर लाइफटाइम वारंटी जैसी सुविधा इसे लंबे समय तक भरोसेमंद बनाती है। हैरियर ईवी ने सुपरकार जैसी परफॉर्मेंस, हर रास्ते पर चलने की क्षमता, अत्याधुनिक तकनीक और शानदार आरामदायक अनुभव प्रदान करके खुद को भविष्य की अल्टीमेट एसयूवी के रूप में स्थापित किया है। हैरियर ईवी की बुकिंग 2 जुलाई से शुरू हो रही है।

### ओप्पो ने लॉन्च किया के13एक्स 5जी

नई दिल्ली। ओप्पो इंडिया ने अपने सेगमेंट में सबसे मजबूत 5जी स्मार्टफोन ओप्पो के13एक्स 5जी पेश किया है। यह बिना किसी समझौते के ड्यूरेबिलिटी और ऑल-राउंड फंक्शनैलिटी पसंद करने वाले युवा विद्यार्थियों और प्रोफेशनल्स के लिए बनाया गया है। के13एक्स 5जी एसजीएस मजबूती के लिए गोल्ड ड्रॉप सर्टिफिकेशन और मिलिट्री-ग्रेड मानकों के साथ आता है। इसलिए यह अपने सेगमेंट में सबसे अधिक मजबूत डिवाइस है। इसमें 360° डैमेज-प्रूफ आर्मर बॉडी है। स्टाइल के साथ सेगमेंट में सबसे ज्यादा ड्यूरेबिलिटी ओप्पो के13एक्स 5जी ने 15,000 रुपये से कम मूल्य वाले सेगमेंट में ड्यूरेबिलिटी के नए मानक स्थापित कर दिए हैं। इसमें दैनिक उपयोग के लिए एक स्लीक फॉर्म फैक्टर में एयरोस्पेस-ग्रेड की मजबूती और बायोमिमेटिक चमक प्राप्त होती है। इस स्मार्टफोन का इनर फ्रेम एएम04 हाई-स्ट्रेंथ एल्युमिनियम एलॉय से बना है।

### सोनी ये पर लौट आया है ऑगी

नई दिल्ली। शो ऑगी एंड द कॉकरोचेस के एकदम नए एपिसोड्स शुरू हो रहे हैं, सिर्फ सोनी ये पर। तैयार हो जाइए बिना रुके हंसी के लिए, पहले से भी बड़े चेज, और तीन गुना मस्ती के लिए, क्योंकि कॉकरोछ की गैंग ऑगी की शांति को फिर तबाह करने आ रही है नए मजेदार प्रैंक्स और पूरे पागलपन के साथ। चाहे बात हो विस्फोटक गैजेट्स की, बेकाबू किचन फाइट्स की या फिर जबरदस्त फेल्स की वही ऑगी की दीवानगी, जिसे आप प्यार करते हैंअब पहले से भी ज्यादा धमाकेदार अंदाज में। 23 जून से, सिर्फ सोनी ये पर शुरू हुआ है। चाहे आप बच्चे हों या वो बड़े जो कहते हैं कि बस बच्चों के लिए देख रहे हैं ये एपिसोड्स हैं आपकी रोजाना की हंसी की खुराक।

# सेंसेक्स में 158 अंकों की उछाल



मुंबई। ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम की खबरों के बीच मुनाफावसूली का सिलसिला चलने से स्थानीय शेयर बाजार ने मंगलवार को अपना अधिकांश शुरुआती लाभ गंवा दिया और अंत में सेंसेक्स 158 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी में भी 72 अंक का लाभ रहा।

युद्धविराम की खबरों से पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतें घटने की उम्मीद में शुरुआती कारोबार में जबर्दस्त उछाल देखा गया। लिवाली के इस दौर में सेंसेक्स एक समय।,121.37 अंक यानी 1.36 प्रतिशत उछलकर 83,018.16 अंक तक पहुंच गया था। हालांकि, दोपहर तक युद्धविराम के उल्लंघन की खबरें आने से बाजार ने इस बड़ी बढ़त को काफी हद तक गंवा दिया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 158.32 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,055.11 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के सूचकांक निफ्टी का भी कारोबार उतार-चढ़ाव से भरा रहा। एक समय निफ्टी 25,317.70 अंक तक पहुंच गया था लेकिन कारोबार के अंत में यह सिर्फ 72.45 अंक यानी 0.29 प्रतिशत तेजी के साथ 25,044.35 अंक पर बंद हुआ। घरेलू बाजार का शुरुआती लाभ, युद्धविराम की घोषणा और कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से प्रेरित था। लेकिन पश्चिम एशिया में नए सिरे से भू-राजनीतिक तनाव पैदा होने से यह धारणा अल्पकालिक साबित हुई। वायदा अनुबंधों की समाप्ति का दिन होने से भी बाजार में काफी उतार-चढ़ाव का माहौल रहा। हालांकि, बाजार ने एक दायरे में रहने की प्रवृत्ति से बाहर निकलने का प्रयास किया था लेकिन लगातार वैश्विक जोखिम इसे बाधित कर रहे हैं। कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में गिरावट आने से कच्चे तेल से संबंधित क्षेत्रों- पेट्रोलियम विपणन कंपनियों, विमानन, पेंट के शेयरों में खासी तेजी रही। एचपीसीएल का शेयर 3.24 प्रतिशत चढ़ गया जबकि इंडियन ऑयल में 2.04 प्रतिशत एवं बीपीसीएल में 1.92 प्रतिशत की तेजी रही। बाजार प्रतिभागियों के लिए यह घटना-प्रधान दिन रहा। मानक सूचकांकों ने पश्चिम एशिया तनाव से जुड़ी खबरों पर अत्यधिक सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों रुझान दिखाए, लेकिन अंत में हल्की बढ़त के साथ बंद हुए। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.71 प्रतिशत और मिडकैप 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। अदाणी समूह की सभी 10 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जिनमें से अंबुजा सीमेंट का शेयर चार प्रतिशत चढ़ गया। समूह के अगले पांच वर्षों में 15-20 अरब डॉलर निवेश की योजना की घोषणा से इसकी कंपनियों को समर्थन मिला।

# रुपया 75 पैसे की बड़ी बढ़त के साथ 86.03 प्रति डॉलर पर



मुंबई। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बाद वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर से उबरकर मंगलवार को 75 पैसे की बड़ी बढ़त के साथ 86.03 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों का मानना है कि कमजोर डॉलर और घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख ने स्थानीय मुद्रा को और बल दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान और इजराइल के युद्धविराम के करीब होने की घोषणा के बाद बाजारों को नई उम्मीद मिली है। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 3.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 69.20 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.07 पर खुला। दिन में 85.91 से 86.27 प्रति डॉलर के दायरे में कारोबार करने के बाद यह 86.03 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 75 पैसे की बढ़त है। रुपया सोमवार को 23 पैसे टूटकर पांच महीने के निचले स्तर 86.78 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इजराइल और ईरान के बीच युद्धविराम की खबरों से वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार के कारण रुपये में तेजी आई। चौधरी ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और सकारात्मक घरेलू बाजारों ने रुपये को समर्थन दिया, जबकि युद्धविराम की खबरों के बीच डॉलर सूचकांक में नरमी आई। अमेरिकी डॉलर-भारतीय रुपये की जोड़ी के 85.60-86.40 के बीच कारोबार करने के आसार हैं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.94 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 158.32 अंक की बढ़त के साथ 82,055.11 अंक पर और निफ्टी 72.45 अंक चढ़कर 25,044.35 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1874.38 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# एसएंडपी ने भारत के जीडीपी वृद्धि को बढ़ाकर किया 6.5 प्रतिशत


नयी दिल्ली। सामान्य मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतों और मौद्रिक नरमी को देखते हुए एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया।

रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने पश्चिम एशिया में अशांति के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बढ़ते जोखिम की भी चिंता जाहिर की और कहा कि तेल की कीमतों में दीर्घकालिक वृद्धि से धीमी वैश्विक वृद्धि और शुद्ध ऊर्जा आयातकों के चालू खातों, कीमतों व लागतों पर दबाव के जरिये एशिया-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण आर्थिक प्रभाव पड़ सकता है। एसएंडपी ने कहा, हालांकि, वैश्विक ऊर्जा बाजारों की वर्तमान स्थिति देखते हुए जहां पर्याप्त आपूर्ति है उससे तेल की कीमतों पर ऐसा दीर्घकालिक प्रभाव पड़ने के आसार नहीं है। एसएंडपी ने पिछले महीने वैश्विक अनिश्चितताओं और अमेरिकी शुल्क झटकों का हवाला देते हुए भारत के वित्त वर्ष 2025-26 के वृद्धि अनुमान घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था। रेटिंग एजेंसी ने मंगलवार को जारी एशिया प्रशांत आर्थिक परिदृश्य में कहा, हम वित्त वर्ष 2025-26 (31 मार्च 2026 को समाप्त होने वाले) में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रहने की उम्मीद करते हैं।

# सोना 900 रुपये टूटा, चांदी भी कमजोर

नयी दिल्ली। ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम की उम्मीदों से वैश्विक बाजार में कीमती धातु की सुरक्षित पनाहगाह के रूप में अपील कम होने से मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 900 रुपये गिरकर 98,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले कारोबारी सत्र में 99,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 800 रुपये टूटकर 98,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। सोमवार को यह 99,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अमेरिका द्वारा ईरान और इजरायल के बीच पूर्ण



युद्धविराम की पुष्टि के बाद सुरक्षित-निवेश के विकल्प के रूप में मांग में कमी आने से सोना दबाव में है। यह घोषणा ईरान द्वारा कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हमला करने के कुछ समय बाद की गई, जिससे तनाव कुछ समय के लिए बढ़ गया, लेकिन फिर जल्दी ही शांत हो गया। आगे तनाव बढ़ने की आशंका कम होने के साथ, निवेशक मुनाफावसूली कर रहे हैं और सोने से हाथ खींच रहे हैं। मंगलवार को चांदी की कीमतें भी।,000 रुपये घटकर।,04,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं। पिछले बाजार बंद में यह।,05,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, विदेशी बाजारों में हाजिर सोना 46.05 डॉलर या 1.37 प्रतिशत गिरकर 3,323.05 डॉलर प्रति औंस रह गया। निवेशक फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल की टिप्पणियों का इंतजार कर रहे हैं, जो मंगलवार और बुधवार को अमेरिकी कांग्रेस के समक्ष अपनी बात रखने वाले हैं इससे भविष्य में ब्याज दरों में कटौती के बारे में संकेत मिल सकता है।

# डिजिटल संचालन की मजबूती के लिए सशक्त डेटा गुणवत्ता जरूरी

नयी दिल्ली। नीति आयोग ने मंगलवार को डिजिटल संचालन को मजबूत करने, लोगों का भरोसा जीतने और सेवा के कुशल वितरण के लिए मजबूत डेटा गुणवत्ता की तत्काल जरूरत बताई।

सरकारी शोध संस्थान ने अपनी तिमाही अंतर्दृष्टि शृंखला फ्यूचर फ्रंट का तीसरा संस्करण जारी करते हुए डेटा गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। भारत की डेटा अनिवार्यताः गुणवत्ता की धुरी शीर्षक से जारी रिपोर्ट डेटा गुणवत्ता खराब होने से पैदा होने वाली व्यापक चुनौतियों की आलोचनात्मक जांच करती है और व्यावहारिक, उपयोग में आसान साधन भी पेश करती है। इन साधन में डेटा गुणवत्ता विशेषताओं को मापने और निगरानी के लिए डेटा-गुणवत्ता स्कोरकार्ड और स्व-मूल्यांकन और रूपरेखा विकास के लिए डेटा-गुणवत्ता परिपक्वता ढांचा शामिल हैं। रिपोर्ट कहती है, भारत का डिजिटल भविष्य सिर्फ इस बात से नहीं तय होगा कि हम कितने डिजिटल मंच बनाते हैं, बल्कि इससे भी तय होगा कि हम उनमें कितना भरोसा पैदा करते हैं। और इसकी शुरुआत सेवा के लिए तैयार डेटा से होती है। भारत की डिजिटल बुनियाद तैयार है, लेकिन अब चुनौती इस बुनियाद के सहारे प्रसारित हो रही सूचना की सटीकता, पूर्णता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने की है।

# नौकरशाही का लीक से हटकर न सोचना चिंताजनक

पुणे (महाराष्ट्र)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि परियोजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं है लेकिन नौकरशाही में लचीलेपन की कमी और लीक से हटकर न सोचना चिंता का विषय है।

गडकरी ने सोमवार को पुणे में एक कार्यक्रम में कहा कि पूर्व नौकरशाह विजय केलकर ने लचीला रुख अपनाया और वे अपवाद हैं। इस समारोह में केलकर को पुण्यभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि हमारे पास धन की कमी नहीं है। मैं हमेशा एक लाख करोड़, 50,000 करोड़ या दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की बात करता हूं। आम तौर पर पत्रकार बड़ी घोषणाओं के मामले में राजनेताओं पर भरोसा नहीं करते। मैं उनसे कहता हूं कि मैं जो कहता हूं उसे रिकॉर्ड करें और अगर काम पूरा नहीं होता है तो ब्रेकिंग



न्यूज चलाएं। मंत्री ने यह भी कहा कि चिंता धन की उपलब्धता की बजाय काम की धीमी गति को लेकर है। ग्रामीण इलाकों में जब मवेशी चरने जाते हैं तो वे एक ही पंक्ति में चलते हैं। वे इतने अनुशासित होते हैं कि कभी भी क्रम नहीं तोड़ते। मुझे कभी-कभी नौकरशाही के बारे में भी यही महसूस होता है। यहां लीक से हटकर विचार अपनाना पूरी तरह मना है। हालांकि केलकर सर ने नीति-निर्माण में लचीलेपन को स्वीकार किया। गडकरी ने कहा कि उन्होंने केलकर से उस समय मुलाकात की थी जब वह वित्त आयोग के चेयरमैन थे और उन्हें बताया था कि 3.85 लाख करोड़ रुपये की लागत वाली 406 परियोजनाएं रुकी हुई हैं और बैंकों के सामने तीन लाख करोड़ रुपये की गैर-निष्पादित आस्तियां होने का खतरा है। उन्होंने मुझसे पूछा कि इसका कारण क्या है। मैंने उनसे कहा कि इसका एकमात्र कारण नौकरशाह हैं। हमने कुछ परियोजनाओं को समाप्त करके और कुछ में सुधार करके समस्या का समाधान किया। परियोजनाएं फिर से शुरू हुईं और बैंकों को तीन लाख करोड़ रुपये की गैर-निष्पादित आस्तियों से बचाया गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केलकर ने हर विभाग में उत्कृष्ट कार्य किया, लेकिन वित्त सचिव के रूप में उन्होंने जो नीतियां तैयार कीं, उनका भारत के भविष्य पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ा। गडकरी ने बताया कि 2009 में जब (भारत के पूर्व राष्ट्रपति) प्रणब मुखर्जी केंद्रीय वित्त मंत्री थे, तब केलकर कई चुनौतियों का सामना करते हुए माल एवं सेवा कर पर आम सहमति बनाने की कोशिश कर रहे थे और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसा किया जाना चाहिए क्योंकि यह देश के हित में था।

# दो कंपनियों का वर्चस्व अच्छी बात नहीं हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिएः सिंधिया

नयी दिल्ली। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि किसी भी क्षेत्र में दो कंपनियों का वर्चस्व अच्छी बात नहीं है और हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए।

ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम के एक कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि देश में इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है और सरकार 15 अगस्त से पहले छह गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम को लाइसेंस मुक्त करने के नियम जारी करेगी। इसका इस्तेमाल वाई-फाई सेवाओं और डिजिटल विभाजन को पाटने के लिए किया जाएगा। सिंधिया ने कहा कि हमारा काम यथासंभव अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराना है और प्रत्येक क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा संभव कराना है। एक या दो कंपनियों का वर्चस्व ठीक नहीं है। इससे पहले, कार्यक्रम में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के पूर्व चेयरमैन आर. एस. शर्मा ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में भी द्वैधाधिकार है और केवल दो सक्रिय सेवा प्रदाता हैं तथा उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर ब्रॉडबैंड पहुंच उपलब्ध कराने के लिए और अधिक विकल्प उपलब्ध कराने की जरूरत है।

भारतीय दूरसंचार क्षेत्र पर वर्तमान में भारती एयरटेल और रिलायंस जियो का प्रभुत्व है जो सक्रिय रूप से 4जी और 5जी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल याचिका में अपने अस्तित्व को लेकर आशंका जाहिर की है। सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने अभी तक अखिल भारतीय स्तर पर 4जी और 5जी सेवाएं शुरू नहीं की हैं। सिंधिया ने कहा कि देश में ब्रॉडबैंड, वाईफाई के लिए फाइबर प्रौद्योगिकी है और जल्द ही उपग्रह सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। मंत्री ने कहा कि हमें हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा करनी होगी। उन्होंने कहा कि उपग्रह संचार सेवाओं के लिए जल्द ही प्रशासनिक आधार पर उपग्रह कंपनियों को स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाएगा। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ने हालांकि उपग्रह संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन की समयसीमा का खुलासा नहीं किया। दूरसंचार अर्थशास्त्र में मूरे के नियम को लागू किया जाना चाहिए, साथ ही यह भी कि मात्रा बढ़ने पर कीमतों में गिरावट आनी चाहिए।

## पेज एक का शेष

### अब तक 3100

गया है। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक, भारतीय वायुसेना के सी-17 भारी-भरकम विमान का उपयोग करते हुए 400 से अधिक लोगों को इजराइल से वापस लाया, जिन्हें भूमि मार्ग से पहले इजराइल से जॉर्डन और मिस्र ले जाया गया था।इसके अलावा, 161 भारतीयों को सड़क मार्ग से इजराइल से जॉर्डन की राजधानी अम्मान से पहुंचाने के बाद विशेष विमान से स्वदेश लाया गया। विदेश मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को दो विशेष उड़ानों के जरिये कुल 573 भारतीयों, तीन श्रीलंकाई और दो नेपाली नागरिकों को ईरान से निकाला गया।मंत्रालय ने बताया कि ईरान से निकाले गए लोगों के नए जत्थों के साथ, भारत अब तक फारस की खाड़ी के इस देश से 2,576 भारतीयों को वापस ला चुका है। ईरान और इजराइल के बीच युद्ध शुरू होने के बाद पिछले सप्ताह ऑपरेशन सिंधु शुरू किया गया और अबतक भारत ने कुल 3,170 भारतीयों को इन दोनों देशों से निकाला है।पहले जत्थे में 161 भारतीय सड़क मार्ग से इजराइल से जॉर्डन पहुंचे और मंगलवार को सुबह 8.20 बजे अम्मान से विशेष विमान के जरिये उन्हें नई दिल्ली लाया गया। इस समूह का स्वागत विदेश राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा ने हवाई अड्डे पर किया। इजराइल से जॉर्डन के रास्ते 165 भारतीयों के दूसरे समूह को अम्मान से सी-17 विमान से नई दिल्ली वापस लाया गया। इस समूह की अगवानी राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने की। इजराइल से मिस्र के रास्ते 268 भारतीयों का एक अन्य समूह शर्म-अल-शेख से सी-17 विमान के जरिये भारत लाया गया और यह विमान पूर्वाह्न 11 बजे नई दिल्ली पहुंचा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि तड़के 3:30 बजे मशहद से नयी दिल्ली पहुंचे एक विशेष विमान से, 292 भारतीय नागरिकों को ईरान से स्वदेश लाया गया। उन्होंने बताया कि 281 भारतीय, तीन श्रीलंकाई और दो नेपाली नागरिकों को ईरान से निकाला गया। यह समूह मशाद से विशेष उड़ान से अपराह्न तीन बजे नई दिल्ली पहुंचा।

### सीज फायर

की बौछार कर दी वहीं ईरान ने भी मंगलवार सुबह इजराइल पर मिसाइलों से हमला किया जिसमें कम से कम चार लोग मारे गए। इजराइल ने कहा कि उसने संघर्षविराम के कुछ घंटों बाद सुबह-सुबह मिसाइलों की बौछार को रोक दिया है। मिसाइल हमलों के बाद इजराइल के वित्त मंत्री बेत्ज़ेल स्मोट्रिच ने एक्स पर लिखा, तेहरान कांप उठेगा। इजराइल पर सुबह मिसाइलों की बौछार उस वक्त हुई जब प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ट्रंप के साथ समन्वय करते हुए इजराइल ने ईरान के साथ द्विपक्षीय संघर्षविराम पर सहमति जताई है। नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने सोमवार रात को इजराइल की सुरक्षा कैबिनेट को बताया कि इजराइल ने ईरान के खिलाफ 12 दिनों के अभियान में अपने सभी युद्ध लक्ष्य हासिल कर लिए हैं जिसमें ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों के खतरे को दूर करना भी शामिल है। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल ने ईरान के सैन्य नेतृत्व और कई सरकारी स्थलों को भी नुकसान पहुंचाया और तेहरान के आसमान पर नियंत्रण हासिल कर लिया। नेतन्याहू ने कहा इजराइल संघर्षविराम के किसी भी उल्लंघन का जोरदार जवाब देगा। सुबह चार बजे से कुछ पहले तक ईरानी शहरों में भारी इजराइली हमले जारी थे, वहीं ईरान के हमलों ने इजराइल के लोगों को सूरज उगने के साथ ही सुरक्षित ठिकानों पर जाने के लिए मजबूर कर दिया। ईरान को हमले रोकने के लिए दी गई समय-सीमा समाप्त होने के एक घंटे बाद ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया खाते ट्रुथ सोशल पर लिखा, संघर्ष विराम अब प्रभावी है। कृपया इसका उल्लंघन न करें। ईरान के सरकारी टेलीविजन पर घोषणा की गई कि स्थानीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे समग्र संघर्षविराम शुरू हो गया है। लेकिन ईरानी अधिकारियों ने ट्रंप की घोषणा के संबंध में कुछ नहीं कहा। इससे कुछ घंटे पहले ईरान के शीर्ष राजनयिक ने कहा था कि देश हवाई हमले रोकने के लिए तैयार है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था, 'फिलहाल किसी भी संघर्षविराम या सैन्य अभियानों की समाप्ति पर कोई समझौता नहीं हुआ है। अगर इजराइल ईरान के लोगों के खिलाफ अपने अवैध आक्रमण हमारे समयानुसार सुबह चार बजे से पहले बंद कर दे, तो हमारा उसके बाद अपनी कार्वाई जारी रखने का कोई इरादा नहीं है।

### इजराइली विमान

प्रभावी हो गया। ट्रंप ने दोनों पक्षों पर युद्ध विराम का पालन करने का दबाव डालते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, इजरायल ईरान पर हमला नहीं करने जा रहा है। सभी विमान वापस लौट जाएंगे। किसी को भी नुकसान नहीं होगा, युद्ध विराम प्रभावी है। ट्रंप ने कहा कि वह ईरान में शासन परिवर्तन की उम्मीद नहीं कर रहे हैं, क्योंकि वहां अस्थायी युद्ध विराम लागू हो गया है।

### ईरान के

मंगलवार तड़के ईरानी मिसाइल हमले के जवाब में एक ईरानी रडार को निशाना बनाया। उसने कहा, प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ राष्ट्रपति ट्रंप की बातचीत के बाद, इजराइल ने अतिरिक्त हमले नहीं किए।

### नहीं रोकेंगे

नहीं रोकेगा। वह परमाणु हथियार बनाने का पूरा प्रयास करेगा और यदि किसी प्रकार से किसी भी देश द्वारा उस पर हमला किया जाता है तो वह उसका जवाब देगा।

### विकसित भारत

ने कहा कि जहां वर्ष 2004 से 2014 तक क्षेत्रीय परिषद की सिर्फ 11 बैठकें और परिषद की स्थायी समितियों की केवल 14 बैठकें हुई थीं, वहीं 2014-25 में क्षेत्रीय परिषद की 28 बैठकें और स्थायी समितियों की 33 बैठकें हुई हैं। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब तक इन बैठकों में 1287 मुद्दों का निराकरण किया गया है, जो कि अपने आप में ऐतिहासिक भी है और उत्साह बढ़ाने वाला भी है। बैठक में गृह मंत्री शाह ने सदस्य राज्यों की ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने और इसके लिए नियम बनाने को भी कहा। उन्होंने कहा कि पंचायतों की आय बढ़ने से ही भारत की त्रिस्तरीय लोकतांत्रिक पंचायती राज व्यवस्था और अधिक कारगर होगी। बयान के मुताबिक आज की बैठक में राष्ट्रीय महत्व के व्यापक विषयों सहित कुल 19 मुद्दों पर चर्चा हुई। बयान के मुताबिक इनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दुष्कर्म के मामलों की त्वरित जांच और इनके शीघ्र निपटारे के लिए त्वरित सुनवायी विशेष अदालतों का कार्यान्वयन, हर गांव के नियत दायरे में ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा और आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली का कार्यान्वयन जैसे विभिन्न मुद्दे शामिल रहे। बैठक में गृह मंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय परिषद के सभी राज्य बच्चों में कुपोषण दूर करने, ड्रॉप-आउट (स्कूल की पढ़ायी बीच में छोड़ना) अनुपात को शून्य करने और सहकारिता को सुदृढ़ बनाना सुनिश्चित करें। राज्य पुनर्गठन अधिनियम1956 की धारा 15 से 22 के तहत पांच क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना की गई थी।

### प्रतिस्पर्धी संघवाद

उन्होंने पूजा-अर्चना और अनुष्ठान किए। उधर, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी मंगलवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करने पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक एक्स खाते पर एक पोस्ट में कहा बाबा विश्वनाथ की कृपाभूमि, अविनाशी काशी में आज मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में सहभागिता करूंगा। इसी पोस्ट में उन्होंने कहा कि संघीय एकता, राष्ट्रीय अखंडता और क्षेत्रीय विकास को सुदृढ़ करने वाली यह परिषद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीम इंडिया दृष्टिकोण को नई शक्ति और गति प्रदान करेगी। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि लहुरी काशी गाजीपुर के विकास को आधुनिक अधोसंरचना, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, कृषि-निर्यात हब, औद्योगिक इकाइयों और गंगा तट पर्यटन से नई ऊर्जा मिल रही है। आज जनपद (गाजीपुर) में संचालित विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करूंगा। विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश - हमारा संकल्प भी है और प्रतिबद्धता भी।

मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कर रहे हैं। शाह सोमवार से ही वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर हैं।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने मंगलवार की सुबह काशी विश्वनाथ धाम पहुंचकर गर्भगृह में षोडशोपचार पूजन कर लोक कल्याण की कामना की। उन्होंने सुबह संकट मोचन मंदिर में भी विधि विधान से पूजा-अर्चना की। मंगलवार को ही मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक होटल ताज में होनी है। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी मौजूद रहेंगे।

### सीडीएस चौहान

के आधुनिकीकरण और परिवर्तन की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और परिवर्तन की दिशा में एक बड़े कदम के तहत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीडीएस और सैन्य मामलों के विभाग के सचिव को तीनों सेनाओं के लिए संयुक्त निर्देश और संयुक्त आदेश जारी करने के लिए अधिकृत किया है। मंत्रालय ने कहा कि यह पहल तीनों सेनाओं में बेहतर पारदर्शिता, समन्वय और प्रशासनिक दक्षता की नींव रखेगी। थियेटराइजेशन मॉडल के तहत सरकार सेना, वायुसेना और नौसेना की क्षमताओं को एकीकृत करना चाहती है तथा युद्धों और अभियानों के लिए उनके संसाधनों का इष्टतम उपयोग करना चाहती है।

### उत्तराखंड के

के प्रभावों के अध्ययन के लिए राज्य में एक उच्च स्तरीय ग्लेशियर अध्ययन केंद्र की स्थापना किये जाने और जैव विविधता संरक्षण संस्था की स्थापना के लिए भी केंद्र से तकनीकी सहयोग की मांग की। मुख्यमंत्री ने राज्य में साहसिक पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय साहसिक खेल प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए सहयोग मांगा। उन्होंने उत्तराखण्ड में वर्ष 2026 में नंदा राजजात यात्रा और 2027 में कुम्भ मेले के सफल एवं भव्य आयोजन के लिए केंद्र सरकार से आवश्यक सहयोग प्रदान करने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि लगभग 80 प्रतिशत पर्वतीय भू-भाग वाले उत्तराखण्ड राज्य का 71 प्रतिशत क्षेत्र वनों से आच्छादित है। राज्य की जटिल भौगोलिक परिस्थिति तथा विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के कारण राज्य की आर्थिक गतिविधियां सीमित हैं।

### 22 मिनट

संस्थान खोले गए हैं। मोदी ने कहा कि देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा, नारायण गुरु ने सभी तरह के भेदभाव से मुक्त समाज की परिकल्पना की थी। आज, देश भेदभाव की प्रत्येक संभावना को समाप्त करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्किल इंडिया जैसे मिशन युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब भी वह समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों की बेहतरी के लिए बड़े फैसले लेते हैं, तो समाज सुधारक को याद करते हैं। पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के कई दशक होने के बावजूद, एक दशक पहले तक लाखों नागरिक बेहद कठिन परिस्थितियों में रहने को मजबूर थे। उन्होंने कहा कि करोड़ों परिवारों के पास आश्रय नहीं था और लाखों गांवों में स्वच्छ पेयजल नहीं पहुंच रहा था, जबकि स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण छोटी-मोटी बीमारियों का भी इलाज नहीं हो पाता था।




# इंग्लैंड की पांच विकेट से जीत

## भारत लीड्स टेस्ट में 5 विकेट से हारा:फील्डर्स ने 9 कैच छोड़े, डकेट ने शतक लगाया; इंग्लैंड सीरीज में 1-0 से आगे

एजेंसी



लीड्स। भारतीय टीम एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 5 विकेट से हार गई है। इसी के साथ टीम 5 मैचों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ गई है। सीरीज का दूसरा मैच 2 जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को मुकाबले के आखिरी दिन इंग्लैंड को 350 रन बनाने थे, जिसे टीम ने 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। बेन डकेट ने 149 और जैक क्रॉली ने 65 रन की पारी खेली। बेन स्टोक्स ने 33 रन बनाए। भारत से शार्दूल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा को दो-दो विकेट।

भारत ने इंग्लिश टीम को 371 रन का टारगेट दिया था। पहली पारी में इंग्लैंड 465 और भारत 471 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को पहली पारी में 6 रन की बढ़त मिली थी। मैच में भारतीय टीम से 9 कैच ड्रॉप हुए। टीम ने पहली पारी में 6 और दूसरी पारी में 3 कैच छोड़े। बेन डकेट के नाबाद अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट में जीत के लिये 371 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें और आखिरी दिन मंगलवार को लंच तक बिना किसी नुकसान के 181 रन बना लिये। डकेट 64 और जैक क्रॉली 43 रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड अभी जीत से 254 रन पीछे है। जसप्रीत बुमराह के अलावा भारत के अन्य तीन तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर अनुशासित प्रदर्शन नहीं कर सके और इंग्लैंड के बल्लेबाजों को रन बनाने के पूरे मौके दिये। टेस्ट क्रिकेट में पारी की शुरूआत करते हुए मिलकर 2000 से अधिक रन बना चुके डकेट और क्रॉली ने आसानी से कट, पुल और ड्राइव लगाये। इंग्लैंड ने कल के स्कोर बिना किसी नुकसान के 21 रन से आगे खेलते हुए पहले सत्र में 96 रन जोड़े। मेजबान टीम ने बुमराह को सावधानी से खेला लेकिन बाकी गेंदबाजों पर दबाव बनाये रखा। बुमराह को 42 के स्कोर पर डकेट का विकेट मिल जाता लेकिन वह बेहतरीन प्रयास के बावजूद उनका रिटर्न कैच नहीं लपक सके। रविंद्र जडेजा को भी हेडिंग्ले की पिच से कोई मदद नहीं मिल सकी।

**अंपायर के फैसले पर असहमति जताने पर पंत को फटकार लगाई**

लीड्स। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंग्लैंड के खिलाफ यहां चल रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के लिए फटकार लगाई है।

हेडिंग्ले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पंत को इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान मैदान पर उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई गई। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आईसीसी ने बयान में कहा पंत को खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.8 का उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति व्यक्त करने से संबंधित है। इसके अलावा, पंत के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है। यह 24 महीनों में उनका पहला अपराध था। यह घटना इंग्लैंड की पारी के 61वें ओवर में हुई, जब हैरी ब्रूक और बेन स्टोक्स बल्लेबाजी कर रहे थे।

# जय शाह से जिद्दीपन की उम्मीद थी लेकिन वह ईमानदार और अच्छे इंसान हैं: गांगुली



नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष के रूप में अपने घटनाप्रधान कार्यकाल को याद करते हुए सौरव गांगुली ने खुलासा किया कि उन्हें बोर्ड के तत्कालीन सचिव और वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह से एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद थी लेकिन वह उनकी ईमानदारी और चीजों को व्यवस्थित करने के तरीके से प्रभावित थे। गांगुली और शाह अक्टूबर 2019 से सितंबर 2022 तक दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में सहकर्मी रहे थे। यह कोविड-19 महामारी का दौर था जिसके कारण कुछ महीनों के लिए खेल गतिविधियां ठप्प पड़ गई थीं।

गांगुली ने कोलकाता में अपने आवास पर पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, उनका (जय शाह) काम करने का अपना तरीका था लेकिन उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह थी कि वह भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए चीजों को सही तरह से व्यवस्थित करना चाहते थे। इस पूर्व कप्तान ने शाह के गृह मंत्री अमित शाह के बेटे होने के संदर्भ में कहा, देखिए, उनके पास ताकत थी, समर्थन था, इसलिए आप उनसे एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद करते थे लेकिन उन्होंने भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए काफी कुछ किया। यह पहला अवसर था जबकि गांगुली और शाह दोनों बीसीसीआई में एक साथ किसी पद पर थे। इससे पहले गांगुली बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जबकि शाह गुजरात क्रिकेट संघ में पदाधिकारी थे। गांगुली की जगह 2022 में एक अन्य पूर्व टेस्ट खिलाड़ी रोजर बिन्नी को बीसीसीआई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि शाह नवंबर 2024 तक सचिव बने रहे। इसके बाद वह 36 वर्ष की उम्र में आईसीसी के सबसे युवा अध्यक्ष बने। एक राजनीतिक परिवार के वारिस और एक प्रसिद्ध क्रिकेट स्टार के बीच आपसी रिश्तों के बारे में पूछे जाने पर गांगुली ने कहा कि उनके बीच सौहार्दपूर्ण संबंध थे जो आज भी कायम हैं। उन्होंने कहा हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध थे और आज भी हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं। जब वह सितंबर 2019 में गुजरात क्रिकेट संघ से सीधे बीसीसीआई में आए तो वह काफी युवा थे। वह काफी सहयोगी और मिलनसार व्यक्ति हैं। गांगुली ने कहा जाहिर तौर पर उनकी अपनी अलग सोच थी और यह सही भी है। वह कुछ नया करना चाहते थे और आज भी ऐसा करते हैं। अब वह आईसीसी के अध्यक्ष हैं और यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। गांगुली का मानना है कि समय के साथ शाह अपने काम में निपुण होते गए। जल्द ही 53 साल के होने वाले इस सुपरस्टार ने कहा, वह खिलाड़ियों का बहुत समर्थन करते हैं। जैसे-जैसे उन्होंने सीखा, वह अपने काम में निपुण होते गए। उनकी सबसे अच्छी बात यह है कि वह इस खेल के लिए अच्छा करना चाहते हैं। कोलकाता के इस दिग्गज ने कहा कि शाह को अपनी स्थिति का पूरा अहसास था और वह हमेशा अपने काम को सिद्धांतबद्ध तरीके से करना चाहते थे। उन्होंने कहा वह बहुत ईमानदार हैं और वह इस बात से अच्छी तरह से वाकिफ थे कि वह कौन है और उनके साथ क्या हो सकता है। इसलिए, वह हर समय सही और उचित तरीके से काम करना चाहते थे।

## संक्षेप

### मुराद सिमरन व अनुष्का यादव ने रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता

प्रयागराज। गुजरात के मुराद सिमरन ने मंगलवार को यहां 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियशिप के अंतिम दिन पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ में प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। मुराद ने 50.75 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता और 2012 में बनाए दुर्गेश कुमार पाल के 51.26 सेकेंड के प्रतियोगिता रिकॉर्ड में सुधार किया। मदन मोहन मालवीय खेल परिसर में तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश की अनुष्का यादव ने 60.46 मीटर के प्रयास से नए प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ महिला तार गोला फेंक का स्वर्ण पदक जीता। पिछला रिकॉर्ड 57.09 मीटर का था जो तान्या चौधरी ने 2022 में बनाया था। अनुष्का के नाम 62.89 मीटर का जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है जो उन्होंने फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाया था।

### ललित बाबू, नीलोत्पल को शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त

मुंबई। भारत के ललित बाबू और नीलोत्पल दास ने मंगलवार को मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में अपनी-अपनी बाजी जीतकर आर्मेनिया के घरीबयान मामिकोन के साथ संयुक्त बढ़त बना ली। ललित बाबू ने सफेद मोहरों से खेलते हुए बेलारूस के ग्रैंडमास्टर एलेक्सी फेडोरोव को 39 चाल में हराया जबकि नीलोत्पल ने आर्मेनिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर आर्सेन देवत्यान के खिलाफ जीत दर्ज की। मामिकोन ने बड़ा उलटफेर करते हुए काले मोहरों से खेलते हुए शीर्ष पर चल रहे बेलारूस के ग्रैंडमास्टर एलेक्सेज एलेक्जेंड्रोव को हराया। संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे खिलाड़ियों के आठ मैच में सात अंक हैं। ग्रैंडमास्टर एलेक्जेंड्रोव, ग्रैंडमास्टर लेवन पेंटसुलिया, ग्रैंडमास्टर मैनुअल पेट्रोसियन, ग्रैंडमास्टर दीपन चक्रवर्ती और ग्रैंडमास्टर एनगुएन डुक होआ सहित नौ खिलाड़ी आठ में से 6.5 अंक जुटाकर संयुक्त रूप से चौथे पायदान पर हैं। जूनियर वर्ग में फिडे मास्टर अंश नेरुरकर ने माधवेंद्र शर्मा पर जीत के साथ वापसी की जबकि मधेश कुमार को अद्विक अग्रवाल ने ड्रॉ पर रोका। नेरुरकर और मधेश आठ मैच में सात अंक लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। उनके पीछे व्योम मल्होत्रा, अद्विक और शौनक बडोले हैं जिनके समान 6.5 अंक हैं।

### भारत व इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने बांधी काली पट्टी

लीड्स। भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने मंगलवार को यहां पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन का खेल शुरू होने से पहले पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी की याद में एक मिनट का मौन रखा और काली पट्टी बांधी।

# भारतीय क्रिकेट समुदाय ने दिलीप दोशी के निधन पर शोक व्यक्त किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। सचिन तेंदुलकर सहित भारतीय क्रिकेट समुदाय ने बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की जिनका सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 साल के थे। तेंदुलकर ने 1990 के इंग्लैंड दौरे में दोशी के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, मैं दिलीप भाई से पहली बार 1990 में ब्रिटेन में मिला था और उस दौरे पर उन्होंने मुझे नेट्स पर गेंदबाजी की थी। वह मुझसे बहुत प्यार करते थे और मैंने भी उनकी भावनाओं का सम्मान किया। मुझे उनकी बहुत याद आएगी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। दोशी के साथ खेल चुके पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने उन्हें बेदाग, एक सज्जन व्यक्ति और बेहतरीन गेंदबाज के रूप में याद किया।

शास्त्री ने कहा उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। उनकी आत्मा को शांति मिले। दिलीप दोशी के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। बिशन सिंह बेदी के संन्यास के बाद 1979 में दोशी ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और 1983 तक कुल 33 मैच खेले और 114 विकेट हासिल किये। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और चयनकर्ता सुनील जोशी ने ट्वीट किया अब भी यकीन नहीं हो रहा है, हमने पिछले बुधवार को ही बात की थी और वह ठीक लग रहे थे। दिलीप दोशी सर के निधन से दिल टूट गया है। वह मैदान पर महान खिलाड़ी थे और मैदान के बाहर सच्चे सज्जन व्यक्ति थे। वह मेरे लिए बहुत मायने रखते थे और यह क्षति बेहद निजी है। दोशी परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने कहा, दिलीप भाई के निधन के बारे में सुनकर दिल टूट गया। भगवान उनके परिवार और दोस्तों को इस दुख को सहने की शक्ति दे। नयन (दोशी के पुत्र) तुम्हारे बारे में सोच रहा हूं दोस्त। पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने लिखा, दिल टूट गया है और मैं अब भी दिलीप अंकल के निधन से सदमे में हूं। वह वाकई बहुत खास थे। पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा, यह बड़ा सदमा है। भारत के दिग्गज क्रिकेटर दिलीप दोशी का 77 साल की उम्र में लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। भगवान उनके परिवार और करीबी लोगों को इस दुख से उबरने की शक्ति दे। उनकी आत्मा को शांति मिले। पूर्व क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा और हरभजन सिंह ने भी दोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की। ओझा ने कहा दिलीप दोशी सर के निधन की खबर सुनकर दुख हुआ।

# इंटर मियामी व पाल्मेरास क्लब विश्व कप के अगले दौर में

एजेंसी



मियामी गार्डन्स (अमेरिका)। पाल्मेरास ने हार्ड रॉक स्टेडियम में इंटर मियामी के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला जिससे दोनों टीम क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रही। दोनों टीमों के लिए मैच का ड्रॉ होना ही नाकआउट दौर में पहुंचने के लिए पर्याप्त था। दोनों टीमों ने ग्रुप ए में चार-चार अंक लेकर अगले दौर में कदम रखा। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी इस मैच में कोई कमाल नहीं दिखा पाए। उन्होंने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए। इसके बावजूद एक समय लग रहा था कि इंटर मियामी 16वें मिनट में तादेओ अलेंदे और 65वें मिनट में अनुभवी लुइस सुआरेज़ के गोल की मदद से 2-0 की बढ़त लेने के बाद जीत हासिल करने में सफल रहेगा। लेकिन ब्राज़ील के क्लब पाल्मेरास ने 80वें मिनट में पॉलिन्हो के गोल तथा नियमित समय समाप्त होने से कुछ मिनट पहले मौरिसियो के गोल की मदद से मैच ड्रॉ कराकर अंतिम 16 में अपनी जगह सुनिश्चित की।

**पीएसजी क्लब विश्व कप के अंतिम 16 में, एटलेटिको मैड्रिड बाहर**

सिएटल। यूरोप के शीर्ष क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने सिएटल साउंडर्स को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया।

सोमवार की रात को खेले गए मैच में पीएसजी ने 35वें मिनट में पहला गोल किया, जब विटिना का शॉट नेट से काफी दूर जाकर टीम के साथी ख्विचा क्वारात्शेलिया से टकराया और डिफ्लेक्ट होकर गोल के अंदर चला गया। चैंपियंस लीग के चैंपियन की तरफ से अशरफ हकीमी ने 66वें मिनट में दूसरा गोल किया। इस जीत से पीएसजी ग्रुप बी में गोल अंतर के आधार पर शीर्ष पर रहकर अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहा। इस ग्रुप में शामिल यूरोप की एक अन्य टीम एटलेटिको मैड्रिड को बोटाफोगो पर ।-0 से जीत के बावजूद बाहर का रास्ता देखना पड़ा। बोटाफोगो इस मैच में पराजय के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रहा। तीनों टीम ने ग्रुप चरण का समापन दो जीत और एक हार के साथ किया, लेकिन आठ दिन पहले टूर्नामेंट के पहले मैच में एटलेटिको को पीएसजी से 4-0 से मिली करारी हार भारी पड़ गई।

# कोच पद के लिये बारंबार अनदेखी से खफा ओलंपिक पदक विजेता विजय

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ द्वारा राष्ट्रीय कोच के पद के लिये बारंबार अनदेखी से आहत ओलंपिक रजत पदक विजेता विजय कुमार ने महासंघ अध्यक्ष को पत्र लिखकर उनकी असंख्य उपलब्धियों पर गौर करके भावी पीढी के निशानेबाजों को तैयार करने का मौका देने का अनुरोध किया है।

लंदन ओलंपिक 2012 के रजत पदक विजेता पिस्टल निशानेबाज विजय ने कहा कि कई ऐसे कोचों को नियुक्त किया गया है जिनके पास अंतरराष्ट्रीय अनुभव या प्रदर्शन नहीं है लेकिन योग्यता के बावजूद उनकी अनदेखी की जा रही है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव ने हालांकि कहा कि उन्हें विजय के पत्र की कोई जानकारी नहीं है और वह योग्य दावेदार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एशियाई चैम्पियनशिप (कजाखस्तान, 16 से 30 अगस्त) के बाद कोचों की नियुक्ति की फिर से समीक्षा की जायेगी। कलिकेश ने पीटीआई से कहा, हम कुछ नये कोचों को नियुक्त करेंगे और कुछ पुराने कोचों को बाहर करेंगे। एनआरएआई ने फरवरी में तीन दर्जन कोचों और हाइ परफॉर्मेंस विशेषज्ञों की नियुक्ति की जिनमें जसपाल राणा और दीपाली देशपांडे शामिल हैं लेकिन विजय का नाम नहीं है। विजय ने पत्र में कहा फरवरी 2025 में भारतीय निशानेबाजी टीम के पिस्टल कोच के पद के लिये चयन समिति द्वारा उपेक्षा किये जाने के बाद मैंने आपको पत्र लिखा है। आपने मुझे आश्वासन दिया था कि उस फैसले की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने आगे लिखा मैने एनआरएआई महासचिव और चयन समिति के सदस्यों से भी यह जानने की कोशिश की कि मेरा चयन क्यों नहीं हुआ लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। हिमाचल प्रदेश में पुलिस उप अधीक्षक के पद पर तैनात विजय ने कहा भारत के लिये मेरी उपलब्धियां अपार हैं और अगली पीढी के निशानेबाजों को तैयार करना मेरा फर्ज है। ओलंपिक पदक जीतने और अन्य शीर्ष स्पर्धाओं में अच्छे प्रदर्शन के लिये प्रतिभा के साथ मानसिक तैयारी भी जरूरी है जिसमें मैं मदद कर सकता हूं।

उन्होंने कहा कुछ बेहतरीन कोचों की नियुक्ति भी हुई है लेकिन चयन समिति ने ऐसे उम्मीदवारों को भी चुना है जिनकी कोई उपलब्धि नहीं है और जिनका डोपिंग या अनुशासनहीनता का इतिहास रहा है। मैं आपसे इस मामले में दखल देने का अनुरोध करता हूं ताकि मुझे वही बर्ताव किया जाये जिसका एक ओलंपिक पदक विजेता हकदार होता है।

# उत्तर प्रदेश में पहली बार होगी 'यूपी प्रो हैंडबॉल लीग'

खेल संवाददाता




लखनऊ। आईपीएल की तर्ज पर अब उत्तर प्रदेश में भी प्रोफेशनल हैंडबॉल लीग की शुरूआत होने जा रही है और खास बात ये है कि इस लीग में लखनऊ की भी टीम होगी। यूपी प्रो हैंडबॉल लीग का पहला संस्करण इस वर्ष दिसंबर में नोएडा में आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रदेश की यह पहली आधिकारिक हैंडबॉल लीग दस दिवसीय होगी जिसमें कुल 39 मुकाबले खेले जाएंगे। इस संबंध में आयोजित एक प्रेस वार्ता में हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय (महासचिव, साउथ एशियन हैंडबॉल फेडरेशन) और उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी महासचिव अमित पाण्डेय ने जानकारी दी कि इस लीग के पहले संस्करण में लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, अयोध्या, मेरठ और नोएडा समेत कुल आठ टीमें हिस्सा लेंगी। इन टीमों में मुख्यतः यूपी के खिलाड़ी होंगे। प्रत्येक टीम में 18 खिलाड़ी होंगे, जिनमें से 15 खिलाड़ी उत्तर प्रदेश के होंगे जबकि दो खिलाड़ी अन्य राज्यों से और एक खिलाड़ी टीम मालिक की पसंद का होगा। डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि हैंडबॉल की लोकप्रियता देश में तेजी से बढ़ रही है। इस खेल में लीग का आगाज प्रीमियर हैंडबॉल लीग के तौर पर हो चुका है। उसी तर्ज पर यूपी में लीग का आयोजन काफी प्रशंसनीय है। इससे पूरे प्रदेश के खिलाड़ियों को एक नया प्रोफेशनल मंच मिलेगा।

- लखनऊ की टीम भी मैदान में उतरेगी
- दिसंबर में नोएडा में आयोजन, प्रदेश के खिलाड़ी दिखाएंगे दम

इससे न केवल उनकी प्रतिभा को पहचान मिलेगी, बल्कि उन्हें आर्थिक लाभ भी होगा। उन्होंने बताया कि विजेता टीम को 10 लाख रुपए, उपविजेता को 7 लाख रुपए और तीसरे व चौथे स्थान की टीमों को 2.5 लाख रुपए-2.5 लाख रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। अमित पाण्डेय ने बताया कि इस लीग के माध्यम से हैंडबॉल का रोमांच प्रदेश के कोने-कोने तक पहुँचाना और युवाओं को इससे जोड़ना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों का चयन अक्टूबर में लखनऊ में होने वाली नीलामी के माध्यम से किया जाएगा। नीलामी में करीब 120 खिलाड़ी शामिल होंगे और बेस प्राइस 20 हजार रुपए से शुरू होगा। हर टीम को 30 लाख रुपए का पर्स मिलेगा। लीग के हर मैच में दो हाफ होंगे, प्रत्येक 30 मिनट का, और उनके बीच 10 मिनट का ब्रेक होगा। कुल 39 मैच खेले जाएंगे और प्रतिदिन चार मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। यह पूरी लीग 100 स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड की देख रेख में होगी। लीग संयोजक पप्पल गोस्वामी ने बताया कि कि इस लीग को बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा और हमारी योजना है कि इसका अगला संस्करण लखनऊ में कराया जाए ताकि यहां के खेल प्रेमियों को भी लीग का रोमांच घर बैठे देखने को मिले। उन्होंने बताया कि इस लीग की लागत कुल ढाई करोड़ रुपए होगी। इस अवसर पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के संयुक्त सचिव डा.सुमंत पाण्डेय, राष्ट्रीय हैंडबॉल कोच मो.तौहीद व अन्य मौजूद थे।

# एआईटीए ने अध्यक्ष की विदेशी यात्राओं पर एक करोड़ किया खर्च : चटर्जी

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की वित्त समिति के सदस्य हिरण्मय चटर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि टेनिस संघ ने अध्यक्ष अनिल जैन की विदेश यात्राओं पर गलत तरीके से एक करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए जिसमें उनकी पत्नी के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए कुछ यात्राएं भी शामिल हैं। इन आरोपों को जैन ने यह कहकर नकार दिया कि वह पत्नी के साथ यात्रा करने के पात्र हैं। चटर्जी ने यह भी कहा कि एआईटीए के अध्यक्ष ने सितंबर 2024 के चुनावों से पहले सदस्यों के खिलाफ काम किया जिससे संबद्ध इकाइयों को पिछले साल उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर होना पड़ा। एआईटीए के खेल उपाध्यक्ष की भी भूमिका निभाने वाले चटर्जी ने कहा कि मई 2022 में वित्त समिति ने पदाधिकारियों के विदेश दौरों के लिए भत्ते में वृद्धि की लेकिन इसे कभी भी कार्यकारी समिति की मंजूरी नहीं मिली। चटर्जी ने हालांकि मैं सदस्य हूं लेकिन मुझे उस बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने पूर्व और वर्तमान अध्यक्षों तथा महासचिवों के लिए एकमुश्त राशि बढ़ाकर 700 डॉलर प्रतिदिन कर दी। होटल की सुविधा दिए जाने वाले स्थानों पर यह राशि 300 डॉलर तय की गई।

# एलिसा हीली की नजरें लगातार दो विश्व कप पर

एजेंसी




सिडनी। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने आगामी एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि लगातार चोटिल होने के कारण उनकी कम से कम 2026 में भारत के खिलाफ श्रृंखला तक खेलने की भूख और बढ़ गई है। पैंतीस साल की विकेटकीपर-बल्लेबाज हीली पिछले साल से ही लगातार चोटों से जूझ रही हैं जिसमें टी20 विश्व कप के दौरान उनके पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर भी शामिल है। इसके बाद घुटने की समस्या के कारण उन्हें कई मैचों से बाहर होना पड़ा। हीली ने स्वीकार किया कि उन्होंने शुरू में इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने के बारे में सोचा था लेकिन अब उनका नजरिया बदल गया है। हीली ने ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस (एएपी) से कहा, शायद यह (संन्यास लेने की तारीख) थोड़ी बदल गई है। इसने (चोटों ने) मुझे एहसास दिलाया है कि मैं अब भी शायद जितना सोचा था, उससे थोड़ा अधिक करना चाहती हूं। हालांकि वह ऑस्ट्रेलिया की घरेलू मैदान पर एशेज जीत के दौरान कुछ मैच खेलीं लेकिन न्यूजीलैंड के दौरे और भारत में महिला प्रीमियर लीग में भाग नहीं ले पाईं। हीली ने कहा कभी-कभी जीवन में ऐसी चीजें होती हैं जो हरे और सुनहरे रंग की जर्सी पहनने से थोड़ी अधिक महत्वपूर्ण होती हैं। इसलिए यह सिर्फ लगातार आकलन है। उन्होंने कहा, लेकिन इस समय मैं निश्चित रूप से स्वदेश में गर्मियों में खेलना चाहती हूं। मैं विश्व कप घर लाना चाहती हूं लेकिन भारत के खिलाफ (2026 में घरेलू मैदान पर) भी खेलना चाहती हूं।

- 2026 में भारत के खिलाफ श्रृंखला जीतने पर

# भारत टैरिफ किंग नहीं : सीतारमण

## अमेरिका, यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते जल्द संपन्न होंगे


नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को इस आरोप को खारिज कर दिया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बार-बार भारत को बहुत अधिक शुल्क वाला देश बताया है। ट्रंप ने भारत को टैरिफ किंग और शुल्क व्यवस्था का बड़ा दुरुपयोग करने वाला कहा था।

वर्ष 2030 तक 2,000 अरब अमेरिकी डॉलर के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए निर्यात को बढ़ावा देने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार देशों के ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) ब्लॉक के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर कर लिए हैं और ब्रिटेन के साथ बातचीत पूरी हो चुकी है। वित्त मंत्री ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ बातचीत वास्तव में बेहद तेजी से जारी है और जल्द ही निष्कर्ष पर पहुंच जाएगी। इंडिया एक्जिम बैंक द्वारा यहां आयोजित व्यापार सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि अब अधिक मुक्त व्यापार समझौते करने पर जोर दिया जा रहा है। देश के निर्यात का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में वस्तुओं एवं सेवाओं का



कुल निर्यात 825 अरब अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो 2023-24 की तुलना में छह प्रतिशत की वृद्धि है। उन्होंने कहा कि जहां वैश्विक निर्यात में केवल चार प्रतिशत की वृद्धि हुई, वहीं भारत के निर्यातक व्यापार मोर्चे पर वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद तेजी से आगे बढ़ने और 6.3 प्रतिशत की वृद्धि को पार करने में सफल रहे हैं। उन्होंने निर्यातकों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए उनसे आग्रह किया कि वे नवोन्मेषण पर ध्यान केंद्रित करें तथा अपने उत्पादों के लिए नए बाजार तलाशें। भारत की वृद्धि संभावनाएं उज्ज्वल बनी हुई हैं, जबकि विश्व अर्थव्यवस्था भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और इससे उत्पन्न चुनौतियों से परेशान है। वैश्विक स्तर पर तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत दुनिया में उम्मीद की किरण बना हुआ है। भारत का निर्यात जिसे वाणिज्य मंत्रालय वैश्विक मूल्य श्रृंखला से जोड़ने के कई प्रयास कर रहा है.. वह चुनौतियों के बावजूद अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि दवा तथा रत्न एवं आभूषण क्षेत्रों से निर्यात में जुझारूपन देखने को मिल रहा है। इसमें वित्त मंत्रालय नीति, योजनाओं और वित्तीय सहायता के माध्यम से समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी वित्तीय प्रणालियां पर्याप्त पूंजी और कम गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के साथ मजबूत बनी हैं। उन्होंने कहा कि इससे भारत की वित्तीय जरूरतों को मजबूत समर्थन मिलता है। वित्त मंत्री ने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बढ़ाने के लिए 2025-26 के बजट में शुल्क दरों की संख्या घटाकर आठ कर दी गई। सीतारमण ने फरवरी के बजट में सात शुल्क दरें हटा दी थीं। यह 2023-24 के बजट में हटाई गई सात शुल्क दरों के अलावा थी। जो लोग अब भी सोचते हैं कि भारत में शुल्क बहुत अधिक है, तो मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि शून्य दर सहित केवल आठ (शुल्क दरें) हैं। हमने विनिर्माण और मूल्य संवर्धन का समर्थन करने, निर्यात को बढ़ावा देने और व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए शुल्क में कटौती सहित कई सुधार किए हैं।

# चीन में एससीओ सम्मेलन में आतंकवाद के खिलाफ व्यापक सहयोग की वकालत करेंगे राजनाथ सिंह



नयी दिल्ली। पाकिस्तान के समर्थन से जारी सीमापार आतंकवाद के विरुद्ध भारत के कूटनीतिक प्रयासों की तर्ज पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को चीन के किंगदाओ में शुरू होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के दो दिवसीय सम्मेलन में आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रयास बढ़ाने पर जोर देंगे। सिंह सम्मेलन के लिए चीन के पूर्वी शांदोंग प्रांत के बंदरगाह शहर किंगदाओ की यात्रा कर रहे हैं, जहां क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है।

रक्षा मंत्री की आतंकवाद से निपटने के लिए अधिक क्षेत्रीय सहयोग का आह्वान करने की योजना, पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा पाकिस्तानी क्षेत्र में नौ आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए जाने के लगभग डेढ़ महीने बाद सामने आई है। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध के बाद संबंधों में गंभीर तनाव पैदा होने के बाद से यह किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की चीन की पहली यात्रा है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी एससीओ के शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा कर रहे हैं। सिंह के आधिकारिक वक्तव्य के अनुसार, सिंह के एससीओ के सिद्धांतों के प्रति भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करने, वृहद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा प्राप्त करने की दिशा में भारत के दृष्टिकोण पर जोर देने और क्षेत्र में आतंकवाद और उग्रवाद को खत्म करने के लिए संयुक्त और सतत प्रयासों का आह्वान करने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि रक्षा मंत्री एससीओ के भीतर अधिक व्यापार, आर्थिक सहयोग और संपर्क की आवश्यकता पर भी जोर दे सकते हैं। वह चीन और रूस सहित कुछ साझेदार देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत क्षेत्र में बहुपक्षवाद, राजनीतिक, आर्थिक और लोगों के बीच आपसी संपर्क को बढ़ावा देने में एससीओ को विशेष महत्व देता है। इसमें कहा गया है कि एससीओ संप्रभुता, राष्ट्रों की क्षेत्रीय अखंडता, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने, आपसी सम्मान, समझ और सभी सदस्य देशों की समानता के सिद्धांतों के आधार पर अपनी नीति का पालन करता है।

## संक्षेप

### बेहिसाब नकदी बरामद होने पर प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज की गयी : संसदीय समिति

नयी दिल्ली। मंगलवार को संसदीय समिति की बैठक में कई सांसदों ने पूछा कि यहां एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आवास से बेहिसाब नकदी बरामद होने के मामले में कोई प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज की गई? समिति ने न्याय विभाग से इस मामले पर एक विस्तृत नोट भी तैयार करने को कहा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सांसदों ने न्यायाधीशों के लिए एक आचार संहिता की भी मांग की तथा कहा कि उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के बाद पांच वर्ष की अवधि तक कोई सरकारी कार्यभार नहीं लेना चाहिए। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी संसदीय समिति की बैठक के दौरान विभिन्न दलों के सांसदों ने इस मुद्दे को उठाया तथा विधि एवं न्याय मंत्रालय से कई प्रश्न पूछे कि न्यायपालिका से संबंधित उठाए गए मामलों में वह क्या कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि न्याय विभाग के सचिव, जिन्होंने उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता और न्यायाधीशों द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद कार्यभार संभालने के मुद्दों से संबंधित न्यायिक प्रक्रियाएं और उनमें सुधार पर प्रस्तुति दी थी, को उठाए गए मुद्दों पर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करने और समिति की अगली बैठक में इसे प्रस्तुत करने के लिए कहा।

# उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को राष्ट्र निर्माण से जुड़ा एक मिशन करार दिया

मुजफ्फरपुर (बिहार)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति को एक सभ्यतागत पुनर्जागरण और भारत को एक अकादमिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने की दिश में राष्ट्र-निर्माण से जुड़ा मिशन करार दिया।

उत्तर बिहार के शहर मुजफ्फरपुर में एक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने कहा कि 2020 में बनाई गई नीति कुशल पेशेवरों, संतुष्ट नागरिकों, नौकरी का सृजन करने वालों को तैयार करने और इस राष्ट्र में हम जो चाहते हैं, उसे सही रूप से प्रतिबिंबित करने का प्रयास करती है। उन्होंने मुजफ्फरपुर स्थित एल एन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की भी सराहना की, जिसने भारतीय ज्ञान परंपरा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का परिप्रेक्ष्य नामक विषय चुना। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वैदिक सिद्धांत के अनुसार ज्ञान मुक्ति का मार्ग है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत में शिक्षा हमेशा मूल्य-आधारित रही है, यही कारण है कि इसका कभी व्यावसायीकरण नहीं हुआ या इसे वस्तु या उत्पाद के रूप में पेश नहीं किया गया। धनखड़ ने धरती की प्राचीन विरासत को नमन किया।

# ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेना, छूट का आधार नहीं



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को दहेज के लिए पत्नी की हत्या के मामले के एक दोषी को आत्मसमर्पण की छूट देने से इनकार करते हुए मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने से आपको घर पर अत्याचार करने की छूट नहीं मिल जाती है।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। उच्च न्यायालय ने व्यक्ति की अपील को खारिज करते हुए उसकी सजा को बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने शुरू में व्यक्ति को छूट देने में अनिच्छा व्यक्त की। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने कहा कि व्यक्ति ने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लिया था। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्ष से मैं राष्ट्रीय राइफल्स में ब्लैक कैट कमांडो के रूप में तैनात हूं। तब पीठ ने कहा कि इससे आपको घर पर अत्याचार करने की छूट नहीं मिल जाती है। यह दर्शाता है कि आप शारीरिक रूप से कितने फिट हैं, और आप अकेले किस तरह से अपनी पत्नी को मार सकते थे, अपनी पत्नी का गला घोंट सकते थे। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराया गया था, इसलिए उसे छूट देने के लिए यह उपयुक्त मामला नहीं है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने मामले में नोटिस जारी किया और प्रतिवादियों से छह सप्ताह में जवाब मांगा। जुलाई 2004 में अमृतसर की एक निचली अदालत ने याचिकाकर्ता बलजिंदर सिंह को उसकी शादी के दो साल के भीतर अपनी पत्नी की मौत के लिए भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304-बी (दहेज हत्या) के तहत दोषी ठहराया था। महिला को दहेज के लिए उसके ससुराल में उत्पीड़न और क्रूरता का सामना करना पड़ा।

# भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी कर्मचारियों को बनाया जा रहा निशाना

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि राज्य के बांग्ला भाषी लोगों को भाजपा शासित कुछ राज्यों में बांग्लादेशी करार दिया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

बनर्जी ने विधानसभा कक्ष में संवाददाताओं से कहा कि उनके पास सूचना है कि वैध दस्तावेज दिखाने के बावजूद बांग्ला भाषी 300-400 प्रवासी मजदूरों को राजस्थान में एक इमारत में बंधक बनाकर रखा गया है। उन्होंने कहा कि क्या रवींद्रनाथ टैगोर और स्वामी विवेकानंद जैसी महान विभूतियों की भाषा बांग्ला में बात करना अपराध है? मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस घटनाक्रम की जानकारी नहीं है। मैं उनका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगी। उन्होंने दावा किया कि राजस्थान के अलावा ऐसी घटनाएं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित दिल्ली और मध्यप्रदेश में भी पहले हो चुकी हैं। एक सवाल के जवाब में बनर्जी ने कहा कि मुख्य सचिव इस ताजा मुद्दे को राजस्थान में अपने समकक्ष के सामने उठा रहे हैं। नबन्ना (राज्य सचिवालय) के सूत्रों ने बताया कि यह घटना कथित तौर पर भिवाड़ी में हुई। उन्होंने कहा कि जहां तक मेरी जानकारी है, वर्ष 1971 तक जो भी भारत आया वह भारतीय नागरिक है। बनर्जी ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों के 1.5 करोड़ प्रवासी



श्रमिक बंगाल में विभिन्न इकाइयों में कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री ने सवाल किया, लेकिन हम कभी भी ऐसे कदम उठाने की कल्पना नहीं कर सकते जो भारत की बहुलतावाद की भावना के खिलाफ हो। क्या होगा यदि दूसरे राज्यों से आए प्रवासियों के खिलाफ उनकी मातृभाषा बोलने पर ऐसे कदम उठाए जाएं? क्या भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला बोलना अपवित्र माना जाता है? उन्होंने दावा किया कि दिल्ली विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में बांग्ला को वैकल्पिक भाषा के रूप में हटा दिया गया है तथा इस कदम पर गहरा खेद व्यक्त किया। बनर्जी ने सवाल किया, क्या अमित शाह के अधीन केंद्रीय गृह मंत्रालय बांग्ला भाषी प्रवासियों के खिलाफ इस अभियान से अनभिज्ञ है? मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल के लगभग 22 लाख प्रवासी श्रमिक वर्तमान में अन्य राज्यों में कार्यरत हैं। मैं अक्सर लोगों से यहीं रहकर काम करने का आग्रह करती हूं।

# राहुल के आरोपों पर फडणवीस ने किया पलटवार

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में मतदाता सूची में हेराफेरी के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों को लेकर उन पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि वह (गांधी) अंधाधुंध तीर चलाने से पहले अपनी पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों से बात करें। फडणवीस ने हिंदी के एक मुहावरे का इस्तेमाल कर गांधी के दावों को सिरे से खारिज करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि झूठ बोले कौवा काटे, काले कौवे से डरियो... राहुल गांधी, माना कि महाराष्ट्र की करारी हार की आपकी पीड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, लेकिन कब तक हवा में तीर चलाते रहेंगे?

मुख्यमंत्री ने गांधी के आरोपों का खंडन करते हुए विशिष्ट निर्वाचन क्षेत्रों का हवाला भी दिया, जहां मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई थी और कांग्रेस या उसके सहयोगी दल विजयी हुए थे। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में 25 से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच मतदाताओं की संख्या में आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई। फडणवीस ने उदाहरण देते हुए कहा कि मेरी अपनी दक्षिण पश्चिम सीट से लगे



पश्चिम मतदाताओं की संख्या में सात प्रतिशत (27,065) की वृद्धि हुई, और कांग्रेस उम्मीदवार विकास ठाकरे ने जीत हासिल की। उत्तर नागपुर में, सात प्रतिशत की वृद्धि (29,348 मतदाता) हुई, और कांग्रेस के नितिन राउत ने जीत हासिल की। राहुल गांधी की संवाद शैली पर कटाक्ष करते हुए फडणवीस ने सुझाव दिया कि कांग्रेस नेता को ट्वीट करने से पहले अपने पुराने सहयोगियों असलम शेख, विकास ठाकरे या नितिन राउत से बात करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि इस तरह, कम से कम कांग्रेस में संवाद के अभाव का इतना बुरा प्रदर्शन नहीं होता...। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) प्रसाद लाड ने भी गांधी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उनके दावे कांग्रेस के भीतर हताशा का परिणाम हैं।

इससे पहले, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पिछले साल हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की शुचिता को लेकर मंगलवार को एक बार फिर सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि प्रदेश में वोट की चोरी हुई है और इस बारे में जानकारी छिपाना ही इसकी स्वीकारोक्ति है। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग को डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज तत्काल जारी कर देनी चाहिए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या केवल पांच महीनों में आठ प्रतिशत बढ़ गई।

## इंटरटेनमेंट...

# आमिर खान ने बताई धूम 3 की ओरिजनल कहानी

मुंबई। आमिर खान ने फिल्म धूम 3 में डबल रोल निभाया था। इस फिल्म में उनके अपोजिट कटरीना कैफ नजर आई थीं। अब हाल ही में आमिर ने फिल्म की कहानी के बारे में बात की। आमिर खान ने मैशबेल इंडिया से बातचीत में कहा, फिल्म में एक बेहद जरूरी किरदार होना चाहिए था, जो आखिरी वक्त में मेकर्स के कहने पर हटा दिया गया। यह किरदार अभिषेक बच्चन यानी कि जय दीक्षित की वाइफ स्वीटी का था, जो पहले दो पार्ट में रिमी सेन ने निभाया था। धूम का गाना शिकदुम शिकदुम अभिषेक बच्चन और रिमी सेन पर फिल्माया गया था

**अभिषेक की ऑनस्क्रीन पत्नी का रोल हटाया गया, होता तो फिल्म और बड़ी ब्लॉकबस्टर होती**




कहानी में जय दीक्षित और स्वीटी की तलाक की बात दिखाई जानी थी। कहानी में दिखाया जाना था कि स्वीटी का कहना है कि जय अपनी ड्यूटी में इतना बिजी रहता है कि वह परिवार को टाइम नहीं दे पाता है, इसी कारण वह उससे तलाक मांगती। हालांकि, जय पत्नी से एक आखिरी मौका मांगता और दोनों फिर हनीमून पर जाने का फैसला करते, ताकि उनके रिश्ता बच सके। आमिर ने कहा, कहानी में आगे जब जय अपनी पत्नी के साथ हनीमून के लिए निकलने वाला होता है, तभी कमिश्नर का फोन आ जाता और वह उसे तुरंत शिकागो किसी जरूरी केस के लिए जाने को कहते हैं। जय स्वीटी को साथ ले जाने और वहां मामला सुलझाने के लिए मना लेता है। फिल्म में इससे स्वीटी और जय के रिश्ते को आगे बढ़ता हुआ दिखाया जाना था।

# एफडब्ल्यूआईसीई ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

मुंबई। एक्टर-सिंगर दिलजीत दोसांझ फिल्म सरदार जी-3 में पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर के साथ काम करने पर विवादों से घिर गए हैं। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने इम्प्लॉइज (एफडब्ल्यूआईसीई) ने दिलजीत दोसांझ, प्रोड्यूसर गुनीर सिंह सिद्धू, मनमॉर्ड सिद्धू, और डायरेक्टर अमर हुंदल को देशद्रोही बताते हुए उन्हें इंडस्ट्री से बैन करने की मांग की है। एफडब्ल्यूआईसीई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव से इन चारों के पासपोर्ट जब्त करने और इनकी भारतीय नागरिकता रद्द करने की अपील की है।

**हानिया आमिर के साथ काम करने को लेकर दिलजीत का पासपोर्ट और नागरिकता रद्द करने की मांग की**

संगठन का कहना है कि इन लोगों ने न सिर्फ देश की भावनाओं का अपमान किया है, बल्कि पाकिस्तानी कलाकारों पर लगाए गए बैन का भी खुला उल्लंघन किया है। एफडब्ल्यूआईसीई ने कहा कि हानिया आमिर केवल एक विदेशी कलाकार नहीं हैं, बल्कि वह भारत विरोधी विचारों को बढ़ावा देने के लिए जानी जाती हैं। वह सोशल मीडिया पर भारतीय सेना का मजाक बना चुकी हैं और पाकिस्तान के आतंकी हमलों को सही ठहराने की कोशिश कर चुकी हैं।

# सिंगर बी-प्राक ने दिलजीत दोसांझ पर कसा तंज !

मुंबई। पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर के साथ फिल्म सरदार जी 3 करने पर दिलजीत दोसांझ विवादों से घिर गए हैं। 23 जून को फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया है, जिसके बाद फिल्म फेडरेशन ने दिलजीत पर बैन लगा दिया है। कई लोग सिंगर और एक्टर की जमकर आलोचना कर रहे हैं। इसी बीच अब पॉपुलर सिंगर बी-प्राक ने बिना नाम लिए दिलजीत दोसांझ पर तंज कसा है।



बी-प्राक ने मंगलवार सुबह अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक स्टोरी पोस्ट की है, जिसमें लिखा था- 'कई आर्टिस्ट्स अपना जमीर ही बेच चुके हैं। सिंगर ने भले ही अपनी पोस्ट में सीधे शब्दों में फिल्म या दिलजीत का जिक्र नहीं किया है, हालांकि उनकी पोस्ट को विवाद से जोड़कर ही देखा जा रहा है। बताते चलें कि दिलजीत दोसांझ ने 23 जून को सोशल मीडिया पर फिल्म सरदार जी 3 का ट्रेलर शेयर किया था।

# रोनित रॉय ने ठुकराया 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी-2'

**मुंबई**। एक समय के मशहूर टीवी शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी की जल्द ही टीवी पर नए सीजन के साथ वापसी होने वाली है। सो की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। कुछ समय पहले ही प्रोड्यूसर एकता कपूर ने इस सिलसिले में स्मृति ईरानी से मुलाकात भी की थी। हालांकि शो में मिहिर वीरानी का लीड रोल करने वाले एक्टर रोनित रॉय ने शो का ऑफर ठुकरा दिया है। इस बात का खुलासा खुद रोनित ने किया है। हाल ही में ई-टाइम्स को दिए दिए इंटरव्यू में रोनित रॉय ने शो की वापसी पर कहा है, मुझे खुशी है कि वो क्योंकि

**लंबे समय तक टीवी पर बने रहने के खिलाफ, जहां हूं, वहीं खुश हूं**

सास भी कभी बहू थी को वापस लाने का प्लान कर रहे हैं। लेकिन अफसोस कि ये मेरे लिए कारगर नहीं रहा। ये एक ऐसा शो है जो मेरे दिल के बेहद करीब है। मैंने अपनी जिंदगी के 8 साल इस शो में काम किया है। मैं मेकर्स और सभी कलाकारों और क्रू मेंबर्स को शुभकामनाएं देता हूं। इसे देखने के लिए एक्साइटेड हूं। आगे रोनित रॉय ने शो ठुकराने पर कहा, मैं लंबे समय तक शो करने या लंबे समय तक टीवी पर बने रहने के खिलाफ हूं। जैसा कि मैंने बताया है कि टीवी



पर अभी भी बहुत कुछ होना बाकी है। जब मैंने शुरूआत की थी तब से 25 साल बीत चुके हैं और दुनिया काफी बदल चुकी है। टीवी के संबंध में कुछ चीजों को ठीक करने की जरूरत है। इसलिए एक बार ऐसा होने के बाद ही मैं वापस आऊंगा। जब तक, मैं जहां हूं वहीं खुश हूं। 8 जून को स्मृति ईरानी और अमर उपाध्याय ने शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 की प्रोड्यूसर एकता कपूर से मुलाकात की है।






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com